तेजस्काय और वायुकाय में २६ बोल पाये जाते हैं। दो समवसरण (अक्रियावादी, अज्ञानवादी) पाये जाते हैं। एक तिर्यंचगति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं।

तीन विकलेन्द्रिय में ३१ बोल पाये जाते हैं। दो समवसरण (अक्रियावादी, अज्ञानवादी) पाये जाते हैं। समदृष्टि और तीन ज्ञान (दो ज्ञान, एक समुच्चय ज्ञान, में आयुष्य का अबंध होता है। नियमा भव्य होते हैं। बाकी २७ बोलों में मनुष्यगति और तिर्यंचगति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य और अभव्य दोनों होते हैं।

तिर्यंचपंचेन्द्रिय में ४० बोल पाये जाते हैं। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़कर) पाये जाते हैं। चारों ही गति का आयुष्य बांधते हैं, भव्य, अभव्य दोनों होते हैं। मिश्रदृष्टि में दो समवसरण (अज्ञानवादी, विनयवादी) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबन्ध होता है। नियमा भव्य होते हैं। समदृष्टि और चार ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। वैमानिक देवता का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या में ४ समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी में आयुष्य का अबंध होता है। नियमा भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण में चारों गति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं। तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या में ४ समवसरण पाये जाते हैं। क्रियावादी वैमानिक देवता का आयुष्य बांधते हैं। भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण तीन गति का (नारकी को छोड़ कर) आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं। बाकी २२ बोलों में चार समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी वैमानिक का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते

अयन का १ संवत्सर, पांच संवत्सर का १ युग, बीस युग के १०० वर्ष, दस सौ वर्षों का एक हजार वर्ष, सौ हजार वर्षों का एक लाख वर्ष, ८४ लाख वर्षों का एक पूर्वाङ्ग।* पूर्व, त्रुटिताङ्ग त्रुटित, अडडाङ्ग अडड, अववांग, अवव, हूहूकांग, हूहूक, उत्पलांग, उत्पल, पद्मांग, पद्म, नलिनांग, नलिन, अर्थनिपूरांग, अर्थनिपूर, अयुतांग, अयुत, नयुतांग, नयुत, प्रयुतांग, प्रयुत, चूलिकांग, चूलिका, शीर्षप्रहेलिकांग, शीर्षप्रहेलिका। ऐसी अनंता शीर्षप्रहेलिका एक पुद्गलपरावर्तन में पूरी हो जाती हैं।

५ वर्ष (क्षेत्र) को वर्ष (क्षेत्र) की उपमा–(१)अनन्ता सूक्ष्म परमाणु इकट्ठे होवें तब एक बादर व्यवहारिया परमाणु होता है।(२) अनन्ता बादर परमाणु इकट्ठे होवें तब एक उष्णसेणिया होता है। (३) आठ उष्णसेणिया इकट्ठे होवें तब एक शीतसेणिया होता है।(४) आठ शीतसेणिया इकट्ठे होवें तब एक उड्ढरेणु (ऊर्ध्वरेणु) होता है। (५) आठ उड्ढरेणु इकट्ठे होवें तब एक त्रसरेणु होता है। (६) आठ त्रसरेणु इकट्ठे होवें तब एक रथरेणु होता है।(७) आठ रथरेणु इकट्ठे होवें तब देवकुरु, उत्तरकुरु के युगलिया का एक बालाग्र होता है। (८) देवकुरु, उत्तरकुरु के युगलियों के आठ बालाग्र इकट्ठे होवें तब हरिवास, रम्यक्वास के युगलियों का एक बालाग्र होता है। (९) हरिवास, रम्यक्वास के युगलियों के आठ बालाग्र इकट्ठे होवें तब हेमवय, हिरणवय के युगलियों का एक बालाग्र होता है। (१०) हेमवय, हिरणवय के युगलियों के आठ बालाग्र इकट्ठे होवें तब पूर्व

---

* ८४ लाख पूर्वाङ्ग का १ पूर्व, ८४ लाख पूर्व का १ त्रुटिताङ्ग, इसी तरह शीर्षप्रहेलिका तक ८४ लाख से गुना करते जाना चाहिए। शीर्षप्रहेलिका में एक सौ चौरानवे आंक होते हैं।

+ यहां काल का माप होने से भरत, ऐरवत मनुष्य के वालाग्र नहीं लिये गये हैं। जहां पर क्षेत्र (अवगाहना) का माप करना होता है, वहां पर भरत, ऐरवत मनुष्यों के वालाग्र लिए जाते हैं।

हैं। बाकी तीन समवसरण चारों गति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं।

मनुष्य में ४७ बोल पाये जाते हैं। जिनमें से १८ बोल तिर्यंच में कहे, उसी तरह से कह देने चाहिए। मनःपर्ययज्ञान और नोसंज्ञा में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। एक वैमानिक देवता का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। अवेदी, अकषायी, अलेशी, केवलज्ञानी और अयोगी में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। नियमा भव्य होते हैं। बाकी २२ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी वैमानिक देवता का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण चारों गति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं।

प्रथम (औघिक) उद्देशा सम्पूर्ण।

दूसरा, चौथा, छठा और आठवां–इन चार उद्देशों में ३२ बोलों में नारकी में जो ३५ बोल कहे गये हैं, उनमें से मनयोग, वचनयोग, मिश्रदृष्टि, ये तीन बोल कम कर देने चाहिए। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और चार ज्ञान (३ ज्ञान, १ समुच्चय ज्ञान) में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी २१ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

भवनपति और वाणव्यन्तर में ३४ बोल पाये जाते हैं (औघिक में ३७ बोल कहे उनमें से मनयोग, वचनयोग और मिश्रदृष्टि, ये तीन कम कर देने चाहिए)। उनमें से कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि, चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़ कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और चार

पश्चिम महाविदेहक्षेत्र के मनुष्यों का एक बालाग्र होता है।(११)+ पूर्व पश्चिम महाविदेहक्षेत्र के मनुष्यों के आठ बालाग्र इकट्ठे होवें तब एक लीक होती है।(१२) आठ लीक की जूं (यूका) होती है।(१३) आठ जूं का एक उत्सेध–अंगुल होता है।(१४) छह उत्सेध–अंगुल का एक पाउ होता है।(१५) बारह अंगुल की एक वेंत (वितस्ति–बिलांत) होती है।(१६) दो वेंत (चौबीस अंगुल) का एक हाथ होता है।(१७) दो हाथ (अड़तालीस अंगुल) की एक कुक्षि होती है।(१८) चार हाथ (९६ अंगुल) का एक धनुष होता है।(१९) दो हजार धनुष का एक गाउ (कोस) होता है।(२०) चार गाउ का एक योजन होता है।

जैसे–कल्पना कीजिये—चार कोस का लम्बा, चार कोस का चौड़ा और चार कोस का ऊंडा (गहरा) एक कुआ (कूप) हो। उसमें देवकुरु , उत्तरकुरु के एक दिन के जाव सात दिन के जन्मे हुए युगलियों के केशों के (बालाग्र के) असंख्याता खंड (टुकड़ा) करें, दृष्टिगोचर हों उससे असंख्यात गुणे छोटे, सूक्ष्म निगोद के अपर्याप्ता की अवगाहना से असंख्यातगुणे बड़े, बादर पृथ्वीकाय के पर्याप्त की अवगाहना जितने खंड करें। उन सूक्ष्म खंडों से उस कुए को ठसाठस भर दें। पांच उपमायें दी जाती हैं, उन उपमाओं करके सहित उस कुए को ठसाठस भर दें–(१) चक्रवर्ती की सेना उस भरे हुए कुए के ऊपर होकर निकल जाय तो जरा सा भी दबे नहीं (एक खंड भी मुचे नहीं)।(२) संवर्त्तक नाम का वायु चले तो एक खंड (टुकड़ा) भी उड़े नहीं।(३) पुष्करावर्त मेघ बरसे तो एक खंड भी भींजे नहीं।(४) गंगा, सिंधु नदी का पूर आवे तो एक खण्ड भी बहे नहीं।(५) महा दावानल (वनाग्नि) लगे तो एक खण्ड भी जले नहीं। इस प्रकार उस कुए को ठसाठस भर कर सौ, सौ वर्षों से एक, एक बालाग्रखंड निकाला जाय तो जितने काल में वह कुआ निर्लेपपणे (बिलकुल) खाली हो, उसको एक पल्योपम×

ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी २३ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

ज्योतिषी और पहले, दूसरे देवलोक में ३१ बोल पाये जाते हैं (औधिक में ३४ बोल कहे, उनमें से मनयोग, वचनयोग और मिश्रदृष्टि, ये तीन बोल कम कर देने चाहिए)। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़ कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और चार ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी २० बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

तीसरे देवलोक से बारहवें देवलोक तक ३० बोल पाये जाते हैं (औधिक में ३३ बोल कहे, उनमें से मनयोग वचनयोग और मिश्रदृष्टि, ये तीन कम देने चाहिए)। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और चार ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी १९ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

नव ग्रैवेयक में २८ बोल (औधिक में ३० बोल कहे, उनमें से मनयोग, वचनयोग, ये दो कम कर देने चाहिए) पाये जाते हैं। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और चार ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी १७ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

कहते हैं। ऐसे दस * कोडाकोड कुए खाली हों, उतने काल को एक सागरोपम कहते हैं। ऐसे चार कोडाकोडी सागर का पहला

× पल्योपम तीन प्रकार के होते हैं– १ उद्धारपल्योपम (२) अद्धापल्योपम (३) क्षेत्रपल्योपम।

प्रत्येक पल्योपम व्यवहारिक और सूक्ष्म के भेद से दो– दो प्रकार का है। व्यवहारिकपल्योपम की प्ररूपणा सूक्ष्मपल्योपम के स्वरूप को सुगमता पूर्वक समझाने के लिये की गई है। वैसे इसका कोई प्रयोजन नहीं है।

उद्धारपल्योपम

व्यवहारिक उद्धारपल्योपम—चार कोश लम्बा, चार कोश चौड़ा और चार कोश गहरा एक कुआ है। उस कुए को देवकुरु, उत्तरकुरु क्षेत्र के एक यावत् सात दिन के जन्मे हुए युगलियों के बालाग्रों से ऊपर लिखे अनुसार ठूंस –ठूंस कर भरा जाय। उस कुए में से एक–एक बालाग्र को एक–एक समय में निकालते–निकालते जितना काल सारे कुए के खाली होने में लगे, उतने कालपरिमाण को व्यवहारिक उद्धारपल्योपम कहा जाता है।

दस कोडाकोडी व्यवहारिक उद्धारपल्योपमों का एक व्यवहारिक उद्धारसागरोपम होता है।

सूक्ष्म उद्धारपल्योपम–उपर्युक्त परिमाण वाला कुआ पूर्वोक्त जुगलियों के बालाग्रों के असंख्यात–असंख्यात खंड करके उन बालाग्रों के खंडों से ऊपर लिखे अनुसार ठूंस–ठूंस कर भरा जाये। उस कुए में से बालाग्र के एक–एक खंड को एक–एक समय में निकालते निकालते सारे कुए के खाली होने में जितना काल लगे, उस कालपरिमाण को सूक्ष्म उद्धारपल्योपम कहते हैं।

दस कोडाकोडी सूक्ष्म उद्धारपल्योपमों का एक सूक्ष्म उद्धारसागरोपम होता है। ढाई सूक्ष्म उद्धारसागरोपमों में जितने समय होते है, उतने ही द्वीप, समुद्र हैं।

अद्धापल्योपम

व्यवहारिक अद्धापल्योपम—चार कोश लम्बे, चार कोश चौड़े और चार कोश गहरे कुए को देवकुरु उत्तरकुरु क्षेत्र के एक यावत् सात

पांच अनुत्तर विमान में २४ बोल (औघिक में २६ कहे, उनमें से मनयोग और वचनयोग, ये दो कम कर देने चाहिए) पाये जाते हैं। एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है।

पृथ्वीकाय, अप्काय और वनस्पतिकाय में २७ बोल पाये जाते हैं। तेजस्काय, वायुकाय में २६ बोल पाये जाते हैं। तीन विकलेन्द्रिय में ३० बोल (औघिक में ३१ कहे, उनमें से वचनयोग कम कर देना चाहिए) पाये जाते हैं। इनमें दो समवसरण (अक्रियावादी,अज्ञानवादी) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

तिर्यंचपंचेन्द्रिय में ३५ बोल (औघिक में ४० कहे गये हैं, उनमें से विभंगज्ञान, अवधिज्ञान, मिश्रदृष्टि, मनयोग, वचनयोग, ये ५ बोल कम कर देने चाहिए) पाये जाते हैं, उनमें से कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और तीन अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़ कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और तीन ज्ञान (मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, समुच्चयज्ञान) में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी २६ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

मनुष्य में ३६ बोल (औघिक में ४७ कहे गये हैं, उनमें से अलेशी, मिश्रदृष्टि विभंगज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान, नोसंज्ञा, अवेदी, अकषायी, मनयोगी, वचनयोगी, अयोगी, ये ११ बोल कम कर देने चाहिए) पाये जाते हैं। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और तीन अज्ञान (२ अज्ञान, १ समुच्चय अज्ञान) में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़ कर) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है। समदृष्टि और चार ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। आयुष्य का अबंध होता है। बाकी २६ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध होता है।

दिन के जन्मे हुए युगलियों के वालाग्रों से ऊपर लिखे अनुसार ठूंस ठूंस कर भरा जाय। उस कुए में से सौ, सौ वर्ष में एक, एक बालाग्र निकालते, निकालते सारे कुए के खाली होने में जितना समय लगे, उस कालपरिमाण को व्यवहारिक अद्धापल्योपम कहते हैं।

दस कोडाकोडी व्यवहारिक अद्धापल्योपमों का एक व्यवहारिक सागरोपम होता है।

सूक्ष्म अद्धापल्योपम–उपर्युक्त परिमाण वाले कुए को पूर्वोक्त जुगलियों के वालाग्रों के असंख्यात–असंख्यात खण्ड करके उन खंडों से ऊपर लिखे अनुसार ठूंस ठूंस कर भरा जाय। उस कुए में से वालाग्र के एक, एक खंड को सौ–सौ वर्षों में निकाला जाय। इस प्रकार निकालते–निकालते सारा कुआ जितने काल में खाली हो जाय, उतने कालपरिमाण को सूक्ष्म अद्धापल्योपम कहते हैं।

दस कोडाकोड़ी सूक्ष्म अद्धापल्योपमों का एक सूक्ष्म अद्धासागरोपम होता है।

सूक्ष्म अद्धापल्योपम और सूक्ष्म अद्धासागरोपम से चार गति के जीवों की आयु का माप किया जाता है।

क्षेत्रपल्योपम

व्यवहारिक क्षेत्रपल्योपम–चार कोश लम्बे, चार कोश चौड़े और चार कोश गहरे कुए को देवकुरु, उत्तरकुरु क्षेत्र के एक यावत् सात दिन के जन्मे हुए युगलियों के वालाग्रों से ऊपर लिखे अनुसार ठूंस– ठूंस कर भरा जाये। इस कुए में इन वालाग्रों से जो आकाशप्रदेश स्पृष्ट (फरसे हुए) हैं, उन आकाशप्रदेशों में से एक, एक आकाशप्रदेश को एक,एक समय में निकालते–निकालते जितने काल में ये सभी स्पृष्ट आकाशप्रदेश निकलें, उतने कालपरिमाण को एक व्यवहारिक क्षेत्रपल्योपम कहते हैं।

दस कोडाकोडी व्यवहारिक क्षेत्रपल्योपमों का एक व्यवहारिक क्षेत्रसागरोपम होता है।

सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपम—उपर्युक्त परिमाण वाला कुआ पूर्वोक्त युगलियों के वालाग्रों के असंख्यात, असंख्यात खंड करके ऊपर लिखे अनुसार ठूंस–ठूंस कर भरा जाये। इन वालाग्रखंडों से जो आकाशप्रदेश स्पृष्ट (फरसे हुए) हैं और जो अस्पृष्ट (फरसे हुए नहीं) हैं, उन सभी स्पृष्ट, अस्पृष्ट आकाशप्रदेशों

२–चौथी, पांचवीं, छठी नारकी में ८ उपयोग (पूर्ववत्) लेकर जाते हैं और ५ उपयोग लेकर निकलते हैं। (२ ज्ञान, २ अज्ञान, १ दर्शन–अचक्षुदर्शन =५)। = ८५

३–सातवीं नारकी में ५ उपयोग लेकर जाते हैं (३ अज्ञान, २ दर्शन–अचक्षु और अवधिदर्शन =५)। ३ उपयोग लेकर निकलते हैं (२ अज्ञान, १ अचक्षुदर्शन =३)। =५३

४–भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी में ८ उपयोग (पहली नारकीवत्) लेकर जाते हैं और ५ उपयोग (चौथी नारकीवत्) लेकर निकलते हैं। = ८५

५–पहले देवलोक से नव ग्रैवेयक तक में ८ उपयोग (पहली नारकीवत्) लेकर जाते हैं और ७ उपयोग (पहली नारकीवत्) लेकर निकलते हैं। = ८७

६–पांच अनुत्तरविमान में ५ उपयोग लेकर जाते हैं (३ ज्ञान, दो दर्शन–अचक्षु और अवधिदर्शन = ५)। ५ ही उपयोग लेकर निकलते हैं। = ५५

७–पांच स्थावर में ३ उपयोग लेकर जाते हैं (२ अज्ञान, १ अचक्षुदर्शन) और ३ ही उपयोग लेकर निकलते हैं। = ३३

८–तीन विकलेन्द्रिय में ५ उपयोग लेकर जाते हैं (२ ज्ञान, २ अज्ञान, १ दर्शन–अचक्षु = ५) और ३ उपयोग लेकर निकलते हैं (२ अज्ञान, १ अचक्षुदर्शन)। = ५३

९–तिर्यंचपंचेन्द्रिय में ५ उपयोग लेकर जाते हैं (२ ज्ञान, २ अज्ञान, १ दर्शन–अचक्षु) और ८ उपयोग (पहली नारकी में उत्पत्तिवत्) लेकर निलते हैं। = ५८

१०– मनुष्य में ७ उपयोग लेकर जाते हैं (३ ज्ञान, २ अज्ञान, २ दर्शन–अचक्षु, अवधिदर्शन =७) और ८ उपयोग (पहली नारकी में उत्पत्तिवत्) लेकर निकलते हैं। =७८

में से एक, एक आकाशप्रदेश एक, एक समय में निकाला जाय, इस प्रकार निकालते–निकालते सभी आकाशप्रदेशों से जितने काल में कुआ खाली हो, उतने कालपरिमाण को सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपम कहते हैं।

दस कोडाकोडी सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपमों का एक सूक्ष्म क्षेत्रसागरोपम होता है।

सूक्ष्म क्षेत्रपल्योपम और सूक्ष्म क्षेत्रसागरोपम द्वारा दृष्टिवाद के द्रव्यों का मान किया जाता है।

यहां पर शंका हो सकती है कि जब उपर्युक्त पल्य बालाग्रों के असंख्यात–असंख्यात खंड करके ठूंस ठूंस कर भरा हुआ है और छिद्र रहित है, फिर इसमें बालाग्र के खंड आकाशप्रदेश से अस्पृष्ट कैसे रह सकते हैं? इसके समाधान के लिये शास्त्रकार यह दृष्टान्त देते हैं। जैसे एक कोठा कोलों से भरा हुआ है किंतु उसमें बिजौरे भरे जायें तो समा जायेंगे, क्योंकि कोलों के बीच छिद्र रह जाते हैं। फिर इस कोठे में बिल्वफल भरे जायें तो वे भी समा जायेंगे, क्योंकि बिजौरों के बीच भी छिद्र रहे हुए हैं। इसी तरह इसमें आँवले भरे जायें तो वे भी समा जायेंगे क्योंकि बिल्वफलों के बीच जगह छूटी हुई है। इसी प्रकार भरे हुए उस कोठे में उत्तरोत्तर छोटी छोटी वस्तुएँ बेर, चने, मूंग, सरसों, गंगानदी की रेत भरी जाये तो वह भी समा जायेगी। इसी प्रकार बालाग्र के खंड बादर हैं और आकाशप्रदेश सूक्ष्म हैं। इसलिये आकाशप्रदेश बालाग्रों से अस्पृष्ट रह जाते हैं।

भगवतीसूत्र के छट्ठे शतक, सातवें उद्देशे में विदेहक्षेत्र के मनुष्यों के आठ बालाग्र की एक लीख बताई गई है और अनुयोगद्वारसूत्र में विदेह क्षेत्र के मनुष्यों के आठ बालाग्र का भरत ऐरवत क्षेत्र के मनुष्य का एक बालाग्र होता है और भरत ऐरवत क्षेत्र के मनुष्य के आठ बालाग्र की एक लीख होती है। चूंकि अद्धापल्योपम के पल्य का नाप भगवतीसूत्र– छठे शतक सातवें उद्देशे में बताये गये नाप से होता है और उद्धार और क्षेत्र पल्योपम का नाप अनुयोगद्वारसूत्र में बताये गये नाप से होता है, इसलिये अद्धापल्योपम उद्धार व क्षेत्र पल्योपम के आठवें भाग होता है।

* एक करोड़ को एक करोड़ से गुणा करने से जितनी संख्या आवे उसको कोडाकोडी कहते हैं।

१४. पुद्‌गलपरावर्तन का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक बारहवां, उद्देशा चौथा)

१. नामद्वार, २. अर्थ (गुण) द्वार, ३. संख्याद्वार, ४. काल को काल की उपमाद्वार, ५. वर्ष (क्षेत्र) को वर्ष (क्षेत्र) की उपमाद्वार, ६. पुद्‌गलपरावर्तन में पुद्‌गलपरावर्तनद्वार, ७. पुद्‌गलपरावर्तन के काल की अल्पाबोधद्वार, ८. अल्पबहुत्व (अल्पाबोध) द्वार।

१ नामद्वार–अहो भगवन्! पुद्‌गलपरावर्तन कितने प्रकार का है? हे गौतम! ७ प्रकार का है–१, औदारिकपुद्‌गलपरावर्तन, २, वैक्रियपुद्‌गलपरावर्तन, ३, तैजस्‌पुद्‌गलपरावर्तन, ४, कार्मणपुद्‌गलपरावर्तन, ५, मनपुद्‌गलपरावर्तन, ६, वचनपुद्‌गलपरावर्तन, ७, आनप्राण (श्वासोच्छ्‌वास) पुद्‌गलपरावर्तन।

२ अर्थ (गुण) द्वार–अहो भगवन्! औदारिकपुद्‌गलपरावर्तन किसको कहते हैं? हे गौतम! सर्व लोक के पुद्‌गल औदारिक शरीरपने ग्रहण करके छोड़ दिये, उसको औदारिकपुद्‌गलपरावर्तन कहते हैं। इसी तरह वैक्रियपुद्‌गल–परावर्तन यावत् श्वासोच्छ्‌वासपुद्‌गलपरावर्तन तक का अर्थ कह देना चाहिए।

३ संख्याद्वार–एक एक नारकी के नैरयिक ने सात वर्गणापने पुद्‌गलपरावर्तन कितने किये? हे गौतम! अतीत अनन्ता, पुरेक्खडा (भविष्यत्‌काल में) कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि १–२–३ जाव संख्याता, असंख्याता, अनन्ता। इसी तरह २३ दण्डक और कह देना। २४×७=१६८ अतीतकाल की अपेक्षा और १६८ आगामीकाल की अपेक्षा कुल ३३६ आलापक हुए।

अहो भगवन्! बहुत नारकी के नैरयिकों ने सात वर्गणापने पुद्‌गलपरावर्तन कितने किये? हे गौतम! अतीत अनन्ता, पुरेक्खडा

आरा, तीन कोडाकोडी सागर का दूसरा आरा, दो कोडाकोडी सागर का तीसरा आरा, एक कोडाकोडी सागर में ४२ हजार वर्ष कम चौथा आरा, २१ हजार वर्ष का पांचवां आरा, २१ हजार वर्ष का छठा आरा होता है। दस कोडाकोडी सागर की एक अवसर्पिणी और दस कोडाकोडी सागर की एक उत्सर्पिणी होती है। एक अवसर्पिणी और एक उत्सर्पिणी दोनों मिल कर एक कालचक्र होता है। ऐसे अनंत–कालचक्र एक पुद्गलपरावर्तन में पूरे हो जाते हैं।

६ पुद्गलपरावर्तन में पुद्गलपरावर्तनद्वार– (१) एक वैक्रियपुद्गलपरावर्तन में वचनपुद्गलपरावर्तन अनन्ता होते हैं।(२) एक वचनपुद्गलपरावर्तन में मनपुद्गलपरावर्तन अनन्ता होते हैं। (३) एक मनपुद्गलपरावर्तन में श्वासोच्छ्वासपुद्गलपरावर्तन अनन्ता होते हैं। (४) एक श्वासोच्छ्वासपुद्गलपरावर्तन में औदारिकपुद्गलपरावर्तन अनन्ता होते हैं। (५) एक औदारिकपुद्गलपरावर्तन में तैजस्पुद्गलपरावर्तन अनन्ता होते हैं। (६) एक तैजस्पुद्गलपरावर्तन में कार्मणपुद्गलपरावर्तन अनन्ता होते हैं।

७ पुद्गलपरावर्तन के काल की अल्पाबोधद्वार–सबसे थोड़ा कार्मणपुद्गलपरावर्तन का काल, उससे तैजस्पुद्गलपरावर्तन का काल अनन्तगुणा, उससे औदारिकपुद्गलपरावर्तन का काल अनन्तगुणा, उससे श्वासोच्छ्वासपुद्गलपरावर्तन का काल अनन्तगुणा, उससे मनपुद्गलपरावर्तन का काल अनन्तगुणा, उससे वचनपुद्गलपरावर्तन का काल अनन्तगुणा, उससे वैक्रियपुद्गलपरावर्तन का काल अनन्तगुणा।

८ अल्पाबोधद्वार–सबसे थोड़े वैक्रियपुद्गलपरावर्तन, उससे वचनपुद्गलपरावर्तन अनन्तगुणा, उससे मनपुद्गलपरावर्तन अनन्तगुणा, उससे श्वासोच्छ्वासपुद्गलपरावर्तन अनन्तगुणा, उससे

अनन्ता। इसीतरह २३ दण्डक और कह देना। २४×७=१६८। अतीतकाल की अपेक्षा १६८और आगामीकाल की अपेक्षा १६८, कुल ३३६ आलापक हुए। अहो भगवन्! एक एक नारकी के नैरयिक ने नारकी और १३ दंडक देवता, ये १४ दण्डकपने औदारिकपुद्गलपरावर्तन कितने किये? हे गौतम! अतीत नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि।

एक एक नारकी के नैरयिक ने दस दण्डक औदारिकपने औदारिकपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीत अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया*। एक-एक नारकी के नैरयिक ने १७ दण्डकपने वैक्रियपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीत अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक नारकी के नैरयिक ने ७ (३ विकलेन्द्रिय, ४ स्थावर) दण्डकपने वैक्रियपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि।

एक एक नारकी के नैरयिक ने २४ दण्डकपने तैजस्पुद्गलपरावर्तन, कार्मणपुद्गलपरावर्तन, श्वासोच्छ्वास-पुद्गलपरावर्तन कितने किये? हे गौतम! अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक नारकी के नैरयिक ने १६ दण्डकपने मनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक नारकी के नैरयिक ने ८ दण्डकपने मनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि। एक एक नारकी के नैरयिक ने १९ दण्डकपने वचनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ

*'एगोत्तरीया' शब्द का अर्थ एक दो तीन यावत् संख्याता असंख्याता अनन्ता है। अन्यत्र भी इसका यही अर्थ समझना चाहिये।

औदारिकपुद्गलपरावर्तन अनन्तगुणा, उससे तैजस्पुद्गलपरावर्तन अनन्तगुणा, उससे कार्मणपुद्गलपरावर्तन अनन्तगुणा।

१५, पुद्गलपरावर्तन का थोकड़ा

(छठा कर्मग्रन्थ)

पुद्गलपरावर्तन के चार भेद हैं---द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव। ४ सूक्ष्म और ४ बादर, इस तरह ८ भेद होते हैं।

१–द्रव्य से बादरपुद्गलपरावर्तन---सम्पूर्ण लोक के पुद्गल सात ही वर्गणापने ग्रहण किये जायें, एक परमाणुमात्र भी बिना ग्रहण किया हुआ न रहे। उसको द्रव्यबादरपुद्गलपरावर्तन कहते हैं। जैसे एक गुड़ की भेली के ७ मकोड़े लगे हुए हों, इसतरह लोक का पुद्गल १ गुड़ की भेली समान और ७ वर्गणा समान ७ मकोड़े।

२–द्रव्य से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन---सम्पूर्ण लोक के पुद्गल एक ,एक वर्गणापने क्रम से ग्रहण कियें जायें। इस तरह सात ही वर्गणापने ग्रहण किये जायें, उसको द्रव्य से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन कहते हैं। इसमें अनन्ता काल लगता है। जैसे गुड़ की ७ भेली के एक मकोड़ा लगा हो।

३–क्षेत्र से बादरपुद्गलपरावर्तन–जैसे कोई एक जीव बार–बार मर–मर कर सम्पूर्ण लोक के आकाशप्रदेशों को सात ही वर्गणापने जन्म–मरण करके स्पर्शे, एक भी प्रदेश खाली न रहे। उसको क्षेत्र से बादरपुद्गलपरावर्तन कहते हैं।

४–क्षेत्र से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन–इस जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत के बीचोंबीच ८ रुचकप्रदेश हैं। कोई जीव पहली बार पहले रुचक प्रदेश पर मरे, फिर दूसरी बार उसके पास के प्रदेश पर मरे (आगे, पीछे मरे, वह गिनती में न लिया जाय) इस तरह सम्पूर्ण लोक के

अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक नारकी के नैरयिक ने ५ दंडकपने (पांच स्थावर) वचनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि।

जिसतरह नारकी का दंडक कहा, उसी तरह १३ दंडक देवता के कह देना चाहिये।

एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदंडक के जीवों ने नारकी, देवता के १४ दंडकपने औदारिकपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदंडक के जीवों ने १० दंडक औदारिकपने औदारिकपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदंडक के जीवों ने १७ दंडकपने वैक्रियपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदंडक के जीवों ने ७ दंडकपने वैक्रियपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदंडक के जीवों ने २४ दंडकपने तैजस्पुद्गलपरावर्तन, कार्मणपुद्गलपरावर्तन, श्वासोच्छ्वासपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदंडक के जीवों ने १६ दंडकपने मनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदण्डक के जीवों ने ८ दण्डकपने मनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदण्डक के जीवों ने १९

प्रदेशों को एक-एक वर्गणापने क्रम से पूरा करे, उसको क्षेत्र से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन कहते हैं। इसमें अनंता काल लगता है।

५-काल से बादरपुद्गलपरावर्तन---जैसे बीस कोडाकोडी सागर का एक कालचक्र होता है। उसमें कोई जीव सातों ही वर्गणापने आगे, पीछे मर कर बीस कोडाकोडी सागर के समय को पूरा करे, कोई भी समय बाकी न रहे, उसको काल से बादरपुद्गलपरावर्तन कहते हैं।

६-काल से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन---जैसे बीस कोडाकोडी सागर का एक कालचक्र होता है। उसमें कोई जीव पहली वार कालचक्र के पहले समय में मरे, फिर दूसरे कालचक्र में दूसरे समय में मरे, (आगे, पीछे मरे वह गिनती में न लिया जाये)। इस प्रकार क्रम से मरता हुआ वह जीव बीस कोडाकोडी सागर के समय को पूरा करे, एक भी समय बाकी न रहे, उसको काल से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन कहते हैं। इसमें अनन्ता काल लगता है।

७-भाव से बादरपुद्गलपरावर्तन---एक समय के उत्पन्न हुए असंख्याता लोकाकाश जितने सूक्ष्म तेजस्कायिक जीव, उससे सर्व तेजस्कायिक जीव असंख्यातगुणा, उससे तेजस्काय की कायस्थिति के समय असंख्यातगुणा, उससे संयम के स्थान असंख्यातगुणा, उससे रसबन्ध के हेतुभूत कषाय के अध्यवसायस्थान असंख्यातगुणा हैं। इसमें कोई जीव पहले अध्यवसाय में मरे, फिर आगे, पीछे करके सात ही वर्गणापने मर कर रसवन्ध के सब अध्यवसायों को स्पर्श करे, उसको भाव से बादरपुद्गलपरावर्तन कहते हैं।

८-भाव से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन-जैसे कोई जीव रसवन्ध के अध्यवसायस्थानों में क्रमवार मरता हुआ सब स्थानों को पूरा

दण्डकपने वचनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा कस्सइ अत्थि, कस्सइ नत्थि, जस्स अत्थि एगोत्तरीया। एक एक पृथ्वीकाय आदि १० औदारिकदण्डक के जीवों ने ५ दण्डकपने वचनपुद्लपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि।

२४ दण्डक पर सात–सात पुद्गलपरावर्तन गिनने से २४×७=१६८ आलापक एक एक दण्डक के हुए। इनको २४ दण्डक से गुणा करने से १६८×२४=४०३२ आलापक हुए। अतीतकाल संबंधी ४०३२ और आगामीकाल संबंधी ४०३२ आलापक हुए। ये कुल ८०६४ आलापक हुए।

अहो भगवन्! बहुत नारकी के नैरयिकों ने सात पुद्गलपरावर्तन कितने किये ? हे गौतम! बहुत नारकी के नैरयिकों ने नारकी, देवता १४ दण्डकपने औदारिकपुद्गलपरावर्तन अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि। बहुत नारकी के नैरयिकों ने दस दण्डक औदारिकपने औदारिकपुद्गलपरावर्तन कितने किये ? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा अनन्ता। बहुत नारकी के नैरयिकों ने १७ दण्डकपने वैक्रियपुद्गलपरावर्तन कितने किये ? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा अनन्ता। बहुत नारकी के नैरयिकों ने ७ दंडकपने वैक्रियपुद्गलपरावर्तन कितने किये ? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि। बहुत नारकी के नैरयिकों ने २४ दण्डकपने तैजस्, कार्मण और श्वासोच्छ्वासपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा अनन्ता। बहुत नारकी के नैरयिकों ने १६ दण्डकपने मनपुद्गलपरावर्तन और १९ दण्डकपने वचनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता अनन्ता, पुरेक्खडा अनन्ता। बहुत नारकी के नैरयिकों ने ८ दण्डकपने मनपुद्गलपरावर्तन, ५ दण्डकपने वचनपुद्गलपरावर्तन कितने किये? अतीता नत्थि, पुरेक्खडा नत्थि।

करे, कोई भी स्थान बाकी न रहे, उसको भाव से सूक्ष्मपुद्गलपरावर्तन कहते हैं। इसमें अनन्ता काल लगता है।

१६. कषाय के त्रेपन बोलों का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक बारहवां, उद्देशा पांचवां)

(१) क्रोध के परिणाम उत्पन्न करने वाले कर्म को क्रोध कहते हैं। क्रोध के १० नाम हैं—

१—क्रोध—क्रोध का सामान्य नाम है।

२—कोप—क्रोध का विशेष नाम है। क्रोध के उदय होने पर अपने स्वभाव से चलित होना।

३—रोष—क्रोध का अनुबन्ध, क्रोध की परम्परा।

४—दोष (द्वेष)—अपने आपको तथा दूसरों को दोष देना, वह दोष अथवा अप्रीतिमात्र वह द्वेष।

५—अक्षमा—दूसरे के अपराध को सहन न करना।

६—संज्वलन—क्रोध से बारम्बार जलते रहना।

७—कलह—जोर—जोर से शब्द करते हुए परस्पर अनुचित बोलना।

८—चांडिक्य—रौद्र रूप धारण करना।

९—भंडण—लकड़ी आदि से लड़ना।

१०—विवाद—परस्पर एक दूसरे के लिये आक्षेपजनक शब्द कहना।

ये क्रोध के १० नाम हैं। अथवा ये १० नाम क्रोध के एकार्थक (एक अर्थवाले) शब्द हैं।

(२) मान के परिणाम को उत्पन्न करने वाले कर्म को मान कहते हैं। मान के १२ नाम हैं—

१—मान—मान का सामान्य नाम।

२–मद–(हर्ष)–मान का विशेष नाम।

३–दर्प–मदमस्तपना, अहंकारभाव।

४–स्तभ–स्तम्भ की तरह अकड़ कर रहना। किसी को नमस्कार न करना।

५–गर्व–घमण्ड (अहंकार) करना।

६–अत्युत्क्रोश–अपने आपको दूसरों से श्रेष्ठ बताना।

७–परपरिवाद–दूसरों की निन्दा करना, दूसरों के अवगुणवाद बोलना।

८–उत्कर्ष–अभिमान से अपनी समृद्धि, अपना ऐश्वर्य प्रगट करना।

९–अपकर्ष–दूसरे को नीचा दिखाना, अपनी क्रिया को ऊंची बताना।

१०–उन्नत–पहिले जिन गुरुजनों को नमस्कार करता था, उन्हें भी नमस्कार करना छोड़ देना, अथवा अभिमान से शिष्टाचार एवं नीति का भी त्याग कर देना।

११–उन्नाम–जो अपने को नमस्कार करता है, उसको वापिस नमस्कार न करना, अथवा उसके नमस्कार का जवाब न देना।

१२–दुर्नाम–उचित रूप से नहीं नमना, अथवा मद से दुष्ट रूप से प्रवृत्ति करना।

स्तम्भ आदि मान के कार्य हैं। अथवा ये सब मान के एकार्थक नाम हैं।

(३) माया–जिससे माया कर्म का बन्ध हो, उसको माया कहते हैं। माया के १५ नाम हैं–

१–माया–माया का सामान्य नाम।

२–उपधि–दूसरों को ठगने के परिणाम रखना।

५–अल्पबहुत्वद्वार–१–सब से थोड़े चारित्र–आत्मा वाले, २–उससे ज्ञान–आत्मा वाले अनन्तगुणे, ३–उससे कषाय–आत्मा वाले अनन्तगुणे, ४– उससे योग–आत्मा वाले विशेषाधिक, ५– उससे वीर्य–आत्मा वाले विशेषाधिक। ६,७,८, उससे द्रव्य–आत्मा वाले, उपयोग–आत्मा वाले, दर्शन–आत्मा वाले परस्पर तुल्य (बराबर) विशेषाधिक हैं।

१८. उत्पन्न संख्या के उनतालीस बोलों का थोकड़ा*

(भगवतीसूत्र, शतक तेरहवां, उद्देशा पहला, दूसरा)

(१) समुच्चय कितने उपजते हैं? १ (२) सलेशी १ ।(३) शुक्लपक्षी, कृष्णपक्षी २ ।(४) संज्ञी, असंज्ञी २ ।(५) भवी, अभवी २ ।(६) मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मति–अज्ञानी, श्रुत–अज्ञानी, विभंगज्ञानी ६ ।(७) चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी ३ ।(८) आहारसंज्ञी, भयसंज्ञी, मैथुनसंज्ञी, परिग्रहसंज्ञी ४ ।(९) स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी ३ ।(१०) क्रोधी, मानी, मायी, लोभी ४ ।(११) श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय, स्पर्शनेन्द्रिय, नोइन्द्रिय ६ (१२) मनयोग, वचनयोग, काययोग ३। (१३) सागरोवउत्ता (साकार–उपयोग वाले), अणागारोवउता (अनाकार–उपयोग वाले) २ ।ये सब ३९ बोल हुए।

१–अहो भगवन्! रत्नप्रभानारकी के संख्याता योजन के नरकावासों में एक समय में क्या संख्याता नारक उपजते हैं या असंख्याता उपजते हैं? हे गौतम! संख्याता योजन के नरकावासों में जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्याता उपजते हैं। अहो भगवन्!

* इस थोकड़े में नारकी देवता का ही विवेचन है, दूसरे दण्डकों का नहीं।

३–निकृति–दूसरों को ठगने की बुद्धि से उनका आदर–सन्मान करना, अथवा एक माया (कपट) को छिपाने के लिए दूसरी माया करना।

४–वलय–वक्रपने से चेष्टा करना, अथवा वक्र (बांके) वचन बोलना।

५–गहन–दूसरों को ठगने एवं धोखा देने की दृष्टि से समझ न सके, ऐसा शब्दजाल रचना।

६–नूम–दूसरों को ठगने के लिये अधम–से–अधम बर्ताव करना।

७–कल्क–हिंसाकारी उपायों से दूसरे को ठगना।

८–कुरूप–मायाविशेष करके भण्ड कुचेष्टा करना। निन्दनीय बर्ताव करना।

९–जिह्मता–दूसरों को ठगने के लिए धीरे–धीरे कार्य करना।

१०–किल्बिष–माया से इसी भव में किल्बिषीदेव सरीखा होना।

११–आदरणता–माया, कपटाई कर किसी का आदर करना, वह आदरणता। अथवा आचरणता–दूसरों को ठगने के लिए नाना प्रकार की क्रिया करना, वह आचरणता।

१२–गूहनता–अपने स्वरूप को छिपाना।

१३–वंचनता (वंचकता)–दूसरों को ठगना।

१४–प्रतिकुंचनता–दूसरे के द्वारा सरलभाव से कहे हुए वचन का खंडन करना।

१५–सातियोग–उत्तम द्रव्य में हीन द्रव्य अथवा खोटा द्रव्य मिलाना।

उपधि आदि माया के कार्य हैं। अथवा ये सब माया के एकार्थक नाम हैं।

(४) लोभ–लोभ का बंध कराने वाले कर्म को लोभ कहते हैं। लोभ के १६ नाम हैं—

असंख्याता योजन के नरकावासों में एक समय में क्या संख्याता नारक उपजते हैं या असंख्याता नारक उपजते हैं? हे गौतम! असंख्याता योजन के नरकावासों में जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट असंख्याता नारक उपजते हैं। इसी तरह बाकी छहों नरकों में कह देना चाहिए।

२–अहो भगवन्! पहली, दूसरी नारकी में कापोत–लेश्या वाले कितने उपजते हैं? हे गौतम! जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्याता योजन के नरकावासों में संख्यात और असंख्याता योजन के नरकावासों में असंख्यात उपजते हैं*।

३–अहो भगवन्! नारकी में + कृष्णपक्षी उपजते हैं या × शुक्लपक्षी उपजते हैं ? हे गौतम! कृष्णपक्षी भी उपजते हैं और शुक्लपक्षी भी उपजते हैं।

४–अहो भगवन्! नारकी में क्या संज्ञी उपजते हैं या असंज्ञी उपजते हैं? हे गौतम! पहली नारकी में संज्ञी भी उपजते हैं और असंज्ञी भी उपजते हैं और शेष छहों नरकों में संज्ञी ही उपजते हैं।

५–अहो भगवन्! नारकी में क्या भवी उपजते हैं या अभवी उपजते हैं? हे गौतम! भवी भी उपजते हैं और अभवी भी उपजते हैं।

६–अहो भगवन्! नारकी में क्या मतिज्ञानी उपजते हैं या

---

* इसी तरह तीसरी नारकी में कापोत, नील लेश्या वाले और चौथी नारकी में नीललेश्या वाले और पांचवीं नारकी में नील कृष्ण लेश्या वाले और छठी, सातवीं नारकी में कृष्णलेश्या वाले कह देना चाहिए।

+ जिन जीवों का संसारपरिभ्रमण अर्द्धपुद्‌गलपरावर्तन से ज्यादा बाकी है, उनको कृष्णपक्षी कहते हैं।

× जिन जीवों का संसारपरिभ्रमण अर्द्धपुद्‌गलपरावर्तन तक बाकी है, उनको शुक्लपक्षी कहते हैं।

१–लोभ–लोभ का सामान्य नाम।

२–इच्छा–अभिलाषा।

३–मूर्च्छा–जो वस्तु प्राप्त हो चुकी है, उसकी रक्षा करने की निरन्तर अभिलाषा।

४–कांक्षा–जो वस्तु प्राप्त नहीं हुई है, उसको प्राप्त करने की इच्छा करना।

५–गृद्धि–प्राप्त वस्तु में आसक्तिभाव।

६–तृष्णा–अतृप्ति अर्थात् अधिकाधिक वस्तुओं को प्राप्त करने की इच्छा तथा प्राप्त वस्तु कभी नष्ट न हो, ऐसी इच्छा रखना।

७–भिध्या–विषयों का ध्यान रखना, एकाग्रता।

८–अभिध्या–अदृढ़ आग्रह अर्थात् चलायमान चित्त की स्थिति, अपने निश्चय से डिग जाना*।

९–आशंसना–अपनी इष्ट वस्तु की प्राप्ति की इच्छा करना।

१०–प्रार्थना–दूसरे के लिए इष्ट वस्तु की मांगणी करना।

११–लालपनता–अपनी इष्ट वस्तु को मांगने के लिए दूसरों की खुशामद करना, चापलूसी करना, अत्यन्त बोल कर प्रार्थना करना।

१२–कामाशा–इष्ट रूप और शब्द की प्राप्ति की इच्छा करना।

१३–भोगाशा–इष्ट गन्धादि की प्राप्ति की इच्छा करना।

१४–जीविताशा–जीने की अभिलाषा करना।

१५–मरणाशा–विपत्ति के समय मरने की अभिलाषा करना।

---

* प्रतिज्ञा करके दृढ़ न रहना।

श्रुतज्ञानी उपजते हैं या अवधिज्ञानी उपजते हैं या मति–अज्ञानी उपजते हैं या श्रुत–अज्ञानी उपजते हैं या विभंगज्ञानी उपजते हैं? हे गौतम! पहली से छठी नारकी तक मतिज्ञानी आदि ३ ज्ञान वाले और मति–अज्ञान आदि ३ अज्ञान वाले उपजते हैं और सातवीं नारकी में सिर्फ ३ अज्ञान वाले ही उपजते हैं।

७–अहो भगवन्! नारकी में क्या चक्षुदर्शनी उपजते हैं या अचक्षुदर्शनी उपजते हैं या अवधिदर्शनी उपजते हैं? हे गौतम! *अचक्षुदर्शनी उपजते हैं, अवधिदर्शनी उपजते हैं किन्तु चक्षुदर्शनी नहीं उपजते।

८–अहो भगवन्! नारकी में क्या आहारसंज्ञी उपजते हैं या भयसंज्ञी उपजते हैं या मैथुनसंज्ञी उपजते हैं या परिग्रहसंज्ञी उपजते हैं? हे गौतम! चारों ही संज्ञा वाले उपजते हैं।

९–अहो भगवन्! नारकी में क्या स्त्रीवेदी उपजते हैं या पुरुषदेवी उपजते हैं या नपुंसकवेदी उपजते हैं? हे गौतम! नपुंसकवेदी उपजते हैं, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी नहीं उपजते।

१०–अहो भगवन्! नारकी में क्या क्रोधी उपजते हैं या मानी उपजते हैं या मायी उपजते हैं या लोभी उपजते हैं? हे गौतम! क्रोध आदि चारों ही कषाय वाले उपजते हैं।

११–अहो भगवन्! नारकी में क्या पांच इन्द्रिय सहित उपजते हैं या नोइन्द्रिय उपजते हैं? हे गौतम!×नोइन्द्रिय उपयोग

*इन्द्रिय और मन के सिवाय सामान्य उपयोग मात्र को भी अचक्षुदर्शन कहते हैं। उत्पत्ति के समय सामान्य उपयोग रूप अचक्षुदर्शन होता है। इसलिए उत्तर में कहा गया है कि अचक्षुदर्शनी उत्पन्न होते हैं।

× नोइन्द्रिय अर्थात् मन। यद्यपि अपर्याप्त अवस्था में मनपर्याप्ति का अभाव होने से द्रव्यमन नहीं होता तथापि चैतन्य रूप भावमन हमेशा होता है। इसलिये यहाँ उत्तर में कहा गया है कि नोइन्द्रिय उपयोग वाले उत्पन्न होते हैं।

१६–नन्दिराग–अपने पास रही हुई ऋद्धि पर राग करना।

इच्छा आदि सब लोभ के कार्य हैं। अथवा ये सब लोभ के एकार्थक नाम हैं। इन क्रोधादि ५३ ही बोलों में ५ वर्ण, २ गंध, ५ रस, ४ स्पर्श हैं।

१७. आत्मा का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक बारहवां, उद्देशा दसवां)

१.नामद्वार, २. अर्थद्वार, ३. परस्पर सम्बन्धद्वार, ४. भांगाद्वार, ५. अल्पबहुत्वद्वार।

१. नामद्वार–× आत्मा के आठ भेद हैं–१ द्रव्य–आत्मा २ कषाय–आत्मा ३ योग–आत्मा ४ उपयोग–आत्मा ५ ज्ञान–आत्मा ६ दर्शन–आत्मा ७ चारित्र–आत्मा ८ वीर्य–आत्मा।

२. अर्थद्वार–१ जो त्रिकालवर्ती आत्मद्रव्य है, उसको द्रव्यात्मा कहते हैं। यह आत्मा सब जीवों के होती है। २ क्रोध, मान आदि कषाय युक्त आत्मा को कषाय–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सकषायी जीवों के होती है। उपशान्तकषाय और क्षीणकषाय जीवों के नहीं होती। ३–मन, वचन, काया के व्यापार वाले आत्मा को योग–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सयोगी जीवों के होती है। ४–साकार–उपयोग और अनाकार (निराकार)– उपयोग वाले आत्मा को उपयोग–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सिद्ध और संसारी सभी जीवों के होती है। ५–विशेष सम्यग्ज्ञानयुक्त आत्मा को ज्ञान–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा समदृष्टि जीवों के होती है। ६–सामान्य ज्ञानयुक्त

× उपयोग लक्षण आत्मा का सब जीवों में एक ही प्रकार का है, परन्तु कुछ विशेषताओं के कारण आत्मा के आठ भेद कहे गये हैं।

वाले उपजते हैं, किन्तु पांच द्रव्य इन्द्रियों सहित नहीं उपजते।

१२—अहो भगवन्! नारकी में क्या मनयोगी उपजते हैं या वचनयोगी उपजते हैं या काययोगी उपजते हैं? हे गौतम! काययोगी उपजते हैं, मनयोगी, वचनयोगी नहीं उपजते।

१३—अहो भगवन्! नारकी में क्या सागारोवउत्ता (साकार–उपयोग वाले) उपजते हैं या अणागारोवउत्ता (अनाकार– उपयोग वाले) उपजते हैं? हे गौतम! सागारोवउत्ता भी उपजते हैं और अणागारोवउत्ता भी उपजते हैं। उपरोक्त १३ ही द्वारों में जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्याता योजन के नरकावासों में संख्याता उपजते हैं और असंख्याता योजन के नरकावासों में असंख्याता उपजते हैं।

१४—इन ३९ बोलों में से उपजने संबंधी भजना——

पहली नारकी में २९ बोल की भजना, १० बोल नहीं उपजते (चक्षुदर्शनी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, पांच इन्द्रियों सहित, मनयोगी, वचनयोगी = १०)। दूसरी नारकी से छठी नारकी तक २८ बोल की भजना, ११ बोल नहीं उपजते (१० बोल तो पहली नारकीवत् और १ असन्नी)। सातवीं नारकी में २५ बोल की भजना, १४ बोल नहीं उपजते (११ बोल दूसरी नारकीवत् और ३ ज्ञान = १४)।

भवनपति और वाणव्यन्तर में ३० बोल की भजना, ९ बोल नहीं उपजते (चक्षुदर्शनी, नपुंसकवेदी, पांच इन्द्रियों सहित, मनयोगी, वचनयोगी = ९)।

ज्योतिषी और पहले, दूसरे देवलोक में २९ बोल की भजना, १० बोल नहीं उपजते (९ बोल भवनपतिवत् और १ असन्नी)। तीसरे देवलोक से आठवें देवलोक तक २८ बोल की भजना, ११ बोल नहीं उपजते (१० बोल दूसरे देवलोकवत्, १

आत्मा को दर्शन–आत्मा कहते हैं, यह आत्मा सब जीवों के होती है। ७–विरति (चारित्र) युक्त आत्मा को चारित्र–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा चारित्रवान् जीवों के होती है। ८– +करणवीर्य युक्त आत्मा को वीर्य–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सब संसारी जीवों के होती है।

३. परस्परसम्बन्धद्वार–द्रव्य–आत्मा में कषाय–आत्मा की भजना,* कषाय–आत्मा में द्रव्य–आत्मा की नियमा × २–द्रव्य–आत्मा में योग–आत्मा की भजना, योग–आत्मा में द्रव्य– आत्मा की नियमा। ३–द्रव्य–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा, उपयोग–आत्मा में द्रव्य–आत्मा की नियमा। ४–द्रव्य–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की भजना, ज्ञान–आत्म में द्रव्य–आत्मा की नियमा। ५–द्रव्य–आत्मा में दर्शन–आत्मा की नियमा, दर्शन–आत्मा में द्रव्य–आत्मा की नियमा, । ६–द्रव्य–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना, चारित्र–आत्मा में द्रव्य–आत्मा की नियमा। ७–द्रव्य–आत्मा में वीर्य–आत्मा की भजना, वीर्य–आत्मा में द्रव्य–आत्मा की नियमा।

१–कषाय–आत्मा में योग–आत्मा की नियमा, योग–आत्मा में कषाय–आत्मा की भजना। २–कषाय–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा, उपयोग–आत्मा में कषाय–आत्मा की भजना। ३–कषाय–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की भजना, ज्ञान–आत्मा में

+ वीर्य दो प्रकार का होता है—१ करणवीर्य और लब्धिवीर्य। वीर्यान्तरायकर्म के क्षय या क्षयोपशम वाले आत्मा को जो वीर्य की लब्धि होती है यानी उसमें शक्तिरूप से जो वीर्य रहता है, उसे लब्धिवीर्य कहते हैं।
लब्धिवीर्य के कारण जो उत्थान, बल, पुरुषाकारपराक्रम होती है, उसे करणवीर्य कहते हैं।

* भजना का अर्थ है विकल्प अर्थात् हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती है।

× नियमा का अर्थ निश्चित अर्थात् निश्चित रूप से होती ही है।

स्त्रीवेदी = ११) * नवमें देवलोक से नव ग्रैवेयक तक २८ बोल की भजना, ११ बोल नहीं उपजते (आठवें देवलोकवत्)। पांच अनुत्तर विमानों में २३ बोल की भजना, १६ बोल नहीं उपजते (११ बोल आठवें देवलोकवत् और कृष्णपक्षी, अभवी, मति–अज्ञानी, श्रुत–अज्ञानी, विभंगज्ञानी = १६)।

१५–इन ३९ बोलों में से + उवटने (उद्वर्तन निकलना) और×चवने (च्यवन) आसरी भजना के बोल–

पहली नारकी से तीसरी नारकी तक उवटने में २९ बोलों की भजना, १० बोल नहीं उवटते (१ असंज्ञी, १ विभंगज्ञान, १ चक्षुदर्शन, ५ इन्द्रियां, १ मनयोग, १ वचनयोग), अवधिज्ञानी, अवधिदर्शनी संख्याता उवटते हैं। चौथी नारकी से छठी नारकी तक उवटने में २७ बोल की भजना, १२ बोल नहीं उवटते (१० बोल तीसरी नारकीवत् और अवधिज्ञानी, अवधिदर्शनी)। सातवीं नरक से उवटने में २५ बोल की भजना, १४ बोल नहीं उवटते (१२ बोल छठी नारकीवत् और मतिज्ञान, श्रुतज्ञान)।

भवनपति, वाणव्यन्तर से उवटने में, ज्योतिषी से चवने में

---

* नवमें देवलोक से सर्वार्थसिद्ध तक जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्याता उपजते हैं।

+ नारकी में से तथा भवनपति, वाणव्यन्तर देवों में से निकल कर मनुष्य और तिर्यंच गति में जाने को उवटना (उद्वर्तन) कहते हैं।

× ज्योतिषी और वैमानिक देवों में से निकल कर मनुष्य और तिर्यंच गति में जाने को च्यवन कहते हैं।

कोई भी जीव नारकी में से निकल वापिस नारकी में तथा देवों में उत्पन्न नहीं होता। इसी तरह कोई भी जीव देवों में से निकल कर वापिस देवों में तथा नारकी में उत्पन्न नहीं होता। नारकी और देवता में से निकले हुए जीव मनुष्य या तिर्यंच में ही उत्पन्न होते हैं। मनुष्य या तिर्यंच का भव करके फिर वापिस नारकी या देवता में जा सकते हैं।

१६–नन्दिराग–अपने पास रही हुई ऋद्धि पर राग करना।

इच्छा आदि सब लोभ के कार्य हैं। अथवा ये सब लोभ के एकार्थक नाम हैं। इन क्रोधादि ५३ ही बोलों में ५ वर्ण, २ गंध, ५ रस, ४ स्पर्श हैं।

१७. आत्मा का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक बारहवां, उद्देशा दसवां)

१.नामद्वार, २. अर्थद्वार, ३. परस्पर सम्बन्धद्वार, ४. भांगाद्वार, ५. अल्पबहुत्वद्वार।

१. नामद्वार–× आत्मा के आठ भेद हैं–१ द्रव्य–आत्मा २ कषाय–आत्मा ३ योग–आत्मा ४ उपयोग–आत्मा ५ ज्ञान–आत्मा ६ दर्शन–आत्मा ७ चारित्र–आत्मा ८ वीर्य–आत्मा।

२. अर्थद्वार–१ जो त्रिकालवर्ती आत्मद्रव्य है, उसको द्रव्यात्मा कहते हैं। यह आत्मा सब जीवों के होती है। २ क्रोध, मान आदि कषाय युक्त आत्मा को कषाय–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सकषायी जीवों के होती है। उपशान्तकषाय और क्षीणकषाय जीवों के नहीं होती। ३–मन, वचन, काया के व्यापार वाले आत्मा को योग–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सयोगी जीवों के होती है। ४–साकार–उपयोग और अनाकार (निराकार)– उपयोग वाले आत्मा को उपयोग–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा सिद्ध और संसारी सभी जीवों के होती है। ५–विशेष सम्यग्ज्ञानयुक्त आत्मा को ज्ञान–आत्मा कहते हैं। यह आत्मा समदृष्टि जीवों के होती है। ६–सामान्य ज्ञानयुक्त

× उपयोग लक्षण आत्मा का सब जीवों में एक ही प्रकार का है, परन्तु कुछ विशेषताओं के कारण आत्मा के आठ भेद कहे गये हैं।

२८ बोल की भजना, ११ बोल नहीं उवटते (अवधिज्ञान, विभंगज्ञान, अवधिदर्शन, चक्षुदर्शन, पांच इन्द्रियां, मनयोग, वचनयोग)।

पहले, दूसरे देवलोक से चवने में ३० बोल की भजना, ९ बोल नहीं चवते (विभंगज्ञान, चक्षुदर्शन, ५ इन्द्रियों सहित मनयोग, वचनयोग)। अवधिज्ञानी, अवधिदर्शनी संख्याता चवते हैं।

तीसरे देवलोक से आठवें देवलोक तक चवने में २९ बोल की भजना, १० बोल नहीं चवते (तीसरी नारकीवत्), अवधिज्ञानी, अवधिदर्शनी संख्याता चवते हैं।

नवमें देवलोक से नव ग्रैवेयक तक चवने में २९ बोल की भजना, १० बोल नहीं चवते (आठवां देवलोकवत्) सब संख्याते चवते हैं।

पांच अनुत्तर विमान से चवने में २५ बोल की भजना, १४ बोल नहीं चवते (कृष्णपक्षी, असंज्ञी, अभवी, मति–अज्ञानी, श्रुत–अज्ञानी, विभंगज्ञानी, चक्षुदर्शन, पांच इन्द्रियों सहित मनयोग, वचनयोग = १४)।

१६–सत्ता (सदा पावे) के ४९ बोल—उत्पन्न होने के ३९ कहे, उनमें १० बोल बढ़ गये (*अनन्तरोपपन्नक, परम्परोपपन्नक, अनन्तरावगाढ़, परम्परावगाढ़, अनन्तराहारक, परम्पराहारक, अनन्तरपर्यासक, परम्परपर्यासक, चरम, अचरम= १०) ३९+१० = ४९।

---

* जिनको उत्पन्न हुए अभी एक समय ही हुआ है, उनको अनन्तरोपपन्नक कहते हैं। जिनको उत्पन्न हुए एक समय से अधिक हो गया है यानी दो तीन समय हो गये हैं, उनको परम्परोपपन्नक कहते हैं।

जो नारकी जीव विवक्षित क्षेत्र में प्रथम समय में रहते हैं, उनको अनन्तरावगाढ़ कहते हैं। विवक्षित क्षेत्र में रहते हुए जिनको दो, तीन समय हो गये हैं, उनको परम्परावगाढ़ कहते हैं।

स्वरूप-विद्यमान हो, उसको आत्मा कहते हैं।

नोआत्मा किसे कहते हैं? जो परपर्यायों की अपेक्षा सत्स्वरूप-अविद्यमान हो, उसको नोआत्मा कहते हैं।

अवक्तव्य किसको कहते हैं? जो स्वपर्यायों की अपेक्षा त्स्वरूप है और परपर्यायों की अपेक्षा असत्स्वरूप है, ऐसा मेश्ररूप जो शब्दों से कहा नहीं जा सके, उसे अवक्तव्य कहते हैं।

इन तीनों आत्माओं के भांगे चलते हैं, सो कहते है-कुल भांगा २३-असंयोगी ३, दोसंयोगी १२, तीनसंयोगी ८। असंयोगी ३ भांगे-

१. आत्मा, २. नोआत्मा, ३. अवक्तव्य

दोसंयोगी १२ भांगे-

१. आत्मा एक, नोआत्मा एक,
२. आत्मा एक, नोआत्मा बहुत,
३. आत्मा बहुत, नोआत्मा एक,
४. आत्मा बहुत, नोआत्मा बहुत,
५. आत्मा एक, अवक्तव्य एक,
६. आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,
७. आत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,
८. आत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत,
९. नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक,
१०. नोआत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,
११. नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,
१२. नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।

तीनसंयोगी ८ भांगे--

१ आत्मा एक, नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक,
२. आत्मा एक, नोआत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,
३. आत्मा एक, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,
४. आत्मा एक, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत,
५. आत्मा बहुत, नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक,
६. आत्मा बहुत, नोआत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,

पहली नारकी में सत्ता की अपेक्षा ३८ बोलों की नियमा, ९ बोलों की भजना (असंज्ञी, मान, माया, लोभ, नोइन्द्रिय, अनन्तरोपपन्न, अनन्तरावगाढ़, अनन्तराहारक, अनन्तरपर्याप्ता = ९)। २ बोल नहीं (स्त्रीवेद, पुरुषवेद)। सभी बोलों के नैरयिक *असंख्यात पाये जाते हैं।

दूसरी नारकी से सातवीं नारकी तक सत्ता की अपेक्षा ३८ बोलों की नियमा, ८ बोल की भजना (पहली नारकी में ९ कहे उनमें

नरक में उत्पन्न होकर जिन्होंने अभी प्रथम समय में आहार लिया है, उनको अनन्तराहारक कहते हैं। जिनको आहार लेते हुए दो तीन समय हो गये हैं, उनको परम्पराहारक कहते हैं।

नरक में उत्पन्न होकर जिनको पर्याप्त हुए पहला ही समय हुआ है, उनको अनन्तरपर्याप्तक कहते हैं। जिनको पर्याप्तक हुए दो, तीन समय हो गये उनको परम्परपर्याप्तक कहते हैं।

जिन जीवों का वही अन्तिम नरकभव है अर्थात् जो अब नरकभव से निकल कर फिर कभी नरक में नहीं जावेंगे, उनको चरम कहते हैं, अथवा जो नरकभव के अन्तिम समय में रहे हुए हैं अर्थात् जो एक समय बाद ही नरकभव से निकलने वाले हैं, उनको चरम कहते है। चरम से जो विपरीत हों याने नरक के ज्यादा भव करेंगे उनको अचरम कहते हैं। नारकी की तरह ही सब ठिकानों में कह देना।

* संख्यात योजन के नरकावासों में संख्यात नैरयिक पाये जाते हैं और असंख्यात योजन के नरकावासों में असंख्यात नैरयिक पाये जाते हैं।

+जब असंज्ञी की भवनपति, वाणव्यन्तर में भजना बताई गई है तो फिर नपुंसकवेद भी उनमें संभव है। फिर नपुंसकवेद का निषेध क्यों किया? यह शंका हो सकती है। किंतु चूँकि असंज्ञी अवस्था थोड़े समय की –अन्तर्मुहूर्त मात्र की होती है इसलिये नपुंसकवेद की विवक्षा नहीं की गई है। भगवतीसूत्र ३० वें शतक, पहले उद्देशे में भी समदृष्टि विकलेन्द्रिय में क्रियावादी, विनयवादी होने का निषेध किया है, क्योंकि उनमें विशिष्ट सम्यक्त्व का अभाव है।

कषाय–आत्मा की भजना। ४–कषाय–आत्मा में दर्शन–आत्मा की नियमा, दर्शन–आत्मा में कषाय–आत्मा की भजना। ५–कषाय–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना,चारित्र–आत्मा में कषाय–आत्मा की भजना। ६–कषाय–आत्मा में वीर्य–आत्मा की नियमा, वीर्य–आत्मा में कषाय–आत्मा की भजना।

योग–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा, उपयोग–आत्मा में योग–आत्मा की भजना। २–योग–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की नियमा, ज्ञान–आत्मा में योग–आत्मा की भजना। ३–योग–आत्मा में दर्शन–आत्मा की नियमा, दर्शन–आत्मा में योग–आत्मा की भजना। ४–योग–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना, चारित्र–आत्मा में योग–आत्मा की भजना। ५–योग–आत्मा में वीर्य–आत्मा की नियमा, वीर्य–आत्मा में योग–आत्मा की भजना।

उपयोग–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की भजना, ज्ञान–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा। २–उपयोग–आत्मा में दर्शन –आत्मा की नियमा, दर्शन–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा। ३–उपयोग–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना, चारित्र–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा। ४–उपयोग–आत्मा में वीर्य–आत्मा की भजना, वीर्य–आत्मा में उपयोग–आत्मा की नियमा।

ज्ञान–आत्मा में दर्शन–आत्मा की नियमा, दर्शन–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की भजना। २–ज्ञान–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना, चारित्र–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की नियमा। ३–ज्ञान–आत्मा में वीर्य–आत्मा की भजना, वीर्य–आत्मा में ज्ञान–आत्मा की भजना।

दर्शन–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना, चारित्र–आत्मा में दर्शन–आत्मा की नियमा। २–दर्शन–आत्मा में वीर्य–आत्मा की भजना, वीर्य–आत्मा में दर्शन–आत्मा की नियमा।

चारित्र–आत्मा में वीर्य–आत्मा की नियमा, वीर्य–आत्मा में चारित्र–आत्मा की भजना।

४–भांगाद्वार––दूसरी तरह से आत्मा के ३ भेद कहे गये हैं–१ आत्मा, २ नोआत्मा, ३ अवक्तव्य।

आत्मा किसको कहते हैं? जो अपनी पर्यायों की अपेक्षा

से एक असंज्ञी को छोड़ देना)। तीन बोल नहीं (असंज्ञी, स्त्रीवेद, पुरुषवेद) सभी बोलों के नैरयिक असंख्याता पाये जाते हैं।

भवनपति, वाणव्यन्तर में सत्ता संबंधी ३९ बोल की नियमा, ९ बोल की भजना (असंज्ञी, क्रोध, मान, माया, नोइन्द्रिय, अनन्तरोपपन्न, अनन्तरावगाढ़, अनन्तराहारक, अनन्तरपर्याप्त = ९)। एक बोल नहीं + (नपुंसकवेद)। सभी बोलों के देवता असंख्याता पाये जाते हैं।

ज्योतिषी, पहले, दूसरे देवलोक में सत्ता की अपेक्षा ३९ बोलों की नियमा, ८ बोलों की भजना (क्रोध, मान, माया, नोइन्द्रिय, अनन्तरोपपन्न, अनन्तरावगाढ़, अनन्तराहारक, अनन्तरपर्याप्ता = ८)। २ बोल नहीं (असंज्ञी, नपुंसकवेद)। सभी बोलों के देवता असंख्याता पाये जाते हैं।

तीसरे देवलोक से नव ग्रैवेयक तक सत्ता की अपेक्षा ३८ बोल की नियमा, ८ बोल की भजना (दूसरे देवलोकवत्)। ३ बोल नहीं (असंज्ञी, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद) सभी बोलों के देवता असंख्याता पाये जाते हैं।

चार अनुत्तर विमान में सत्ता की अपेक्षा ३३ बोलों की नियमा, ८ बोलों की भजना, (दूसरे देवलोकवत्), ८ बोल नहीं (कृष्णपक्षी, असंज्ञी, अभवी, मति–अज्ञान, श्रुत–अज्ञान, विभंगज्ञान, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद)। सभी बोलों के देवता असंख्याता पाये जाते हैं।

सर्वार्थसिद्ध में सत्ता की अपेक्षा ३२ बोल की नियमा, ८ बोल की भजना (दूसरे देवलोकवत्), ९ बोल नहीं (८ बोल चार अनुत्तर विमानवत् और एक अचरम = ९)। सभी बोलों के देवता संख्याता पाये जाते हैं।

नोट–नारकी से लेकर आठवें देवलोक तक उपजने उवटने और चवने में जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्याता योजन के

सत्स्वरूप–विद्यमान हो, उसको आत्मा कहते हैं।

नोआत्मा किसे कहते हैं? जो परपर्यायों की अपेक्षा असत्स्वरूप–अविद्यमान हो, उसको नोआत्मा कहते हैं।

अवक्तव्य किसको कहते हैं? जो स्वपर्यायों की अपेक्षा सत्स्वरूप है और परपर्यायों की अपेक्षा असत्स्वरूप है, ऐसा मिश्ररूप जो शब्दों से कहा नहीं जा सके, उसे अवक्तव्य कहते हैं।

इन तीनों आत्माओं के भांगे चलते हैं, सो कहते है–कुल भांगा २३–असंयोगी ३, दोसंयोगी १२, तीनसंयोगी ८। असंयोगी ३ भांगे–

१. आत्मा, २. नोआत्मा, ३. अवक्तव्य

दोसंयोगी १२ भांगे–

१. आत्मा एक, नोआत्मा एक,
२. आत्मा एक, नोआत्मा बहुत,
३. आत्मा बहुत, नोआत्मा एक,
४. आत्मा बहुत, नोआत्मा बहुत,
५. आत्मा एक, अवक्तव्य एक,
६. आत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,
७. आत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,
८. आत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत,
९. नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक,
१०. नोआत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,
११. नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,
१२. नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।

तीनसंयोगी ८ भांगे––

१ आत्मा एक, नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक,
२. आत्मा एक, नोआत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,
३. आत्मा एक, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,
४. आत्मा एक, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत,
५. आत्मा बहुत, नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक,
६. आत्मा बहुत, नोआत्मा एक, अवक्तव्य बहुत,

वासों में (रहने के ठिकानों में) संख्याता और असंख्याता योजन के वासों में (रहने के ठिकानों में) असंख्याता कहना चाहिए। सत्ता में १–२–३ नहीं कहना चाहिए (संख्याता योजन के वासों में संख्याता कहना चाहिए और असंख्याता योजन के वासों में असंख्याता कहना चाहिये)। नवमें देवलोक से पांच अनुत्तरविमान तक उपजने और चवने में जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्याता और असंख्याता योजन के वासों में संख्याता कहना चाहिए। सत्ता में संख्याता योजन के वासों में संख्याता* कहना चाहिए और असंख्याता योजन के वासों में असंख्याता कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि १ नोइन्द्रिय (मन के उपयोग वाले), २ अनन्तरोपपन्नक, ३ अनंतरावगाढ, ४ अनन्तराहारक, ५ अनन्तरपर्याप्तक? ये ५ बोल जघन्य १–२–३, उत्कृष्ट संख्यात उपजते हैं और संख्यात चवते हैं और सत्ता में +संख्यात रहते हैं।

पहली नारकी से छठी नारकी तक और भवनपति से बारहवें देवलोक तक समदृष्टि और मिथ्यादृष्टि, ये दो दृष्टि वाले ही उत्पन्न होते हैं और ये दो दृष्टि वाले ही उवटते अथवा चवते हैं।

---

* सर्वार्थसिद्ध विमान लाख योजन का लम्बा चौड़ा होने से संख्याता योजन विस्तार वाला होता है।

+ नोइन्द्रिय (मन के उपयोग वाले), अनन्तरोपपन्नक, अनन्तरावगाढ़, अनन्तराहारक, अनन्तरपर्याप्तक, ये बोल नवमें देवलोक से पांच अनुत्तर विमान तक सत्ता की उपेक्षा तत्काल उत्पन्न हुए होने से और स्थिति थोड़ी होने से संख्याता सम्भव हैं। बहुत भगवतीजी सूत्र देखे लेकिन सत्ता की उपेक्षा संख्याता सिर्फ एक दो हस्तलिखित भगवतीजी में ही मिला बाकी सब में असंख्याता मिलता है। संख्याता ही ठीक मालूम होता है क्योंकि नवमें देवलोक से अनुत्तर विमान तक सन्नी मनुष्य के सिवाय कोई उत्पन्न होता नहीं, इस कारण प्रथम समय में संख्याता ही होते हैं। दूसरे तीसरे समय आदि में परम्पर हो जाते हैं, इस कारण से वहां संख्याता ही सम्भव होता है, तत्त्व केवलीगम्य।

७. आत्मा बहुत, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य एक,

८. आत्मा बहुत, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।

परमाणुपुद्गल में भांगा मिलते हैं ३ असंयोगी। दोप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं ६, असंयोगी ३, दोसंयोगी ३ (१, ५, ९) *। तीनप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं १३, असंयोगी ३, दोसंयोगी ९ (४,८,१२, चौथा, आठवां, बारहवां, ये तीन भांगे छोड़ कर बाकी ९ भांगे), तीनसंयोगी १ (पहला) भांगा पाया जाता है ×।

चारप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं १९, असंयोगी ३, दोसंयोगी १२, तीनसंयोगी ४ (१,२,३,५)। पांचप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते है २२, असंयोगी ३, दोसंयोगी १२, तीनसंयोगी ७ (आठवां भांगा छोड़ कर बाकी ७ भांगे)। छहप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं २३। इसी तरह सातप्रदेशी स्कन्ध में, आठप्रदेशी स्कन्ध में यावत् अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक तेईस--तेईस भांगे पाये जाते हैं।

---

* दोप्रदेशी स्कन्ध में ६ भांगे होते हैं। इनमें पहले के तीन भांगे सकल (सव) स्कन्ध की अपेक्षा से होते हैं। बाकी के तीन भांगे देश की अपेक्षा से होते हैं। द्विप्रदेशी स्कन्ध होने से उसके एक देश की स्वपर्याय के द्वारा सत्‌रूप विवक्षा की जाये और दूसरे देश की परपर्याय के द्वारा असत्‌रूप विवक्षा की जाये तो द्विप्रदेशी स्कनध में चौथा भांगा यानी दो संयोगी का पहला भांगा (कथंचित् आत्मा रूप और कथंचित् नोआत्मा रूप) पाया जाता है। जव द्विप्रदेशी स्कन्ध के एक देश की स्वपर्याय के द्वारा सत्‌रूप विवक्षा की जाये और दूसरे देश की सत् और असत् उभय रूप से विवक्षा की जाये तब पांचवां भांगा यानी दो संयोगी का पांचवां भांगा (कथंचित् आत्मा और कथंचित् अवक्तव्य) पाया जाता है। जव द्विप्रदेशी स्कन्ध के एक देश परपर्याय के द्वारा असत्‌रूप विवक्षा की जाये और दूसरे देश की उभयरूप विवक्षा की जाये तव छट्ठा भांगा याने दोसंयोगी का नववां भांगा (नोआत्मा और अवक्तव्य) पाया जाता है।

× तीनप्रदेशी स्कन्ध में १३ भांगे पाये जाते हैं। उनमें असंयोगी तीन भांगे सकल स्कन्ध की अपेक्षा से होते हैं। दोसंयोगी नौ भांगे–१–२–३–५–६–७–९–१०–११ (समुच्चय दोसंयोगी के १२ भांगों में से चौथा, आठवां, वारहवां ये तीन भांगे छोड़ कर) तीनसंयोगी – आत्मा एक, नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक, यह भांगा पाया जाता है।

मिश्रदृष्टि वाले उपजते भी नहीं और उवटते अथवा चवते भी नहीं। सत्ता में समदृष्टि और मिथ्यादृष्टि पाये जाते हैं, मिश्रदृष्टि की भजना (कभी पाये जाते हैं और कभी नहीं पाये जाते हैं)। इसी तरह नव ग्रैवेयक तक कह देना। इतनी विशेषता है कि सत्ता में भी *मिश्रदृष्टि नहीं है।

उत्कृष्ट गुण काले वर्ण का परमाणुपुद्गल भी इसी तरह कहना। मध्यम गुण काले वर्ण का पुद्गल भी जघन्य गुण काले वर्ण वाले पुद्गल की तरह कहना, किन्तु इसमें काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा भी षट्स्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य गुण काले वर्ण वाले द्विप्रदेशी स्कंध की भी अनन्त पर्याय हैं। क्योंकि जघन्य गुण काले वर्ण वाला द्विप्रदेशी स्कंध, जघन्य गुण काले वर्ण वाले द्विप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा कथंचित् हीन, कथंचित् तुल्य और कथंचित् अधिक है। जब हीन होता है तो एक प्रदेश से हीन होता है और अधिक होता है तो एक प्रदेश से अधिक होता है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है और शेष वर्णादि १५ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाला द्विप्रदेशी स्कंध भी कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाला द्विप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए, पर इसमें वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना चाहिए। इसी तरह जघन्य, उत्कृष्ट, मध्यम गुण काले वर्ण वाले त्रिप्रदेशी यावत् दसप्रदेशी स्कंध तक कहना चाहिए। इसमें अवगाहना में प्रदेशवृद्धि ऊपर बताए अनुसार कहनी चाहिए। यावत् दसप्रदेशी स्कंध में नौ प्रदेश हीन तथा नौ प्रदेश अधिक कहना चाहिए। जघन्य गुण काले वर्ण वाले संख्यातप्रदेशी स्कंध की अनन्त पर्याय हैं, क्योंकि जघन्य गुण काले वर्ण वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध, जघन्य गुण काले वर्ण वाले संख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है, शेष वर्णादि १५ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाला

२. अजीवपर्याय का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, पांचवां पद)

अजीव की पर्याय दो प्रकार की हैं--रूपी अजीव की पर्याय और अरूपी अजीव की पर्याय। अरूपी अजीव की पर्याय के दस भेद हैं--धर्मास्तिकाय, धर्मास्तिकाय का देश, धर्मास्तिकाय का प्रदेश, अधर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय का देश, अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, आकाशास्तिकाय, आकाशास्तिकाय का देश, आकाशास्तिकाय का प्रदेश और अद्धासमय यानी काल। रूपी अजीव की पर्याय के चार भेद--स्कंध, स्कंध का देश, स्कंध का प्रदेश और परमाणुपुद्गल। यहां पर्याय और पर्यायी के अभेद की विवक्षा की गई है।

रूपी अजीव की पर्याय संख्यात, असंख्यात न होकर अनन्त कही गई हैं। क्योंकि अनन्त परमाणुपुद्गल हैं, अनन्त द्विप्रदेशी यावत् दसप्रदेशी स्कंध हैं, अनन्त संख्यातप्रदेशी स्कंध हैं, अनन्त असंख्यातप्रेदशी स्कंध हैं और अनन्त अनन्तप्रदेशी स्कंध हैं।

परमाणुपुद्गल की अनन्त पर्याय हैं। एक परमाणुपुद्गल दूसरे परमाणुपुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुः स्थानपतित है। पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस, चार स्पर्श (शीत, उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष) इन सोलह बोलों की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। एक द्विप्रदेशी स्कंध दूसरे द्विप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा कथंचित् हीन, कथंचित् तुल्य और कथंचित् अधिक होता है। द्विप्रदेशी स्कंध एक प्रदेशावगाढ़ और द्विप्रदेशावगाढ़ होते हैं। जब दोनों द्विप्रदेशी स्कंध द्विप्रदेशावगाढ़ अथवा एक प्रदेशावगाढ़ होते हैं तब अवगाहना में तुल्य होते हैं, किन्तु जब एक द्विप्रदेशी स्कंध एक प्रदेशावगाढ़

संख्यातप्रदेशी स्कंध कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए, किन्तु इसमें वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य गुण काले वर्ण वाले असंख्यातप्रदेशी स्कंध की भी अनन्त पर्याय हैं, क्योंकि जघन्य गुण काले वर्ण वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध, जघन्य गुण काले वर्ण वाले असंख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है, शेष वर्णादि १५ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना, फर्क इतना है कि इसमें वर्णादि १६ बोल की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य गुण काले वर्ण वाले अनन्तप्रदेशी स्कंध की अनन्त पर्याय हैं, क्योंकि जघन्य गुण काले वर्ण वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध, जघन्य गुण काले वर्ण वाले अनन्त प्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुः-स्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, शेष वर्णादि १९ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना, किन्तु इसमें वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना।

जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम गुण काले वर्ण वाले परमाणुपुद्गल, द्विप्रदेशी यावत् दसप्रदेशी, संख्यातप्रदेशी, असंख्यातप्रदेशी और अनन्तप्रदेशी स्कंध की तरह जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम गुण नीले, लाल, पीले, सफेद वर्ण वाले, दुरभिगंध, सुरभिगंध वाले, तीखे, कड़वे, कषैले, खट्टे, मीठे रस वाले तथा चार

अपेक्षा चतुःस्थानपतित, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित और वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित होता है। अनन्तप्रदेशी स्कंध अनन्तप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित और वर्णादि के बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित होता है।

एकप्रदेशावगाढ़ पुद्गल एकप्रदेशावगाढ़ पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है और वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी प्रकार द्वि–आकाशप्रदेशावगाढ़ यावत् दस–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्गल भी कहने चाहिए। संख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्गल संख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है और वर्णादि के १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। असंख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्गल असंख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है तथा वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

एक समय की स्थिति वाला पुद्गल एक समय की स्थिति वाले पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य [illegible] की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा [illegible] है, [illegible] की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के बीस बो[illegible]

स्पर्श–शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष स्पर्श वाले परमाणुपुद्गल यावत् अनन्तप्रदेशी स्कंध कह देना चाहिए, अन्तर इतना है कि नीले, लाल, पीले और श्वेत वर्ण वाले परमाणुपुद्गल में अपने वर्ण के सिवा अन्य वर्ण नहीं कहना। सुरभिगंध वाले परमाणुपुद्गल में दुरभिगंध नहीं कहना, दुरभिगंध वाले परमाणुपुद्गल में सुरभिगंध नहीं कहना। इसी तरह तीखे, कड़वे आदि रस वाले परमाणुपुद्गल में अपने रस के सिवा अन्य रस नहीं कहना चाहिए। चार स्पर्श में से परमाणुपुद्गल में दो स्पर्श कहना।

जघन्य गुण कर्कश अनन्तप्रदेशी स्कंधों की अनन्त पर्याय हैं, क्योंकि जघन्य गुण कर्कश अनन्तप्रदेशी स्कंध, जघन्य गुण कर्कश अनन्त प्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि १९ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है एवं कर्कश स्पर्श की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। इसी तरह उत्कृष्ट गुण कर्कश अनन्तप्रदेशी स्कंध भी कहना। मध्यम गुण कर्कश अनन्तप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना, किन्तु इसमें वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मृदु, गुरु , लघु स्पर्श वाले अनन्तप्रदेशी स्कंध भी जघन्य, उत्कृष्ट, मध्यम के भेद से इसी तरह कह देना।

जघन्यप्रदेशी स्कंध (द्विप्रदेशी स्कंध) की अनन्त पर्याय हैं। क्योंकि जघन्यप्रदेशी स्कंध, जघन्यप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा कथंचित् हीन, कथंचित् तुल्य और कथंचित् अधिक है। जब हीन होता है तब एक प्रदेश हीन होता है और जब अधिक होता है तब एक प्रदेश अधिक होता है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह

होता है और दूसरा द्विप्रदेशावगाढ़ होता है तब पहला अवगाहना में एकप्रदेशहीन होता है और दूसरा एकप्रदेश–अधिक होता है। स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है और वर्णादि सोलह बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह त्रिप्रदेशी स्कंध से लेकर दसप्रदेशी स्कंध तक कहना। केवल अवगाहना में अन्तर है। त्रिप्रदेशी स्कंध तीन आकाशप्रदेश में, दो आकाशप्रदेश में और एक आकाशप्रदेश में रह सकता है और क्रमशः त्रिप्रदेशावगाढ़, द्विप्रदेशावगाढ़ और एकप्रदेशावगाढ़ कहलाता है। जब दोनों त्रिप्रदेशी स्कंध त्रिप्रदेशावगाढ़, द्विप्रदेशावगाढ़ अथवा एकप्रदेशावगाढ़ होते हैं, तब अवगाहना में तुल्य होते हैं। जब एक त्रिप्रदेशी स्कंध त्रिप्रदेशावगाढ़ और दूसरा द्विप्रदेशावगाढ़ होता है अथवा एक द्विप्रदेशावगाढ़ होता है और दूसरा एकप्रदेशावगाढ़ होता है, तो पहला दूसरे की अपेक्षा एकप्रदेश–अधिक होता है और दूसरा पहले की अपेक्षा एकप्रदेशहीन होता है। जब एक त्रिप्रदेशी स्कंध त्रिप्रदेशावगाढ़ होता है और दूसरा एकप्रदेशावगाढ़ होता है, तब पहला दूसरे की अपेक्षा दो प्रदेश अधिक और दूसरा पहले की अपेक्षा दो प्रदेश हीन होता है। इसी तरह चतुःप्रदेशी स्कंध से लेकर दसप्रदेशी स्कंध तक तुल्य, हीन और अधिक कहने चाहिए। दसप्रदेशी स्कंध यदि हीन होता है तो एकप्रदेशहीन, दोप्रदेशहीन यावत् नौप्रदेशहीन होता है और यदि अधिक होता है तो एकप्रदेश–अधिक, दोप्रदेश–अधिक यावत् नौप्रदेश–अधिक होता है। संख्यातप्रदेशी स्कंध संख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य, प्रदेश की अपेक्षा द्विस्थानपतित, अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित और १६ वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित होता है। असंख्यातप्रदेशी स्कंध असंख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य, प्रदेश की

वाले पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के १९ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाला पुद्गल कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाला पुद्गल भी इसी तरह कहना, किन्तु इसमें वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना चाहिए। जिस तरह काले वर्ण का कहा, उसी तरह शेष वर्णादि १९ बोल कहना।

द्रव्य के १३, क्षेत्र के १२, काल के १२, भाव के २६०, अवगाहना के ३५, स्थिति के ३९, भाव के ६३६, द्रव्य के तीन, क्षेत्र के तीन, काल के तीन, भाव के साठ, कुल १०७६ आलापक हुए।

३. भाषा का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, ११ वां पद)

यहां अठारह द्वारों से भाषा का वर्णन किया जाता है। अठारह द्वार---१. आदिद्वार, २. उत्पत्तिद्वार, ३. संस्थानद्वार, ४. पर्यवसित (पज्जवसिया) द्वार, ५. द्रव्यद्वार, ६. क्षेत्रद्वार, ७. कालद्वार, ८. भावद्वार, ९. दिशाद्वार, १०. स्थितिद्वार, ११. अन्तरद्वार, १२. ग्रहणद्वार, १३. निस्सरणद्वार, १४. ग्रहण-निस्सरणद्वार, १५. नामद्वार, १६. कारणद्वार, १७. पर्याप्तद्वार, १८. अल्पबहुत्वद्वार।

(१) आदिद्वार–भाषा की आदि जीव से है अर्थात् भाषा का मूल कारण जीव है। जीव के प्रयत्नविशेष के बिना बोध उत्पन्न करने वाली भाषा का होना संभव नहीं है।

(२) उत्पत्तिद्वार---भाषा की उत्पत्ति औदारिक, वैक्रिय

और आहारक शरीर से होती है।

(३) संस्थानद्वार—भाषा का संस्थान वज्र के आकार का है। लोक वज्र के संस्थान (आकार) वाला है। भाषा के द्रव्य भी सारे लोक में व्याप्त हैं। अतः भाषा भी वज्र के संस्थान वाली है।

(४) पर्यवसितद्वार—पर्यवसितद्वार का अर्थ है—भाषा का अवसान (अन्त) कहां होता है अर्थात् भाषा के पुद्गल कहां तक जाते हैं? भाषा के पुद्गल लोकान्त तक जाते हैं। आगे गति का आधारभूत धर्मास्तिकाय नहीं है, अतः भाषा के पुद्गलों का आगे जाना संभव नहीं है। विशिष्ट शक्तिसंपन्न पुरुष द्वारा बोले हुए भाषा के पुद्गल लोकान्त पर्यन्त जाते हैं, नहीं तो संख्यात, असंख्यात योजन तक जाकर नष्ट हो जाते हैं।

(५) द्रव्यद्वार—जीव भाषा रूप में अनन्त प्रदेशी पुद्गलस्कन्धों को ग्रहण करता है।

(६) क्षेत्रद्वार—क्षेत्र की अपेक्षा जीव असंख्यात आकाश प्रदेशों में अवगाढ–रहे हुए पुद्गलस्कन्धों को ग्रहण करता है।

(७) कालद्वार—काल की अपेक्षा एक समय, दो समय यावत् दस समय, संख्यात समय, असंख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण किये जाते हैं।

(८) भावद्वार—भाव की अपेक्षा वर्ण, गंध, रस और स्पर्श वाले पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण किये जाते हैं। इस पर प्रश्न होता है कि यदि वर्ण वाले पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण किये जाते हैं तो क्या एक वर्ण वाले, दो वर्ण वाले यावत् पांच वर्ण वाले पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण किये जाते है? ग्रहणयोग्य द्रव्यों की अपेक्षा एक वर्ण वाले, दो वर्ण वाले यावत् पांच वर्ण वाले पुद्गल भी ग्रहण किये जाते हैं और ग्रहण किये हुए सभी द्रव्यों की अपेक्षा नियम पूर्वक पांचों वर्ण के—काले, नीले, लाल, पीले और सफेद वर्ण के पुद्गल ग्रहण

मत करो। १०. संशयकरणी—जो भाषा अनेक अर्थ वाली होने से श्रोता के मन में संशय उत्पन्न करती है, जैसे सेंधव लाओ। सेंधव शब्द लवण, वस्त्र, पुरुष और घोड़े के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इस कारण श्रोता के मन में संशय उत्पन्न होता है कि इन चार वस्तुओं में से क्या लाने को कहा जा रहा है। ११. व्याकृत (वोगडा)—प्रकट, स्पष्ट अर्थ वाली भाषा। १२. अव्याकृता (अव्वोगडा)—जो भाषा गंभीर शब्द अर्थ वाली होने से स्पष्ट न हो।

समुच्चयभाषा के २० आलापक (भंग)—समुच्चय जीव और १९ दंडक। व्यवहारभाषा के २० आलापक—समुच्चय जीव और १९ दंडक। सत्यभाषा, असत्यभाषा और मिश्रभाषा, प्रत्येक के १७-१७ आलापक—समुच्चय जीव और १६ दंडक में पाये जाते। तीनों भाषा के १७×३ = ५१ आलापक हुए। एक जीव की अपेक्षा २०+२०+५१ = ९१ आलापक हुए और अनेक जीव की अपेक्षा १८२ आलापक हुए। दो सौ चालीस बोल भाषा रूप में ग्रहण करते हैं। इस तरह १८२×२४० = ४३६८० आलापक हुए।

(१६) कारणद्वार—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय कर्म के क्षयोपशम, मोहनीयकर्म के उदय और वचनयोग से असत्यभाषा और मिश्रभाषा बोलते हैं। ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय कर्म के क्षयोपशम और वचनयोग से सत्य और व्यवहार भाषा बोलते हैं। काययोग से भाषावर्गणा के पुद्गल ग्रहण कर वचनयोग से निकालते हैं।

(१७) पर्याप्तद्वार—भाषा दो तरह की होती है—पर्याप्त और अपर्याप्त। प्रतिनियत रूप से जिसका निश्चय हो सके, वह पर्याप्तभाषा है। सत्यभाषा और मृषाभाषा पर्याप्त है। जिसका प्रतिनियत रूप से निश्चय न हो सके, वह अपर्याप्तभाषा है। मिश्रभाषा और व्यवहारभाषा अपर्याप्तभाषा है।

किये जाते हैं। काले वर्ण वाले जो पुद्गल ग्रहण किये जाते हैं, वे एक गुण काले यावत् अनन्त गुण काले होते हैं। इसी तरह नीले, लाल, पीले और सफेद वर्ण वाले पुद्गल भी एक गुण यावत् अनंत गुण नीले, लाल, पीले और सफेद होते हैं। इसी तरह दो गंध– सुरभिगंध व दुरभिगंध और पांच रस–तीखे, कड़वे, कषैले, खट्टे व मीठे रस वाले पुद्गलों के लिए भी कहना।

स्पर्श की अपेक्षा एक स्पर्श वाले पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण नहीं किये जाते, किन्तु दो, तीन, चार, स्पर्श (उष्ण, शीत, स्निग्ध, रूक्ष) वाले पुद्गल ग्रहण किये जाते हैं। शेष चार स्पर्श वाले पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण नहीं किये जाते। शीतस्पर्श वाले जो पुद्गल ग्रहण *किये जाते हैं, वे एक गुण शीत, दो गुण शीत यावत् अनंत गुण शीत* होते हैं। इसी तरह उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष स्पर्श वाले पुद्गल भी कह देना।

उक्त पुद्गलों में भी जो पुद्गल आत्मा से स्पृष्ट (स्पर्श किये हुए) होते हैं, उन्हें ग्रहण करते हैं, अस्पृष्ट को ग्रहण नहीं करते। स्पृष्ट पुद्गलों में भी जो आत्मप्रदेशों के साथ एक क्षेत्र में रहे हुए हैं, उन अवगाढ़ पुद्गलों को ग्रहण किया जाता है, अनवगाढ़ पुद्गलों को ग्रहण नहीं किया जाता। अवगाढ़ पुद्गलों में भी अनंतरावगाढ़ अव्यवहित (आंतरारहित) पुद्गलों को ग्रहण किया जाता है किन्तु परम्परावगाढ़ पुद्गल ग्रहण नहीं किये जाते। अनंतरावगाढ़ अणु (थोड़े प्रदेश वाले) और बादर (बहुत प्रदेश वाले) दोनों तरह के पुद्गल ग्रहण किये जाते हैं। ये अणु बादर पुद्गल ऊपर के, नीचे के और तिरछे के ग्रहण किये जाते हैं। ये द्रव्य अन्तर्मुहूर्त तक ग्रहणयोग्य होते हैं। इन्हें प्रथम, द्वितीय आदि समयों में तथा अन्त समय में भी ग्रहण किया जाता है। ये पुद्गल स्वविषय यानी श्रोत्रेन्द्रिय के विषय होने पर ग्रहण किये जाते हैं तथा आनुपूर्वी से यानी क्रम

(१८) अल्पबहुत्वद्वार—१. सबसे थोड़े सत्यभाषा बोलने वाले, २. मिश्रभाषा बोलने वाले असंख्यातगुणा, ३. असत्यभाषा बोलने वाले असंख्यातगुणा, ४. व्यवहारभाषा बोलने वाले असंख्यातगुणा, ५. अभाषक अनन्तगुणा।

४. लेश्या के १२४२ भंगों का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, १७ वां पद, उद्देशा १)

आहार सम सरीरा, उस्सासे कम्म वन्न लेसासु।
सम वेयण सम किरिया, समाउया चेव बोद्धव्वा॥

यहां सम पद सबके साथ जोड़ना चाहिए, जैसे १. समआहार २. समशरीर, ३. समश्वासोच्छ्वास, ४. समकर्म ५. समवर्ण ६. समलेश्या, ७. समवेदना, ८. समक्रिया, ९. सम–आयुष्य। चौबीस दंडक में ये नौ द्वार बताये जाते हैं।

१.२.३—क्या नारकी के सभी नैरयिक सम–आहार वाले, समशरीर वाले और समश्वासोच्छ्वास वाले हैं? उत्तर—नारकी के नैरयिक सम–आहार वाले, समशरीर वाले समश्वासोच्छ्वास वाले नहीं हैं। नारकी के नैरयिक दो तरह के हैं—महाशरीर वाले और अल्पशरीर वाले। महाशरीर वाले नैरयिक बहुत पुद्गलों का आहार लेते हैं, बहुत पुद्गलों को पचाते हैं, बहुत पुद्गलों को श्वास रूप में लेते हैं और बहुत पुद्गलों को निःश्वास रूप में निकालते हैं। वे बार–बार आहार लेते हैं, बार–बार पचाते हैं, बार–बार श्वास लेते हैं और बार–बार निःश्वास निकालते हैं। अल्पशरीर वाले नैरयिक अल्प पुद्गलों का आहार लेते हैं, अल्प पुद्गल पचाते हैं, अल्प पुद्गलों को श्वास रूप में ग्रहण करते हैं और अल्प पुद्गल का निःश्वास रूप से छोड़ते हैं। वे कभी आहार लेते हैं, कभी आहार पचाते हैं, कभी श्वास लेते हैं और कभी निःश्वास छोड़ते हैं।

से ग्रहण किये जाते हैं, अर्थात् जो समीप होते हैं, उन्हें पहले व उनसे आगे के पुद्गलों को बाद में ग्रहण किया जाता है तथा नियम पूर्वक छहों दिशाओं से आये हुए पुद्गल ग्रहण किये जाते हैं।

जीव जिन द्रव्यों को भाषा रूप में ग्रहण करता है, उन्हें सान्तर भी ग्रहण करता है और निरन्तर भी ग्रहण करता है। यह अन्तर जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट असंख्यात समय का होता है। जब निरन्तर ग्रहण करता है तो जघन्य दो समय, उत्कृष्ट असंख्यात समय तक प्रति समय बिना व्यवधान (अंतर) के लगातार ग्रहण करता है। भाषा रूप में ग्रहण किये हुए द्रव्यों को जीव सांतर निकालता है, निरन्तर नहीं निकालता। सान्तर भाषा पुद्गलों को निकालने वाला जीव पहले समय में ग्रहण करता है, दूसरे समय में निकालता है। इस तरह जघन्य दो समय के अन्तर से, उत्कृष्ट असंख्यात समय यानी अन्तर्मुहूर्त के अन्तर से निकालता है। भाषा रूप से ग्रहण किये हुए पुद्गल जीव भिन्न भी निकालता है व अभिन्न भी निकालता है। जो भिन्न निकालता है वे अनन्तगुणवृद्धि से बढ़ते हुए लोकान्त का स्पर्श करते हैं। जो अभिन्न निकालता है वे असंख्यात अवगाहनावर्गणा* तक जाकर भिन्न होते हैं और वे भिन्न हुए पुद्गल संख्यात योजन जाकर नष्ट होते हैं।

इस तरह द्रव्य का एक, क्षेत्र का एक, काल के बारह, वर्णादि के १६×१३ =२०८ और स्पृष्ट आदि अठारह (स्पृष्ट, अवगाढ़, अनन्तरावगाढ़, अणु, बादर, ऊर्ध्व, अधः, तिर्यक्दिशा के, आदि,मध्य, अन्त, आनुपूर्वी, नियम पूर्वक छह दिशा के, सान्तर ग्रहण, निरन्तर ग्रहण, सान्तर निकालना, भिन्न निकालना, अभिन्न

---

* एक–एक भाषाद्रव्य का असंख्य प्रदेशात्मक क्षेत्रविभाग अवगाहना कहलता है। अवगाहना का समुदाय अवगाहनावर्गणा है।

४.५.६–क्या सभी नैरयिकों के समान कर्म हैं, समान वर्ण है और समान लेश्या है? इसका उत्तर भी निषेध रूप है। नैरयिक दो तरह के होते हैं–पूर्वोत्पन्न (पहले उत्पन्न हुए) और पश्चादुत्पन्न (बाद में उत्पन्न हुए), पूर्वोत्पन्न नैरयिक अल्प कर्म वाले होते हैं, क्योंकि वे बहुत कर्म भोग चुके हैं। पश्चादुत्पन्न नैरयिक महाकर्म वाले होते हैं, क्योंकि उन्हें बहुत कर्म भोगने बाकी हैं। पूर्वोत्पन्न नैरयिक विशुद्ध वर्ण वाले हैं और पश्चादुत्पन्न नैरयिक अविशुद्ध वर्ण वाले हैं। इसी तरह पूर्वोत्पन्न नैरयिक विशुद्ध लेश्या वाले हैं और पश्चादुत्पन्न नैरयिक अविशुद्ध लेश्या वाले हैं।

७. क्या नैरयिक समवेदना वाले हैं? इस प्रश्न का उत्तर भी निषेध रूप है। नैरयिक संज्ञी और असंज्ञी के भेद से दो प्रकार के हैं। जो संज्ञी नैरयिक हैं वे महावेदना वाले हैं और जो असंज्ञी हैं वे अल्पवेदना वाले हैं।

८. क्या नैरयिक समक्रिया वाले हैं? उत्तर–नैरयिक समक्रिया वाले नहीं हैं। नैरयिक समदृष्टि, मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि के भेद से तीन प्रकार के हैं। समदृष्टि नैरयिक के चार क्रियाएं होती हैं–आरम्भिकी (आरम्भिया), परिग्रहिकी (परिग्गहिया), मायाप्रत्यया (मायावत्तिया), अप्रत्याख्यान (अपच्चक्खाण) क्रिया। मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि नैरयिक के पांच क्रियाएं होती हैं–उक्त चार और मिथ्यादर्शनप्रत्यया (मिच्छादंसणवत्तिया)।

९. क्या नैरयिक सम–आयु वाले हैं? नहीं। नैरयिक चार प्रकार के हैं–१. समान आयु वाले साथ में उत्पन्न हुए, २. समान आयु वाले विषम (आगे–पीछे) उत्पन्न हुए, ३. विषम आयु वाले साथ में उत्पन्न हुए, ४. विषम आयु वाले विषम उत्पन्न हुए।

देवता के तेरह दंडक नारकी के नैरयिक की तरह कहना, किन्तु इनमें कर्म, वर्ण और लेश्या नैरयिकों से उलटी कहना। जैसे

निकालना) कुल २४० बोल हुए।

(९) दिशाद्वार–नियम पूर्वक छह दिशाओं से आए हुए पुद्गल भाषा रूप में ग्रहण किये जाते हैं।

(१०) स्थितिद्वार–भाषा की स्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की होती है।

(११) अन्तरद्वार–भाषा का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्त काल का है।

(१२) ग्रहणद्वार–जीव काययोग से भाषा के पुद्गल ग्रहण करता है।

(१३) निस्सरणद्वार–जीव वचनयोग से भाषा के पुद्गल निकालता है।

(१४) ग्रहण–निस्सरणद्वार–पहले समय में ग्रहण करता है, दूसरे और आगे के समयों में ग्रहण भी करता है, निकालता भी है और अन्त समय में सिर्फ निकालता ही है। इस प्रकार जघन्य दो समय, उत्कृष्ट असंख्यात समय प्रमाण अन्तर्मुहूर्त तक ग्रहण–निस्सरण करता है।

भाषा रूप से ग्रहण किये हुए पुद्गलों का भिन्न और अभिन्न निकालना कहा है।इनका भेद पांच प्रकार का होता है– १. खंडभेद, २. प्रतरभेद, ३. चूर्णिकाभेद, ४. अनुतटिकाभेद, ५. उत्करिकाभेद। १. खंडभेद–लोहा, तांबा, सीसा, चांदी, सोना आदि का खंड रूप से जो भेद होता है, वह खंडभेद है। २. प्रतरभेद–बांस, बेंत, बरू. केला और अभ्रक का प्रतर की तरह जो भेद होता है, वह प्रतरभेद है। ३. चूर्णिकाभेद–तिल, मूँग, उड़द, पीपल, मिर्च, सूँठ आदि का चूर्ण रूप से जो भेद होता है, वह चूर्णिकाभेद है। ४. अनुतटिकाभेद–कूप, नदी, तालाब, द्रह, बावड़ी, पुष्करिणी, सरोवर, सरोवरपंक्ति का अनुतटिका रूप से जो भेद होता है, वह

पूर्वोत्पन्न देवता महाकर्म वाले हैं, उन्होंने शुभकर्म भोग लिए हैं और उनके बहुत अशुभकर्म शेष रहे हैं और थोड़े समय में देवायु पूरी करके पृथ्वी आदि में उत्पन्न होने वाले हैं। पश्चादुत्पन्न अल्पकर्म वाले हैं। इसी तरह पूर्वोत्पन्न देवता अविशुद्धवर्ण वाले हैं और पश्चादुत्पन्न देवता विशुद्धवर्ण वाले हैं। पूर्वोत्पन्न देवता अविशुद्धलेश्या वाले हैं और पश्चादुत्पन्न देवता विशुद्धलेश्या वाले हैं। ज्योतिषी, वैमानिक में वेदनाद्वार इस तरह कहना–ज्योतिषी, वैमानिक के मायीमिथ्यादृष्टि और अमायीसम्यग्दृष्टि के भेद से दो–दो भेद हैं। मायीमिथ्यादृष्टि ज्योतिषी, वैमानिक के सातावेदनीय की अपेक्षा अल्पवेदना है और अमायीसम्यग्दृष्टि के सातावेदनीय की अपेक्षा महावेदना है।

पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय भी नैरयिक की तरह कहना। वेदना की अपेक्षा सरीखी वेदना वाले हैं, असंज्ञीभूत हैं, अव्यक्त वेदना वेदते हैं। क्रिया की अपेक्षा सभी मिथ्यादृष्टि हैं, इसलिए नियमपूर्वक पांच क्रिया वाले हैं।

तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी नैरयिक की तरह कहना। किन्तु क्रिया की अपेक्षा तिर्यंचपंचेन्द्रिय के तीन भेद हैं–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि। सम्यग्दृष्टि के दो भेद–संयतासंयत और असंयत। संयतासंयत के तीन क्रियाएं होती हैं–आरम्भिकी, परिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। असंयत के मिथ्यादर्शनप्रत्यया के सिवाय चार क्रियाएं होती हैं। मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि के पांच क्रियाएं होती हैं।

मनुष्य भी नैरयिक की तरह कहना, किन्तु आहार और क्रिया की अपेक्षा अन्तर है। आहार की अपेक्षा मनुष्य के दो भेद–महाशरीर और अल्पशरीर। जो महाशरीर हैं वे बहुत पुद्गलों का आहार लेते हैं, बहुत पुद्गल पचाते हैं, बहुत पुद्गल श्वास रूप में ग्रहण करते हैं और बहुत पुद्गल निःश्वास रूप से छोड़ते हैं। ये कभी आहार लेते हैं, कभी पचाते हैं, कभी श्वास रूप से पुद्गल ग्रहण

अनुतटिकाभेद है। ५. उत्करिकाभेद—मसूर, मूँग, उड़द, तिल की फली और एरण्डबीज—ये सूखने पर फट कर इनमें से दाने उछल कर बाहर निकलते हैं, यह उत्करिकाभेद है।

उक्त पांच प्रकार के भेद से भिन्न (अलग—अलग) हुए द्रव्यों का अल्पबहुत्व—(१) सब से थोड़े उत्करिकाभेद से भिन्न हुए द्रव्य, (२) अनुतटिकाभेद से भिन्न हुए द्रव्य अनन्तगुणा, (३) चूर्णिकाभेद से भिन्न हुए द्रव्य अनन्तगुणा, (४) प्रतरभेद से भिन्न हुए द्रव्य अनन्तगुणा, (५) खंडभेद से भिन्न हुए द्रव्य अनन्तगुणा।

(१५) नामद्वार—भाषा के चार भेद—१.सत्यभाषा, २. असत्यभाषा, ३. मिश्र (सत्यामृषा) भाषा, ४. व्यवहार (असत्यामृषा) भाषा।

सत्यभाषा के दस भेद—

जणवय सम्मत ठवणा, नामे रूवे पडुच्च सच्चे य।
ववहार भाव जोगे, दसमे ओवम्म सच्चे य॥

१. जनपदसत्य, २. सम्मतसत्य, ३. स्थापनासत्य, ४. नामसत्य, ५. रूपसत्य, ६. प्रतीत्यसत्य, ७. व्यवहारसत्य, ८. भावसत्य, ९. योगसत्य, १०. उपमासत्य।

१. जनपदसत्य—देशविशेष की अपेक्षा इष्ट अर्थ का ज्ञान कराने वाली, व्यवहार की हेतु रूप जो भाषा है, वह जनपदसत्य है। जैसे कोंकणदेश में पानी को 'पिच्च' कहते हैं।

२. सम्मतसत्य—सभी लोगों को सम्मत होने से जो सत्य रूप से प्रसिद्ध है, वह सम्मतसत्य है। जैसे पंकज शब्द का अर्थ कीचड़ से उत्पन्न होने वाला होता है। कीचड़ से कमल, कुमुद, शेवाल, मेंढक आदि उत्पन्न होते हैं, किन्तु कमल को ही पंकज कहते हैं, अन्य को नहीं।

३. स्थापनासत्य—सदृश अथवा विसदृश आकार वाली

करते हैं और कभी निःश्वास रूप से छोड़ते हैं। जो अल्प शरीर हैं, वे थोड़े पुद्गलों का आहार लेते हैं, थोड़े पुद्गल पचाते हैं, थोड़े पुद्गल श्वास रूप में ग्रहण करते हैं और थोड़े पुद्गल निःश्वास रूप से छोड़ते हैं। वे बार—बार आहार करते हैं, बार—बार पचाते हैं, बार—वार श्वास लेते हैं और बार—बार निःश्वास छोड़ते हैं। क्रिया की अपेक्षा मनुष्य के तीन भेद—सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि। सम्यग्दृष्टि के तीन भेद—संयत, संयतासंयत और असंयत। संयत के दो भेद—सरागसंयत और वीतरागसंयत। वीतरागसंयत के पांचों क्रियाएं नहीं होतीं। सरागसंयत के दो भेद—प्रमादी, अप्रमादी। अप्रमादी के एक मायाप्रत्यया क्रिया होती है। प्रमादी के दो क्रियाएं—आरम्भिकी और मायाप्रत्यया होती हैं। संयतासंयत के तीन क्रियाएं होती है—आरम्भिकी, परिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। असंयत के मिथ्यादर्शनप्रत्ययाक्रिया के सिवाय चार क्रियाएं होती हैं। मिश्रदृष्टि और मिथ्यादृष्टि के पांच क्रियाएं होती हैं। २४×९ = २१६। समुच्चय चौवीस दंडक के २१६ आलापक कहे, उसी तरह चौवीस दंडक में प्रत्येक के साथ 'सलेश्य' पद जोड़ कर २१६ आलापक कहना चाहिये।

कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या के २२ दंडक के २२×३×९ = ५९४ आलापक नैरयिक की तरह कहना। इतना अन्तर है कि नारकी में कृष्णलेश्या, नीललेश्या में वेदना की अपेक्षा संज्ञी, असंज्ञी भेद नहीं कर, अमायीसम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि, ये दो भेद करना। मनुष्य में क्रिया की अपेक्षा तीन भेद कहना—संयत, संयतासंयत और असंयत। संयत के दो क्रियाएं होती हैं—आरम्भिकी और मायाप्रत्यया। संयतासंयत के तीन क्रियाएं होती हैं—आरम्भिकी, परिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। असंयत के मिथ्यादर्शनप्रत्ययाक्रिया के सिवाय चार क्रियाएं होती हैं।

वस्तु में वस्तुविशेष की स्थापना करके उसे उस नाम से कहना स्थापनासत्य है। जैसे शतरंज के मोहरों को हाथी, घोड़ा, ऊँट आदि कहना। विशेष प्रकार से अङ्क लिखकर उसमें संख्याविशेष का आरोप करना भी स्थापनासत्य है। जैसे एक अङ्क के आगे दो शून्य रखने पर सौ की संख्या मानना, तीन शून्य रखने पर हजार की संख्या मानना। स्थापनासत्य के सद्भावस्थापना और असद्भावस्थापना के भेद से दो भेद हैं। जिसकी स्थापना करनी है, उसकी आकृति बना उसमें उसकी स्थापना करना सद्भावस्थापना है, जैसे चारभुजा की मूर्ति में चार भुजा की स्थापना कर उसे चारभुजा कहना। आकार आदि की अपेक्षा न कर जिस किसी वस्तु में वस्तुविशेष की स्थापना करना, असद्भावस्थापना है। जैसे पांच पचेटा (कंकर) रखकर आखा चढ़ाकर उसे शीतला कहना।

४. नामसत्य—गुण की अपेक्षा न कर किसी का नाम विशेष रख देना नामसत्य है। जैसे कुल की वृद्धि न करने वाले व्यक्ति का नाम कुलवर्धन रखना।

५. रूपसत्य—रूप—वेश देखकर वेश के गुणों से रहित व्यक्ति को भी उस रूप से कहना, रूपसत्य है। जैसे कपट से साधु का वेश पहनने वाले व्यक्ति को साधु कहना।

६. प्रतीत्यसत्य—दूसरी वस्तु की अपेक्षा जो सत्य है, वह प्रतीतसत्य है। जैसे कनिष्ठ (छोटी) अंगुली की अपेक्षा अनामिका अंगुली बड़ी है और मध्यांगुली की अपेक्षा अनामिका अंगुली छोटी है। जैसे एक ही व्यक्ति अपने पिता की अपेक्षा पुत्र है और पुत्र की अपेक्षा पिता है।

७. व्यवहारसत्य—व्यवहार लोकविवक्षा की अपेक्षा जो सत्य है, वह व्यवहारसत्य है। जैसे पहाड़ जलता है, घड़ा झरता है

तेजोलेश्या के अठारह दंडक समुच्चय की तरह कहना, किन्तु वेदना की अपेक्षा पन्द्रह दंडक में मायीमिथ्यादृष्टि और अमायीसम्यग्दृष्टि, ये दो भेद कहना। पृथ्वी, पानी, वनस्पति में असंज्ञी की अपेक्षा अल्पवेदना और क्रिया की अपेक्षा पांच क्रिया कहनी। मनुष्य में क्रिया की अपेक्षा सराग, वीतराग भेद नहीं करना। ये १८×९ = १६२ आलापक हुए।

पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या के तीन–तीन दंडक–तिर्यंचपंचेन्द्रिय, मनुष्य और वैमानिक, तेजोलेश्या की तरह कहना। ये ३×२×९ = ५४ आलापक हुए।

कुल २१६+२१६+५९४+१६२+५४ = १२४२ आलापक हुए।

५. लेश्या के ४६ अल्पबहुत्व (अल्पाबोध) का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, १७ वां पद, उ.२)

१. लेश्या कितनी................६
२. नारकी में लेश्या..............३
३. तिर्यंच में लेश्या................६
४. एकेन्द्रिय में लेश्या............४
५. पृथ्वीकाय में लेश्या...........४
६. अप्काय में लेश्या.............४
७. तेजस्काय में लेश्या...........३
८. वायुकाय में लेश्या............३
९. वनस्पतिकाय में लेश्या.......४
१०. द्वीन्द्रिय में लेश्या..............३
११. त्रीन्द्रिय में लेश्या..............३

आदि। सच तो यह है कि पहाड़ नहीं जलता है, पर पहाड़ में रहे तृणा काष्ठादि जलते हैं। इसी तरह घड़ा नहीं झरता है किन्तु घड़े में रहा हुआ पानी झरता है। किन्तु लोकव्यवहार से 'पहाड़ जलता है,घड़ा झरता है' जो कहा जाता है, वह व्यवहारसत्य है।

८. भावसत्य—वर्णादि भाव की अपेक्षा जो सत्य है यानी जिसमें जिस वर्णविशेष की अधिकता है उसे उस वर्णविशेष वाला कहना भावसत्य है। जैसे कोयल काली है, तोता हरा है, बगुला सफेद है। यद्यपि इनमें निश्चय से पांचों ही वर्ण पाये जाते हैं, किन्तु काले, हरे और सफेद वर्ण की अधिकता की अपेक्षा इन्हें काला, हरा और सफेद कहा जाता है।

९. योगसत्य—योग का अर्थ सम्बन्ध है। सम्बन्ध की अपेक्षा जो सत्य है, वह योगसत्य है। जैसे छत्र के सम्बन्ध से पुरुष को छत्री और दंड के सम्बन्ध से दंडी कहना।

१०. उपमासत्य—उपमा की अपेक्षा सत्य उपमासत्य है। उपमा चार तरह की है—(१) सत् को सत् की उपमा, जैसे पद्मनाभ तीर्थंकर भगवान् महावीरं जैसे होंगे। (२) सत् को असत् की उपमा, जैसे नारकी, देवता का पल्योपम, सागरोपम का आयुष्य सत् है, किन्तु पल्य और सागर की उपमा असत् है। (३) असत् को सत् की उपमा जैसे पत्र और वृक्ष की बातचीत—

पान झरन्तो इम कहे, सुन तरुवर वनराय।
अबके बिछुड़े कब मिलें, दूर पडेंगे जाय।।
तब तरुवर उत्तर दियो, सुनो पत्र इक बात।
इस घर याही रीत है, इक आवत इक जात॥
पान झरन्तो देखके, हँसी कूँपलियां।
मो बीती तोय बीतसी, धीरी रह बावरियां॥

१२. चतुरिन्द्रिय में लेश्या..........३
१३. समुच्चय तिर्यंचपंचेन्द्रिय में लेश्या..........६
१४. असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय में लेश्या............३
१५. गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय में लेश्या..............६
१६. गर्भज तिर्यंचस्त्री में लेश्या....................६
१७. समुच्चय मनुष्य में लेश्या.......................६
१८. सम्मूर्छिम मनुष्य में लेश्या......................३
१९. गर्भज मनुष्य में लेश्या...........................६
२०. गर्भज स्त्री में लेश्या.............................६
२१. समुच्चय देवता में लेश्या.......................६
२२. समुच्चय देवी में लेश्या..........................४
२३. भवनपतिदेव में लेश्या...........................४
२४. भवनपतिदेवी में लेश्या...........................४
२५. व्यन्तरदेव में लेश्या..............................४
२६. व्यन्तरदेवी में लेश्या.............................४
२७. ज्योतिषीदेव में लेश्या.............................१
२८. ज्योतिषीदेवी में लेश्या............................१
२९. वैमानिकदेव में विशुद्ध लेश्या....................३
३०. वैमानिकदेवी में लेश्या.............................१

(१) समुच्चय सलेश्य (लेश्या वाले) जीवों के अल्पबहुत्व के आठ बोल—१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले ,२. पद्मलेश्या वाले संख्यातगुणा, ३. तेजोलेश्या वाले* संख्यातगुणा, ४. अलेश्य (अलेशी) अनन्तगुणा, ५. कापोतलेश्या वाले अनन्तगुणा, ६. नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ७. कृष्णलेश्या वाले विशेषाधिक, ८.

---

* कई आचार्य असंख्यातगुणा भी कहते हैं।

कबै पान मुख बोलियो, कब तरुवर दियो जवाब।
वीर वखाणी ऊपमा, अनुयोगद्वार मंझार।।

(४) असत् को असत् की उपमा—जैसे घोड़े का सींग गधे के सींग सरीखा है और गधे का सींग घोड़े के सींग जैसा है।

असत्यभाषा के दस भेद—

कोहे माणे माया लोभे पिज्जे तहेव दोसे य।
हास भय अक्खाइय, उवघाइय णिस्सिया दसमा।।

१. क्रोधनिःसृत, २. माननिःसृत, ३. मायानिःसृत, ४. लोभनिःसृत, ५. प्रेमनिःसृत, ६. द्वेषनिःसृत, ७. हास्यनिःसृत, ८. भयनिःसृत, ९. आख्यायिकानिःसृत, १०. उपघातनिःसृत।

क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेम (राग), द्वेष, हास्य और भय के वश वोली हुई भाषा सत्य या असत्य होने पर भी असत्य होती है। कथाओं में असंभव वातोंका वर्णन आख्यायिकानिःसृत असत्य है। जीवों की हिंसा हो, ऐसी भाषा बोलना, 'तू चोर है', इस प्रकार झूठा दोष देना उपघातनिःसृत असत्य है।

मिश्रभाषा के दस भेद—१. उत्पन्नमिश्रिता, २. विगतमिश्रिता, ३. उत्पन्न—विगतमिश्रिता, ४. जीवमिश्रिता, ५. अजीवमिश्रिता, ६. जीव—अजीवमिश्रिता, ७. अनन्तमिश्रिता, ८. प्रत्येकमिश्रिता, ९. अद्धामिश्रिता, १०. अद्धद्धामिश्रिता।

१. उत्पन्नमिश्रिता (उप्पण्णमिस्सिया)—किसी गांव या नगर की जन्मसंख्या निश्चित रूप से ज्ञात न होने पर भी यह कहना कि 'आज दस वालक जन्मे', उत्पन्नमिश्रिता भापा है, क्योंकि दस से कम या अधिक वालक भी जन्म सकते हैं। २. विगतमिश्रिता (विगतमिस्सिया)—गांव या नगर विशेष की निश्चित मृत्युसंख्या ज्ञात न होने पर भी यह कहना कि 'आज यहां दस मरे', विगतमिश्रिता

सलेश्य (सलेशी) विशेषाधिक।

(२) नारकी के तीन बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े कृष्णलेश्या वाले, २. नीललेश्या वाले असंख्यातगुणा, ३. कापोतलेश्या वाले असंख्यातगुणा।

(३) तिर्यंच के छह बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले, २. पद्मलेश्या वाले संख्यातगुणा, ३. तेजोलेश्या वाले संख्यातगुणा, ४. कापोतलेश्या वाले अनन्तगुणा, ५. नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ६. कृष्णलेश्या वाले विशेषाधिक।

(४) एकेन्द्रिय के चार बोलों का अल्पबहुत्व—१ सवसे थोड़े तेजोलेश्या वाले, २. कापोतलेश्या वाले अनन्तगुणा, ३. नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ४. कृष्णलेश्या वाले विशेषाधिक।

(५) पृथ्वीकाय के चार बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े तेजोलेश्या वाले,२. कापोतलेश्या वाले असंख्यातगुणा, ३. नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ४ कृष्णलेश्या वाले विशेषाधिक।

(६) अप्काय के चार बोलों का अल्पबहुत्व पृथ्वीकाय की तरह कहना।

(७) तेजस्काय के तीन बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े कापोतलेश्या वाले, २ नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ३ कृष्णलेश्या वाले विशेषाधिक।

(८) वायुकाय के तीन बोलों का अल्पबहुत्व तेजस्काय की तरह कहना।

(९) वनस्पतिकाय के चार बोलों का अल्पबहुत्व एकेन्द्रिय के अल्पबहुत्व की तरह कहना।

(१०–११–१२) तीन विकलेन्द्रिय—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय—के तीन वोलों का अल्पवहुत्व तेजस्काय की तरह कहना।

भाषा है। दस से कम या ज्यादा भी मर सकते हैं। ३. उत्पन्न–विगतमिश्रिता (उप्पण्ण–विगतमिस्सिया)–गांव या नगर विशेष की निश्चित जन्म, मृत्यु संख्या ज्ञात न होने पर भी 'दस जन्मे, दस मरे', इस प्रकार निश्चित जन्म, मृत्युसंख्या कहना, उत्पन्न–विगतमिश्रिता भाषा है। जन्म, मृत्यु संख्या ज्यादा कम भी हो सकती है। ४. जीवमिश्रिता (जीवमिस्सिया)–कोई व्यक्ति धान लाया, जिसमें धनेरिया आदि जीव हैं और कंकर भी हैं, उसे देखकर कहना कि जीव ही उठा लाया। यह भाषा जीवित प्राणियों की अपेक्षा सत्य है और कंकर आदि की अपेक्षा असत्य है, अतः मिश्रित है। ५. अजीवमिश्रिता (अजीवमिस्सिया)–कोई धान लाया, जिसमें कंकर भी हैं। उसके लिए कहना कि कंकर ही कंकर उठा लाया। यह भाषा कंकर की अपेक्षा सत्य और धान की अपेक्षा असत्य होने से मिश्रित है। ६. जीवाजीवमिश्रिता (जीवाजीवमिस्सिया)–उक्त कंकर मिश्रित धान्य राशि के लिए यह कहना कि अर्ध परिमाण में धान और कंकर उठा लाया, जीवाजीवमिश्रिता भाषा है, क्योंकि धान और कंकर का परिमाण न्यूनाधिक संभव है। ७. अनन्तमिश्रिता (अणंतमिस्सिया)–पत्ते अथवा अन्य प्रत्येकवनस्पतिकाय से मिश्रित मूले आदि के लिए 'यह अनन्तकाय है' कहना, अनन्तमिश्रिता भाषा है। ८. प्रत्येकमिश्रिता (परित्तमिस्सिया)–प्रत्येकवनस्पति के समूह को अनन्तकाय के साथ मिला हुआ देखकर 'यह वनस्पति है' कहना प्रत्येकमिश्रिता भाषा है। ९. अद्धामिश्रिता (अद्धामिस्सिया)–अद्धा का अर्थ काल है। यहां दिन–रात समझना। जैसे दिन रहते किसी को कहना–उठ, रात्रि बीत गई, अथवा रात्रि रहते किसी को कहना–चलो, सूर्योदय हो गया। यह अद्धामिश्रिता भाषा है। १०. अद्धद्धामिश्रिता (अद्धद्धामिस्सिया)–दिन या रात्रि का एक देश

(१३) समुच्चय तिर्यंचपंचेन्द्रिय के छह बोलों का अल्प–बहुत्व–१ सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले, २ पद्मलेश्या वाले संख्यातगुणा, ३ तेजोलेश्या वाले संख्यातगुणा, ४ कापोतलेश्या वाले असंख्यातगुणा, ५ नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ६ कृष्णलेश्या वाले विशेषाधिक।

(१४) सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय के तीन बोलों का अल्प–बहुत्व तेजस्काय की तरह कहना।

(१५) गर्भज तिर्यचपंचेन्द्रिय के छह बोलों का अल्पबहुत्व १ सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले, २ पद्मलेश्या वाले संख्यातगुणा, ३ तेजोलेश्या वाले संख्यातगुणा, ४ कापोतलेश्या वाले संख्यातगुणा, ५ नीललेश्या वाले विशेषाधिक, ६ कृष्णलेश्या वाले विशेपाधिक।

(१६) तिर्यचस्त्री के छह बोलों का अल्पवहुत्व उपर्युक्त गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय के अल्पबहुत्व की तरह कहना।

(१७) गर्भज तिर्यचपंचेन्द्रिय और तिर्यंचस्त्री के वारह वोलों का शामिल अल्पबहुत्व–१. सवसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले तिर्यचपंचेन्द्रिय, २. शुक्ललेश्या वाली तिर्यचस्त्री संख्यातगुणी, ३. पद्मलेश्या वाले तिर्यचपंचेन्द्रिय संख्यातगुणा, ४. पद्मलेश्या वाली तिर्यचस्त्री संख्यातगुणी, ५. तेजोलेश्या वाले तिर्यचपंचेन्द्रिय संख्यातगुणा, ६.तेजोलेश्या वाली तिर्यचस्त्री संख्यातगुणी, ७. कापोतलेश्या वाले तिर्यचपंचेन्द्रिय संख्यातगुणा, ८. नीललेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक, ९. कृष्णलेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक, १०. कापोतलेश्या वाली तिर्यचस्त्री संख्यातगुणी, ११. नीललेश्या वाली तिर्यंचस्त्री विशेपाधिक, १२. कृष्णलेश्या वाली तिर्यचस्त्री विशेपाधिक।

(१८) गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय और सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय के नौ वोलों का अल्पबहुत्व–गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय के पन्द्रहवें

अद्धद्ध कहा जाता है। जैसे पहले पौरुषी (पोरसी) के समय ही किसी को 'उठो, चलो दोपहर हो गया' कहना, अद्धद्धामिश्रिता भाषा है।

व्यवहारभाषा के बारह भेद–

आमंतणी आणमणी, जायणी तह पुच्छणी य पण्णवणी।
पच्चक्खाणी भासा, भासा इच्छाणुलोमा य ॥१॥
अणभिग्गहिया भासा, भासा य अभिग्गहम्मि बोद्धव्वा।
संसयकरणी भासा, वोगड अव्वोगडा चेव ॥२॥

१. आमंत्रणी, २. आज्ञापनी, ३. याचनी, ४. पृच्छनी, ५. प्रज्ञापनी, ६. प्रत्याख्यानी, ७. इच्छानुलोमा, ८. अनभिगृहीता (अणभिग्गहिया), ९ अभिगृहीता, १०. संशयकरणी, ११. व्याकृता, (वोगडा), १२. अव्याकृता (अव्वोगडा)।

१. *आमंत्रणी*–'*हे देवदत्त*'–*इस प्रकार संबोधन रूप* भाषा। २. आज्ञापनी–आज्ञा रूप भाषा, जैसे–यह करो, उठो, बैठो। ३. याचनी–अमुक वस्तु दो, इस प्रकार याचना रूप भाषा। ४. पृच्छनी–अज्ञात अथवा संदिग्ध वस्तु का ज्ञान करने के लिए उस विषय के ज्ञाता से पूछना। ५. प्रज्ञापनी–विनेयजन (शिष्यों) को उपदेश देना, जिससे वे प्राणिवध से निवृत्त हों और दूसरे भव में दीर्घायु और निरोग हों। ६. प्रत्याख्यानी–प्रत्याख्यान (पच्चक्खाण) करना। ७. इच्छानुलोमा–कोई व्यक्ति किसी कार्य को शुरू करते हुए पूछे, उस पर यह कहना कि जैसी तुम्हारी इच्छा। ८. अनभिगृहीता (अणभिग्गहिया)–जिस भाषा से नियत का अर्थ निश्चय न हो। जैसे बहुत कार्य होने पर कोई किसी से पूछे कि अब क्या करूँ? इस पर यह कहना कि जो देखो सो करो। ९. अभिगृहीता (अभिग्गहिया)–जिस भाषा से नियत अर्थ का निश्चय हो। जैसे उपरोक्त प्रश्न के उत्तर में यह कहना कि अभी यह कार्य करो, यह

अल्पबहुत्व के समान १ से ६ बोल कहना। ७ कापोतलेश्या वाले सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय असंख्यातगुणा, ८. नीललेश्या वाले सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक, ९. कृष्णलेश्या वाले सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक।

(१९) तिर्यंचस्त्री और सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय के नव बोलों का अल्पबहुत्व उपर्युक्त अठारहवें अल्पबहुत्व की तरह कहना। किन्तु पहले छह बोल में गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय की जगह तिर्यंचस्त्री कहना।

(२०) गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय, गर्भज तिर्यंचस्त्री और सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय के पन्द्रह बोलों का अल्पबहुत्व गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय और तिर्यंचस्त्री के सत्रहवें अल्पबहुत्व के अनुसार १ से १२ बोल तक कहना। १३ कापोतलेश्या वाले सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय असंख्यातगुणा, १४ नीललेश्या वाले सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक, १५. कृष्णलेश्या वाले सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक।

(२१) समुच्चय तिर्यंचपंचेन्द्रिय और तिर्यंचस्त्री के बारह बोलों का अल्पबहुत्व–१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय, २. शुक्ललेश्या वाली तिर्यंचस्त्री संख्यातगुणी, ३. पद्मलेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय संख्यातगुणा, ४. पद्मलेश्या वाली तिर्यंचस्त्री संख्यातगुणी, ५. तेजोलेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय संख्यातगुणा, ६. तेजोलेश्या वाली तिर्यंचस्त्री संख्यातगुणी, ७. कापोतलेश्या वाली तिर्यंचस्त्री संख्यातगुणी, ८. नीललेश्या वाली तिर्यंचस्त्री विशेषाधिक, ९. कृष्णलेश्या वाली तिर्यंचस्त्री विशेषाधिक, १०. कापोतलेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय असंख्यातगुणा, ११. नीललेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक, १२. कृष्णलेश्या वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय विशेषाधिक।

(२२) समुच्चय तिर्यंच और तिर्यंचस्त्री के बारह बोलों का अल्पबहुत्व इक्कीसवें अल्पबहुत्व की तरह कहना किन्तु दसवें बोल में कापोतलेश्या वाले तिर्यंच अनन्तगुणा कहना।

(२३) समुच्चय मनुष्य के छह बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले मनुष्य, २. पद्मलेश्या वाले मनुष्य संख्यातगुणा, ३. तेजोलेश्या वाले मनुष्य संख्यातगुणा, ४. कापोतलेश्या वाले मनुष्य असंख्यातगुणा, ५. नीललेश्या वाले मनुष्य विशेषाधिक, ६. कृष्णलेश्या वाले मनुष्य विशेषाधिक।

(२४) सम्मूर्छिम मनुष्यों के तीन बोलों का अल्प-बहुत्व—१. सबसे थोड़े कापोतलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य, २. नीललेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक, ३. कृष्णलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक।

(२५) गर्भज मनुष्य के छह बोलों का अल्पवहुत्व समुच्चय मनुष्य के छह वोल के तेईसवें अल्पबहुत्व के समान छह बोल कहना, किन्तु चौथे वोल में संख्यातगुणा कहना और सभी बोलों में गर्भज मनुष्य कहना।

(२६) गर्भज मनुष्यस्त्री के छह वोलों के अल्पबहुत्व उपर्युक्त गर्भज मनुष्य के २५ वें अल्पवहुत्व की तरह कहना। गर्भज मनुष्य की जगह गर्भज मनुष्यस्त्री कहना।

(२७) गर्भज मनुष्य और गर्भज स्त्री के बारह वोलों का अल्पवहुत्व—१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले गर्भज मनुष्य, २. शुक्ललेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ३. पद्मलेश्या वाले गर्भज मनुष्य संख्यातगुणा, ४. पद्मलेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ५. तेजोलेश्या वाले गर्भज मनुष्य संख्यातगुणा, ६. तेजोलेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ७. कापोतलेश्या वाले गर्भज मनुष्य संख्यातगुणा, ८. नीललेश्या वाले गर्भज मनुष्य विशेषाधिक, ९.

(५) शुद्धद्वार, (६) अप्रशस्तद्वार, (७) संक्लिष्टद्वार, (८) उष्णद्वार, (९)गतिद्वार,(१०)परिणामद्वार,(११)प्रदेशद्वार,(१२)अवगाढद्वार, (१३) वर्गणाद्वार, (१४) स्थानद्वार, (१५) अल्पबहुत्व।

(१) परिणामद्वार–क्या कृष्णलेश्या नीललेश्या को पाकर नीललेश्या रूप एवं नीललेश्या के वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श रूप में बार–बार परिणत होती है? हाँ, कृष्णलेश्या नीललेश्या रूप में एवं नीललेश्या के वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श रूप में बार–बार परिणत होती है।जैसे दूध छाछ के संयोग से अपना मीठा स्वाद छोड कर खट्टा हो जाता है, अथवा श्वेत वस्त्र मंजीठादि के रंगने से मंजीठादि के वर्ण का हो जाता है। इसी तरह नीललेश्या कापोतलेश्या रूप में, कापोतलेश्या तेजोलेश्या रूप में, तेजोलेश्या पद्मलेश्या रूप में और पद्मलेश्या शुक्ललेश्या रूप में बार–बार परिणत होती है।

इसी तरह कृष्णलेश्या–नीललेश्या, कापोतलेश्या, तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या को पाकर नीललेश्या यावत् शुक्ललेश्या रूप में एवं उन–उन लेश्याओं के वर्ण, गंध, रस, स्पर्श रूप में बार–बार परिणत होती है। जैसे वैडूर्यमणि कृष्ण, नील, रक्त, पीत और श्वेत वर्ण के सूत्र (धागे) का संयोग पाकर कृष्ण,नील, रक्त, पीत और श्वेत वर्ण की हो जाती है। कृष्णलेश्या की तरह शेष लेश्याएं भी अपने से भिन्न पांच लेश्याओं को पाकर उन उन लेश्याओं के रूप में एवं उनके वर्ण, गंध, रस और स्पर्श रूप में बार–बार परिणत हो जाती हैं।

(२) वर्णद्वार–कृष्णलेश्या का वर्ण काला है। बादल, अंजन, खंजन, महिषशृङ्ग, कज्जल, कोयल, भ्रमर, भ्रमरपंक्ति, हाथी का बच्चा, कृष्ण बकुल, कृष्ण अशोक, कृष्ण कणेर, कृष्ण बंधुजीवक प्रमुख काले वर्ण के पदार्थों से भी कृष्णलेश्या का वर्ण

कृष्णलेश्या वाले गर्भज मनुष्य विशेषाधिक, १०. कापोतलेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ११. नीललेश्या वाली मनुष्यस्त्री विशेषाधिक, १२. कृष्णलेश्या वाली मनुष्यस्त्री विशेषाधिक।

(२८) गर्भज मनुष्य और सम्मूर्छिम मनुष्य के नौ बोलों का शामिल अल्पबहुत्व गर्भज मनुष्य के छह बोलों के पच्चीसवें अल्पबहुत्व के समान १ से ६ बोल तक कहना। ७. कापोतलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य संख्यातगुणा, ८. नीललेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक, ९. कृष्णलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक।

(२९) गर्भज मनुष्यस्त्री और सम्मूर्छिम मनुष्य के नौ बोलों का अल्पबहुत्व गर्भज मनुष्यस्त्री के छह बोलों के छब्बीसवें अल्पबहुत्व के समान १ से ६ बोल तक कहना। ७. कापोतलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य असंख्यातगुणा, ८. नीललेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक, ९. कृष्णलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक।

(३०) गर्भज मनुष्य, मनुष्यस्त्री और सम्मूर्छिम मनुष्य के पन्द्रह बोलों का शामिल अल्पबहुत्व गर्भज मनुष्य और मनुष्यस्त्री के बारह बोलों के २७ वें अल्पबहुत्व के समान १ से १२ बोल तक कहना। १३. कापोतलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य असंख्यातगुणा, १४. नीललेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक, १५. कृष्णलेश्या वाले सम्मूर्छिम मनुष्य विशेषाधिक।

(३१) समुच्चय मनुष्य और मनुष्यस्त्री के बारह बोलों का शामिल अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले मनुष्य, २. शुक्ललेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ३. पद्मलेश्या वाले मनुष्य संख्यातगुणा, ४. पद्मलेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ५. तेजोलेश्या वाले मनुष्य संख्यातगुणा, ६. तेजोलेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ७. कापोतलेश्या वाली मनुष्यस्त्री संख्यातगुणी, ८. नीललेश्या वाली मनुष्यस्त्री विशेषाधिक, ९. कृष्णलेश्या वाली

अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और अमनोज्ञतर है। नीललेश्या का वर्ण नीला है। भृंगपक्षी, चाषपक्षी, तोता, इनके पंख, प्रियंगुलता, वनराजि (वन की पंक्ति), कबूतर और मोर की ग्रीवा, बलदेव का नीलवस्त्र, नील कमल, नील अशोक, नील कणेर, नील बंधुजीवक प्रमुख नील वर्ण के पदार्थों से भी नील लेश्या का वर्ण अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और अमनोज्ञतर है। कापोतश्या का वर्ण बैंगनी (लाल और काला रंग मिला हुआ) है। खैरसार, करीरसार, धमाससार, तांबा, तांबे के बरतन, बैंगन का फूल, जवासाकुसुम प्रमुख बैंगनी वर्ण के पदार्थों से भी कापोतलेश्या का वर्ण अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ और अमनोज्ञतर है। तेजोलेश्या का वर्ण लाल रंग का है। खरगोश, सूअर, सांवर, बकरे और मनुष्य का रक्त, इन्द्रगोप, बाल सूर्य, संध्या की लालिमा, गुंजा का आधा लाल भाग, जातिवन्त हिंगुल, प्रवालांकुर, लाक्षरस, लोहिताक्षमणि, किरमची रंग की कम्बल, हाथी का तालवा, पारिजातपुष्प, जवाकुसुम, किंशुक (ढाक) का फूल, रक्तकमल, रक्तअशोक, रक्त कणेर, रक्त बन्धुजीवक प्रमुख लाल वर्ण के पदार्थों की अपेक्षा तेजोलेश्या का वर्ण अधिक इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मनोज्ञतर है। पद्मलेश्या का वर्ण पीला है। चम्पक, चम्पक की छाल, चम्पक का टुकड़ा, हल्दी, हल्दी की गुटिका, हल्दी का टुकड़ा, हरिताल, हरिताल की गुटिका, हरिताल का टुकड़ा, स्वर्ण का चीप, कसौटी पर कसे हुए सोने का कष, वासुदेव का पीत (पीला) वस्त्र, स्वर्णचम्पा का पुष्प, कूष्माण्ड (कोला) का पुष्प, स्वर्णजूही, कोरन्टपुष्पों की माला, पीत अशोक, पीत कणेर, पीत बन्धुजीवक प्रमुख पीले वर्ण के पदार्थों की अपेक्षा पद्मलेश्या का वर्ण अधिक इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मनोज्ञतर है। शुक्ललेश्या का वर्ण श्वेत है। अङ्करत्न, शंख, चन्द्र, कुन्दपुष्प (मोगरा), जल, दूध, दही,

मनुष्यस्त्री विशेषाधिक, १०. कापोतलेश्या वाले मनुष्य असंख्यातगुणा, ११. नीललेश्या वाले मनुष्य विशेषाधिक, १२. कृष्णलेश्या वाले मनुष्य विशेषाधिक।

(३२) समुच्चय देवता के छह बोलों का अल्पबहुत्व– १. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले देवता, २. पद्मलेश्या वाले देवता असंख्यातगुणा, ३. कापोतलेश्या वाले देवता असंख्यातगुणा, ४. नीललेश्या वाले देवता विशेषाधिक, ५. कृष्णलेश्या वाले देवता विशेषाधिक, ६. तेजोलेश्या वाले देवता संख्यातगुणा।

(३३) समुच्चय देवी के चार बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़ी कापोतलेश्या वाली देवियां, २. नीललेश्या वाली देवियां विशेषाधिक, ३. कृष्णलेश्या वाली देवियां विशेषाधिक, ४. तेजोलेश्या वाली देवियां संख्यातगुणी।

(३४) देवता और देवी के दस बोलों का शामिल अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले देवता, २. पद्मलेश्या वाले देवता असंख्यातगुणा, ३. कापोतलेश्या वाले देवता संख्यातगुणा, ४. नीललेश्या वाले देवता विशेषाधिक, ५. कृष्णलेश्या वाले देवता विशेषाधिक, ६. कापोतलेश्या वाली देवियां संख्यातगुणी, ७. नीललेश्या वाली देवियां विशेषाधिक, ८. कृष्णलेश्या वाली देवियां विशेषाधिक, ९. तेजोलेश्या वाले देवता संख्यातगुणा, १०. तेजोलेश्या वाली देवियां संख्यातगुणी।

(३५) भवनपति देवता के चार बोलों का अल्पबहुत्व– १. सबसे थोड़े तेजोलेश्या वाले भवनपति देवता, २. कापोतलेश्या वाले भवनपति देवता असंख्यातगुणा, ३. नीललेश्या वाले भवनपति देवता विशेषाधिक, ४. कृष्णलेश्या वाले भवनपति देवता विशेषाधिक।

(३६) भवनपति देवियों के चार बोलों का अल्पबहुत्व उपर्युक्त भवनपति देवता के पैंतीसवें अल्पबहुत्व की तरह कहना।

बल्लादि की सूखी हुई फली, अग्नि में तपा हुआ और राख से मंजा हुआ रजतपट्ट, शरदऋतु के बादल, कुमुद और पुण्डरीक की पंखुड़ी, चावल का आटा, श्वेत अशोक, श्वेत कणेर,श्वेत बंधुजीवक प्रमुख श्वेत पदार्थों की अपेक्षा शुक्ललेश्या का वर्ण अधिक इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मनोज्ञतर है।

प्रश्न—छह लेश्याएं किस—किस वर्ण की हैं? छह लेश्याएं पांच वर्ण वाली हैं। कृष्णलेश्या का वर्ण काला है, नीललेश्या का वर्ण नीला है, कापोतलेश्या का वर्ण काला और लाल यानी बैंगनी है, तेजोलेश्या का वर्ण लाल है, पद्मलेश्या का वर्ण पीला और शुक्ललेश्या का वर्ण श्वेत है।

(३) रसद्वार—कृष्णलेश्या का रस स्वाद में कटु है। नीम, नीम का सार, नीम की छाल, नीम का काढ़ा, कुटुक, कुटुक की छाल, कुटुक का काढ़ा कडवी तुम्बी, कड़वी तुम्बी का फल, कड़वी तोरई, वज्रकन्द प्रमुख कटु (कड़वे) पदार्थों से भी कृष्णलेश्या स्वाद में अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ एवं विशेष अमनोज्ञ है। नीललेश्या का रस स्वाद में तीखा (तीक्ष्ण) होता है। भृङ्गी, भृङ्गीरज, पाठा, (ग्वारपाठा), चित्रमूल, पीपर, पीपर का मूल, पीपर का चूर्ण,मिर्च, मिर्च का चूर्ण, सोंठ, सोंठ का चूर्ण, प्रमुख तीक्ष्ण पदार्थों से भी नीललेश्या का रस अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ एवं विशेष अमनोज्ञ होता है। कापोतलेश्या का रस स्वाद में खट्टा होता है। कच्चे आम (केरी),अम्बाड़ा, कच्चा बिल्व (बील), बिजौरा, कच्चा कपित्थ (कबीठ), कच्ची दाड़िम, कच्चा अखरोट, कच्चा बेर, तिन्दुक (टीमरू) प्रमुख फलों से भी कापोतलेश्या का रस अधिक अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय अमनोज्ञ और विशेष अमनोज्ञ होता है। तेजोलेश्या का स्वाद कुछ खट्टापन लिए हुए मीठा होता है। पके हुए आम आदि फलों के स्वाद से भी तेजोलेश्या का रस अधिक इष्ट,

भवनपति देवता की जगह भवनपति देवियां कहना।

(३७) भवनपति देवता और भवनपति देवियों के आठ बोलों का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े तेजोलेश्या वाले भवनपति देवता, २. तेजोलेश्या वाली भवनपति देवियां संख्यातगुणी, ३. कापोतलेश्या वाले भवनपति देवता असंख्यातगुणा, ४. नीललेश्या वाले भवनपति देवता विशेषाधिक, ५. कृष्णालेश्या वाले भवनपति देवता विशेषाधिक, ६. कापोतलेश्या वाली भवनपति देवियां संख्यातगुणी, ७. नीललेश्या वाली भवनपति देवियां विशेषाधिक, ८. कृष्णलेश्या वाली भवनपति देवियां विशेषाधिक।

(३८) व्यन्तर देवता के चार बोलों का अल्पबहुत्व भवनपति देवता के पैंतीसवें अल्पबहुत्व की तरह कहना। भवनपति देवता की जगह व्यन्तर देवता कहना।

(३९) व्यन्तर देवियों के चार बोलों का अल्पबहुत्व भवनपति देवियों के छत्तीसवें अल्पबहुत्व को तरह कहना। भवनपति देवियों की जगह व्यन्तर देवियां कहना।

(४०) व्यन्तर देवता और व्यन्तर देवियों के आठ बोलों का शामिल अल्पबहुत्व भवनपति देवता और भवनपति देवियों के सैंतीसवें अल्पबहुत्व की तरह कहना। भवनपति की जगह व्यन्तर कहना।

(४१) ज्योतिषी देवता और ज्योतिषी देवियां के दो बोल का अल्पबहुत्व—१. सबसे थोड़े तेजोलेश्या वाले ज्योतिषी देवता, २. तेजोलेश्या वाली ज्योतिषी देवियां संख्यातगुणी।

(४२) वैमानिक देवता के तीन बोलों का अल्पबहुत्व— १. सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले वैमानिक देवता, २. पद्मलेश्या वाले वैमानिक देवता असंख्यातगुणा, ३. तेजोलेश्या वाले वैमानिक देवता असंख्यातगुणा।

कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और विशेष मनोज्ञ होता है। पद्मलेश्या का रस स्वाद में मीठा होता है। चन्द्रप्रभा, मणिशीला, सीधु, वर वारुणी, पत्रासव, पुष्पासव, फलासव, खजूरसार, द्राक्षासार, पके हुए गन्नों का इक्षुरस प्रमुख पदार्थ जो स्वादिष्ट हैं, विशेष स्वादिष्ट हैं, जो शरीर को पुष्ट करने वाले, जठराग्नि को दीप्त करने वाले, दर्प और मद उत्पन्न करने वाले हैं तथा शरीर और मन को आनन्दित करने वाले हैं, इनकी अपेक्षा भी पद्मलेश्या का रस स्वाद में अधिक इष्ट, कान्त, मनोज्ञ एवं विशेष मनोज्ञ है। शुक्ललेश्या का रस स्वाद में विशेष मीठा होता है। गुड़, खांड, शक्कर, मिश्री, आदर्शिका, मिठाई प्रमुख पदार्थों से भी शुक्ललेश्या का रस स्वाद में विशेष इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ और मनोज्ञतर है।

(४) गन्धद्वार—छह लेश्याओं में पहली तीन अप्रशस्त लेश्याएं—कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या—दुरभिगंध वाली हैं। गाय, गज और सर्प के मृत कलेवर की दुर्गन्ध से भी ये लेश्याएं अनन्तगुणी दुर्गंध वाली हैं। तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या, ये तीन प्रशस्त लेश्याएं सुरभिगंध वाली हैं। सुगंधित पुष्पों एवं पीसे हुए गन्ध द्रव्यों की सुगन्ध से भी ये लेश्याएं अनन्त गुणी सुगन्ध वाली हैं।

(५) शुद्धद्वार—पहली तीन लेश्याएं अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस वाली हैं, अतः ये अविशुद्ध हैं। अन्तिम तीन लेश्याएं प्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस वाली हैं, अतः ये विशुद्ध हैं।

(६) अप्रशस्तद्वार—पहली तीन लेश्याएं अप्रशस्त द्रव्य रूप हैं और अप्रशस्त अध्यवसाय उत्पन्न करने वाली हैं, अतः ये अप्रशस्त हैं। पिछली तीन लेश्याएं प्रशस्त द्रव्य रूप हैं तथा प्रशस्त अध्यवसाय उत्पन्न करने वाली हैं, अतः ये प्रशस्त हैं।

(७) संक्लिष्टद्वार—पहली तीन लेश्याएं आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान

(४३) वैमानिक देवता और वैमानिक देवियों के चार बोलों का शामिल अल्पबहुत्व—१.सबसे थोड़े शुक्ललेश्या वाले वैमानिक देवता, २. पद्मलेश्या वाले वैमानिक देवता असंख्यातगुणा, ३. तेजोलेश्या वाले वैमानिक देवता असंख्यातगुणा, ४. तेजोलेश्या वाली वैमानिक देवियां संख्यातगुणी।

[४] लेश्याद्वार–सलेश्य समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक और कभी अनाहारक होता है । बहुत जीव की अपेक्षा सलेश्य समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय के सिवाय शेष दण्डक में तीन भंग होते हैं । सलेश्य समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय में भंग नहीं होता है, वे आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं । कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या वाले समुच्चय जीव और [ज्योतिषी, वैमानिक के सिवाय] २२ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होते हैं कभी अनाहारक होते हैं। बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय के सिवाय शेष दण्डक में तीन भंग कहना। समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय में बहुत जीव की अपेक्षा भंग नहीं होता, वे आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं । तेजोलेश्या वाले समुच्चय जीव और १८ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होते हैं कभी अनाहारक होते हैं। बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और

(६) परिचारणाद्वार—१ क्या देवता सदेवी (देवीसहित) और सपरिचार (परिचारणासहित) होते हैं? या २. सदेवी और अपरिचार (परिचारणारहित) होते हैं? या ३. अदेवी और सपरिचार होते हैं? या ४. अदेवी और अपरिचार होते हैं? उत्तर—भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी और पहले दूसरे देवलोक के देवता सदेवी और सपरिचार होते हैं। तीसरे देवलोक से बारहवें देवलोक के देवता अदेवी सपरिचार होते हैं। नवग्रैवेयक और अनुत्तरविमान के देवता अदेवी अपरिचार होते हैं।

(७) काय, स्पर्श, रूप, शब्द, और मन सम्बन्धी परिचारणा और अपरिचारणाद्वार—परिचारणा (मैथुनसेवन) पांच प्रकार की होती है—१. काया की परिचारणा, २. स्पर्श की परिचारणा, ३. रूप की परिचारणा, ४. शब्द की परिचारणा और ५. मन की परिचारणा।

भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी और पहले, दूसरे देवलोक के देवता काया की परिचारणा वाले होते हैं, तीसरे, चौथे देवलोक के देवता स्पर्श की परिचारणा वाले, पांचवें, छठे देवलोक के देवता रूप की परिचारणा वाले, सातवें, आठवें देवलोक के देवता शब्द की परिचारणा वाले, नवें से बारहवें देवलोक के देवता मन की परिचारणा वाले होते हैं। नवग्रैवेयक और अनुत्तरविमान के देवों में परिचारणा नहीं होती।

काया की परिचारणा वाले देवों के मन में जब परिचारणा की इच्छा उत्पन्न होती है तो देवियां उस इच्छा को जानकर वस्त्र, आभूषण शृंगार से शोभित, मनोज्ञ, मनोहर, मनोरम उतरवैक्रिय रूप बनाकर देवों के सामने उपस्थित होती हैं। देवता इन देवियों के साथ मनुष्य की तरह काया से परिचारणा करते हैं। देवता के शुक्र [वीर्य] पुद्गल देवियों में संक्रान्त होकर श्रोत्र, नासिका, रसना और

असुरकुमार आदि १५ दण्डक में तीन भंग कहना । पृथ्वी, पानी, वनस्पति में छह भंग (संज्ञीद्वार में कहे अनुसार) कहना । पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या वाले समुच्चय जीव और तीन दण्डक (तिर्यंचपंचेन्द्रिय, मनुष्य और वैमानिक) एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है । बहुत जीव की अपेक्षा इनमें तीन भंग कहना । अलेश्य समुच्चय जीव, मनुष्य और सिद्ध एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं ।

[५] दृष्टिद्वार—सम्यग्दृष्टि समुच्चय जीव और १९ दण्डक (पांच स्थावर छोड़कर) एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है । बहुत जीव की अपेक्षा सम्यग्दृष्टि समुच्चय जीव और १६ दण्डक में तीन भंग कहना और विकलेन्द्रिय में छह भंग कहना । सिद्ध भगवान् एक की अपेक्षा और बहुत की अपेक्षा अनाहारक होते हैं । मिथ्यादृष्टि समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है । बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय के सिवाय १९ दण्डक में तीन भंग कहना ।समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय में भंग नहीं बनता, ये आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि (मिश्रदृष्टि) समुच्चय जीव और सोलह दण्डक (पंचेन्द्रिय के) एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं।

[६] संयतद्वार—समुच्चय जीव और मनुष्य, एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और मनुष्य में तीन भंग कहना ।संयतासंयत समुच्चय जीव तिर्यंचपंचेन्द्रिय और मनुष्य एक जीव की अपेक्षा और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं, अनाहारक नहीं होते। असंयत समुच्चय जीव और चौबीस दंडक एक जीव की अपेक्षा कभी

स्पर्शनेन्द्रिय रूप में इस तरह परिणत होते हैं कि वे इष्ट, कान्त, मनोज्ञ, अतिशय मनोज्ञ तथा रूप, यौवन, लावण्य गुणों से सुभग– सभी को प्रिय लगती हैं । इसी तरह स्पर्श की परिचारणा वाले देवों के लिये कहना । स्पर्शपरिचारणा में परस्पर आलिंगन, मर्दन आदि रूप स्पर्श होता है । स्पर्शपरिचारणा तथा आगे कही जाने वाली रूपपरिचारणा, शब्दपरिचारणा और मनपरिचारणा में देवियों में दिव्य प्रभाव से देवता के शुक्र पुद्गल संक्रान्त होते हैं । स्पर्शपरिचारणा की तरह रूपपरिचारणा कहना । रूपपरिचारणा में देवियां देवता के स्थान पर उपस्थित होती हैं और देवों के न समीप और न दूर रहकर अपना रूप दिखाती हैं । रूपपरिचारणा में परस्पर सविलास दृष्टिविक्षेप, अंग–प्रत्यंग प्रदर्शनादि द्वारा तृप्ति अनुभव करते हैं । शब्दपरिचारणा में भी देवियां देवता के स्थान पर आकर देवों के न समीप न दूर रह कर मधुर मन में आनन्द उत्पन्न करने वाले अनुपम उच्च–नीच शब्द बोलती हैं तब देवता देवियों के साथ शब्दपरिचारणा करते हैं । मनपरिचारणा वाले देवों के मन में जब मनपरिचारणा की इच्छा होती है तो देवियां उनकी इच्छा जान कर यावत् उत्तर वैक्रिय कर अपने स्थान पर ही परम सन्तोषजनक अनुपम उच्च–नीच मनोभाव धारणा किये रहती हैं, तब देवता उन देवियों के साथ मनपरिचारणा करते हैं ।

अल्पबहुत्व–१. सब से थोड़े देवता परिचारणा नहीं करने वाले, २. मनपरिचारणा करने वाले देवता संख्यातगुणा, ३. शब्दपरिचारणा वाले देवता असंख्यातगुणा, ४. रूपपरिचारणा करने वाले देवता असंख्यातगुणा, ५. स्पर्शपरिचारणा करने वाले देवता असंख्यातगुणा, ६. कायपरिचारणा करने वाले देवता असंख्यातगुणा ।

आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय के सिवाय शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं। नोसंयत—नोअसंयत—नोसंयतासंयत समुच्चय जीव और सिद्ध भगवान् एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

[७] कषायद्वार—सकषायी समुच्चय जीव और २४ दण्डक, एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। क्रोधकषायी समुच्चय जीव और २४ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं। देवता के तेरह दण्डक में छह भंग कहना, शेष छह दण्डक में तीन भंग कहना। मानकषायी और मायाकषायी समुच्चय जीव और २४ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा नैरयिक और देवता में छह भंग कहना, समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, शेष पांच दण्डक में तीन भंग कहना। लोभकषायी समुच्चय जीव और २४ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं। नैरयिक में छह भंग कहना और शेष १८ दण्डक में तीन भंग कहना। अकषायी समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव आहारक

१४. सात समुद्घात का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, ३६वां पद)

वेयणा कसाय मरणे, वेउव्विय तेयए य आहारे ।
केवलिए चेव भवे, जीव मणुस्साण सत्तेव॥

अर्थ–वेदनासमुद्घात, कषायसमुद्घात, मारणान्तिक–समुद्घात,वैक्रियसमुद्घात, तैजससमुद्घात, आहारकसमुद्घात, केवलीसमुद्घात –ये सात समुद्घात हैं । समुच्चय जीव और मनुष्य में ये सातों ही समुद्घात पाई जाती हैं ।

इस थोकड़े में आठ द्वारों में समुद्घात का वर्णन किया जाता है– १. नामद्वार, २. कालद्वार, ३. प्राप्तिद्वार, ४. एक जीव की अपेक्षा अतीतकालीन और अनागतकालीन समुद्घात, ५. बहुत जीव की अपेक्षा अतीतकालीन और अनागतकालीन समुद्घात, ६. एक नैरयिक आदि जीव में नैरयिक आदि रूप में अतीत अनागत काल की समुद्धात, ७. बहुत नैरयिक आदि जीवों में बहुत नैरयिक आदि रूप में अतीत और अनागत काल की समुद्घात, ८. अल्पबहुत्वद्वार ।

(१) नामद्वार–१.वेदनासमुद्घात, २. कषायसमुद्घात, ३.मारणान्तिकसमुद्घात,४.वैक्रियसमुद्घात, ५. तैजससमुद्घात, ६. आहारकसमुद्घात, ७. केवलीसमुद्घात। वेदना आदि के साथ एकीभाव अर्थात् तद्रूरूप होकर प्रबलता के साथ असातावेदनीय आदि कर्मो को नाश करना समुद्घात है।

(२) कालद्वार– पहली छह समुद्घात का काल जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का है तथा केवलीसमुद्घात का काल आठ समय का है।

(३) प्राप्तिद्वार–नैरयिक में पहली चार समुद्घात पाई जाती

भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, मनुष्य में तीन भंग कहना। सिद्ध भगवान् एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

[८] ज्ञानद्वार–सज्ञानी समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय के सिवाय १९ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और नैरयिक आदि १६ दण्डक में तीन भंग कहना और तीन विकलेन्द्रिय में छह भंग कहना। सिद्ध भगवान् एक और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं। मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी समुच्चय जीव और १९ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और १६ दण्डक में तीन भंग कहना और विकलेन्द्रिय में छह भंग कहना। अवधिज्ञानी समुच्चय जीव और १५ दण्डक (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय और तिर्यंचपंचेन्द्रिय वर्ज कर) एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और पन्द्रह दण्डक में तीन भंग कहना। अवधिज्ञानी तिर्यंचपंचेन्द्रिय एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। मनःपर्ययज्ञानी समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। केवलज्ञानी समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, मनुष्य में तीन भंग कहना। सिद्धभगवान् एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं। समुच्चय अज्ञानी, मति–अज्ञानी और श्रुत–अज्ञानी समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की

हैं। भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी और पहले से बारहवें देवलोक में पहली पांच समुद्घात पाई जाती हैं। नवग्रैवेयक और अनुत्तरविमान में पहली तीन समुद्घात होती हैं। चार स्थावर और तीन विकलेन्द्रिय में पहली तीन समुद्घात होती हैं और वायुकाय में पहली चार समुद्घात होती हैं। तिर्यंचपंचेन्द्रिय में पहली पांच समुद्घात होती हैं और मनुष्य में सातों समुद्घात होती हैं।

(४) एक जीव की अपेक्षा अतीतकालीन और अनागत-कालीन समुद्घात—नरक के एक–एक नैरयिक ने पांच समुद्घात कितनी कीं? उत्तर—नरक के एक–एक नैरयिक ने पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त×कीं और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा उसके जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात असंख्यात अनन्त होंगी।

नैरयिक की तरह शेष २३ दण्डक कहना। एक–एक नैरयिक ने आहारकसमुद्घात कितनी कीं ? उत्तर—एक–एक नैरयिक ने आहारकसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की, उसने जघन्य एक दो, उत्कृष्ट तीन आहारकसमुद्घात कीं । अनागतकाल में भी कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट चार आहारकसमुद्घात करेगा। नैरयिक की तरह ही मनुष्य के सिवाय बाईस दण्डक कह देना। एक–एक मनुष्य ने आहारकसमुद्घात कितनी की? उत्तर—एक–एक मनुष्य ने अतीतकाल में आहारकसमुद्घात किसी ने की, किसी ने नहीं की। जिसने की

×जिस नैरयिक को अव्यवहार राशि से निकले थोड़ा ही समय हुआ है, उसकी अपेक्षा अतीतकालीन समुद्घात संख्यात अथवा असंख्यात भी होती हैं। किन्तु ऐसे नैरयिक थोड़े हैं, इसलिए यहां उनकी विवक्षा न कर अनन्त कही हैं।

अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। विभंगज्ञानी समुच्चय जीव और १४ दण्डक (नैरयिक और देवता के) एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है और बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और १४ दण्डक में तीन भंग कहना। विभंगज्ञानी तिर्यंच और मनुष्य एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं।

[९] योगद्वार—सयोगी समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है, कभी अनाहारक होता है। बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। काययोगी भी इसी तरह कहना। मनयोगी समुच्चय जीव और १६ दण्डक तथा वचनयोगी समुच्चय जीव और १९ दण्डक एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। अयोगी समुच्चय जीव, मनुष्य और सिद्ध, एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

[१०] उपयोगद्वार—साकार—उपयोग वाले (सागारोवउत्ता) और अनाकार—उपयोग वाले (अणागारोवउत्ता) समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। सिद्ध भगवान् एक जीव और बहुत की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

[११] वेदद्वार—सवेदी समुच्चय जीव और चौवीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और

उसने जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट चार की। अनागतकाल में भी कोई मनुष्य करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट चार करेगा। एक–एक नैरयिक ने केवली–समुद्घात कितनी की? उत्तर–एक–एक नैरयिक ने अतीतकाल में केवलीसमुद्घात नहीं की, अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक केवलीसमुद्घात करेगा। नैरयिक की तरह मनुष्य के सिवाय २२ दण्डक कहना। मनुष्य में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने एक केवलीसमुद्घात की। अनागतकाल में कोई मनुष्य केवलीसमुद्घात करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक केवलीसमुद्घात करेगा।

(५) बहुत जीव की अपेक्षा अतीतकालीन और अनागतकालीन समुद्घात–प्रश्न–नरक में बहुत नैरयिकों ने पांच समुद्घात अतीतकाल में कितनी की और अनागतकाल में कितनी करेंगे? उत्तर–नरक के बहुत नैरयिकों ने पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। इसी तरह २३ दण्डक कहना। नरक के बहुत नैरयिकों ने आहारकसमुद्घात अतीतकाल में असंख्यात की और अनागतकाल में असंख्यात करेंगे। इसी तरह वनस्पति और मनुष्य के सिवाय २१ दण्डक कहना, बहुत से वनस्पति के जीवों ने आहारकसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत से मनुष्यों ने आहारकसमुद्घात अतीतकाल में कदाचित् संख्यात (गर्भज मनुष्यों की अपेक्षा) और कदाचित् असंख्यात (सम्मूर्छिम मनुष्यों की अपेक्षा) की और अनागतकाल में भी इसी तरह कदाचित् संख्यात और कदाचित् असंख्यात करेंगे। नरक के बहुत नैरयिकों ने केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में

अनाहारक भी होते हैं और शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। स्त्रीवेद, पुरुषवेद समुच्चय जीव और १५ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है, कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और पन्द्रह दण्डक में तीन भंग कहना। नपुंसकवेद समुच्चय जीव और ११ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है, कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, शेष छह दण्डक में तीन भंग कहना। अवेदी समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं और मनुष्य में तीन भंग कहना। सिद्धभगवान् एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

[१२] शरीरद्वार—सशरीरी समुच्चय जीव और चौबीस– दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते है, शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। औदारिकशरीर समुच्चय जीव और ९ दण्डक (मनुष्य के सिवाय) एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। मनुष्य एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा तीन भंग कहना। वैक्रियशरीरी समुच्चय जीव और १७ दण्डक तथा आहारकशरीर समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। तैजसशरीरी, कार्मणशरीर समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और

असंख्यात करेंगे। इसी तरह वनस्पति और मनुष्य के सिवाय २१ दण्डक कह देना। बहुत से वनस्पति के जीवों ने केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत से मनुष्यों में किन्हीं ने केवलीसमुद्घात अतीतकाल में की और किन्हीं ने नहीं की, जिन्होंने की उन्होंने जघन्य १-२-३, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ की तथा बहुत से मनुष्य केवलीसमुद्घात अनागतकाल में कदाचित् संख्यात और कदाचित् असंख्यात करेंगे।

(६) एक नैरयिक आदि जीव की नैरयिक आदि रूप में अतीत अनागत काल की समुद्घात-प्रश्न-एक-एक नैरयिक जीव ने नैरयिक रूप में अतीतकाल में कितनी समुद्घात की और अनागतकाल में कितनी समुद्घात करेगा, उत्तर-एक-एक नैरयिक ने नैरयिक रूप में चार समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा? कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक, दो, तीन, उत्कृष्ट संख्यात असंख्यात अनन्त करेगा।एक-एक नैरयिक ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा। एक-एक नैरयिक ने देवता के तेरह दण्डक के रूप में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागत काल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह पहली, तीसरी और पांचवीं समुद्घात जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात असंख्यात अनन्त करेगा तथा दूसरी और चौथी समुद्घात भवनपति, व्यन्तर रूप में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा और ज्योतिषी और वैमानिक रूप में कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। एक-एक नैरयिक ने देवता के तेरह दण्डक रूप में आहारकसमुद्घात और केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा।एक-एक नैरयिक ने चार स्थावर

एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं तथा शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। अशरीरी समुच्चय जीव, सिद्धभगवान् एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

(१३) पर्याप्तिद्वार—आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति पर्याप्त, समुच्चय जीव व चौबीस दण्डक तथा भाषा—मनः* पर्याप्ति पर्याप्त, समुच्चय जीव और १६ दण्डक समुच्चय जीव और मनुष्य के सिवाय एक जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं और बहुत जीव की अपेक्षा भी आहारक होते है। समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा तीन भंग कहना। आहारपर्याप्ति के अपर्याप्त समुच्चय जीव व चौबीस दण्डक एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं। शरीरपर्याप्ति—अपर्याप्त, इन्द्रियपर्याप्ति—अपर्याप्त, श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति—अपर्याप्त, समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है कभी अनाहारक होता है। बहुत जीव की अपेक्षा नैरयिक, देव और मनुष्य में छह भंग कहना, समुच्चय जीव

---

* वैसे छह पर्याप्तियां हैं, किन्तु यहां भाषापर्याप्ति और मनः पर्याप्ति अलग-अलग न गिनकर भाषा—मनःपर्याप्ति एक ही गिनी है। इसलिये यहां पांच पर्याप्तियां कही हैं। भाषापर्याप्ति के १९ दण्डक हैं और मनःपर्याप्ति के १६ दण्डक हैं। यहां भाषा—मनःपर्याप्ति एक है इसलिये भाषा—मनःपर्याप्तिपर्याप्त पंचेन्द्रिय के १६ दण्डक ही लिये हैं। भाषापर्याप्ति के आहार के विषय में इस प्रकार समझना—भाषापर्याप्ति—पर्याप्त समुच्चय जीव १९ दण्डक एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। भाषापर्याप्ति—पर्याप्त समुच्चय जीव १९ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है। बहुत जीव की अपेक्षा तीन भंग कहना।

और तीन विकलेन्द्रिय रूप में तीन समुद्घात, वायुकाय रूप में चार समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में पांच समुद्घात और मनुष्य रूप में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नही करेगा, जो करेगा वह एक से लेकर अनन्त करेगा। एक–एक नैरयिक ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य एक दो, उत्कृष्ट तीन की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट चार करेगा। एक–एक नैरयिक ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की, अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक करेगा। एक–एक नैरयिक ने चार स्थावर और तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात और तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा।

तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने अपने स्वस्थान और परस्थान में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नही करेगा, जो करेगा वह स्वस्थान में एक से लेकर अनन्त करेगा और परस्थान में पहली, तीसरी, पांचवी समुद्घात एक से लेकर अनन्त करेगा तथा दूसरी, चौथी समुद्घात भवनपति, व्यन्तर रूप में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा और ज्योतिषी, वैमानिक रूप में कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने स्वस्थान में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने नैरयिक रूप में चार समुद्घात

और एकेन्द्रिय के सिवाय शेष चार दण्डक में तीन भंग कहना, समुच्चय जीव और एकेन्द्रिय आहारक होते हैं और अनाहारक भी होते हैं, भाषा–मनःपर्याप्ति–अपर्याप्त समुच्चय जीव और १६ दण्डक (पंचेन्द्रिय के) एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा समुच्चय जीव और तिर्यंचपंचेन्द्रिय में तीन भंग कहना तथा नैरयिक, देव और मनुष्य में छह भंग कहना।

१३. परिचारणा पद का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, ३४ वां पद)

अणंतरागय आहारे, आहारा भोयणा इ य।
पोग्गलानेव जाणंति, अज्झवसाणा य आहिया॥१॥
सम्मत्तस्साहिगमे, तत्तो परियारणा य बोद्धव्वा।
काए फासे रूवे सद्दे य मणे य अप्पबहुं॥२॥

यहां सात द्वारों से परिचारणा का वर्णन किया जाता है—१. अनन्तरागतआहारद्वार, २. आभोग–अनाभोग– आहारद्वार, ३. आहार के पुद्गलों को जानने–देखने का द्वार, ४. अध्यवसायद्वार, ५. सम्यक्त्व–अभिगमद्वार, ६. परिचारणाद्वार, ७. काय, स्पर्श, रूप, शब्द और मन सम्बन्धी परिचारणा अपरिचारणा का अल्पबहुत्वद्वार।

(१) क्या नैरयिक उत्पत्तिक्षेत्र प्राप्ति के साथ ही (अनन्तर) आहार करते हैं, इसके बाद शरीर बनाते हैं, शरीर बनाने के बाद पर्यादान (चारों ओर से पुद्गलों को ग्रहण) करते हैं अर्थात् यथायोग्य अंग–प्रत्यंगों से लोमाहार आदि द्वारा चारों ओर से पुद्गल ग्रहण करते हैं, फिर गृहीत पुद्गलों को इन्द्रिय आदि रूप में परिणत करते हैं, उसके बाद शब्दादि विषयों के भोग रूप परिचारणा करते हैं और

अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह मारणान्तिकसमुद्घात एक से लेकर अनन्त करेगा और बाकी तीन समुद्घात कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में तीन समुद्घात, वायुकाय रूप में चार समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में पांच समुद्घात और मनुष्य रूप में पांच समुद्घात अतीत काल में अनन्त की और अनागत काल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक से लेकर अनन्त तक (एगोत्तरीया) करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य एक दो, उत्कृष्ट तीन की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट चार करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक करेगा। तेरह दण्डक के एक–एक देवता ने पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात और तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा।

औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने औदारिक के दस दण्डक के रूप में स्वस्थान परस्थान में अपने–अपने में पाने वाली समुद्घात (आहारकसमुद्घात और केवलीसमुद्घात के सिवाय) अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा

एकेन्द्रिय आहारक भी होते हैं और अनाहारक भी होते हैं तथा शेष १९ दण्डक में तीन भंग कहना। अशरीरी समुच्चय जीव, सिद्धभगवान् एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं।

(१३) पर्याप्तिद्वार—आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति पर्याप्त, समुच्चय जीव व चौबीस दण्डक तथा भाषा—मन:* पर्याप्ति पर्याप्त, समुच्चय जीव और १६ दण्डक समुच्चय जीव और मनुष्य के सिवाय एक जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं और बहुत जीव की अपेक्षा भी आहारक होते हैं। समुच्चय जीव और मनुष्य एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है, बहुत जीव की अपेक्षा तीन भंग कहना। आहारपर्याप्ति के अपर्याप्त समुच्चय जीव व चौबीस दण्डक एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा अनाहारक होते हैं। शरीरपर्याप्ति—अपर्याप्त, इन्द्रियपर्याप्ति—अपर्याप्त, श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति—अपर्याप्त, समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है कभी अनाहारक होता है। बहुत जीव की अपेक्षा नैरयिक, देव और मनुष्य में छह भंग कहना, समुच्चय जीव

---

* वैसे छह पर्याप्तियां हैं, किन्तु यहां भाषापर्याप्ति और मन: पर्याप्ति अलग—अलग न गिनकर भाषा—मन:पर्याप्ति एक ही गिनी है। इसलिये यहां पांच पर्याप्तियां कही हैं। भाषापर्याप्ति के १९ दण्डक हैं और मन:पर्याप्ति के १६ दण्डक हैं। यहां भाषा—मन:पर्याप्ति एक है इसलिये भाषा—मन:पर्याप्तिपर्याप्त पंचेन्द्रिय के १६ दण्डक ही लिये हैं। भाषापर्याप्ति के आहार के विषय में इस प्रकार समझना—भाषापर्याप्ति—पर्याप्त समुच्चय जीव १९ दण्डक एक जीव और बहुत जीव की अपेक्षा आहारक होते हैं। भाषापर्याप्ति—पर्याप्त समुच्चय जीव १९ दण्डक एक जीव की अपेक्षा कभी आहारक होता है और कभी अनाहारक होता है। बहुत जीव की अपेक्षा तीन भंग कहना।

कोई नहीं करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक से लेकर अनन्त तक करेगा। एक–एक मनुष्य ने मनुष्य रूप में आहारक समुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य १,२,३, उत्कृष्ट चार की और अनागतकाल में भी कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य १,२,३, उत्कृष्ट ४ करेगा। एक–एक मनुष्य ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की, उसने एक की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक करेगा। औदारिक के नौ दण्डक (मनुष्य के सिवाय) के एक–एक जीव ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य १,२, उत्कृष्ट तीन की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य १,२,३, उत्कृष्ट ४ करेगा। औदारिक के नौ दण्डक (मनुष्य के सिवाय) के एक–एक जीव ने केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की, अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक करेगा। औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने नैरयिक रूप में चार समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह मारणान्तिकसमुद्घात एक से लेकर अनन्त तक करेगा, और तीन समुद्घात कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने देवता के तेरह दण्डक के रूप में ५ समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह पहली तीसरी पांचवीं समुद्घात एक से लेकर अनन्त करेगा, दूसरी, चौथी समुद्घात भवनपति, व्यन्तर रूप में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा तथा

ज्योतिषी, वैमानिक रूप में कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, देवता के तेरह दण्डक के रूप में अन्तिम दो समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा।

(७) बहुत नैरयिक आदि जीवों में बहुत नैरयिक आदि रूप में अतीत और अनागत काल की समुद्घात—बहुत नैरयिकों में बहुत नैरयिकों के रूप में चार समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की, अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत नैरयिकों ने तेरह दण्डक के बहुत देवों के रूप में पांच समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में तीन समुद्घात, वायुकाय रूप में चार समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय और मनुष्य रूप में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत नैरयिकों ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में असंख्यात की और अनागतकाल में असंख्यात करेंगे। बहुत नैरयिकों ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की तथा अनागतकाल में असंख्यात करेंगे। बहुत नैरयिकों ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तेरह दण्डक के देवता के रूप में अन्तिम दो समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेंगे।

बहुत तेरह दण्डक के देवता ने अपने स्वस्थान और परस्थान में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और

छहों समुद्घात पाई जाती हैं।

(३) कालद्वार—छहों समुद्घात का काल जघन्य,उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का है।

वेदनासमुद्घात करने वाला जीव वेदनासमुद्घात द्वारा जिन पुद्गलों को अपने शरीर से बाहर निकालता है, उनसे छहों दिशा में शरीरप्रमाण लम्बा—चौड़ा—मोटा क्षेत्र आपूरित (व्याप्त) एवं स्पृष्ट होता है। ये पुद्गल शेष क्षेत्र स्पर्श नहीं करते। * एक समय, दो समय अथवा तीन समय की विग्रहगति से जीव उक्त क्षेत्र को आपूरित एवं स्पृष्ट करता है। प्रश्न—वेदनासमुद्घात द्वारा कितने काल तक पुद्गलों को बाहर निकालता है ? उत्तर—जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त तक वेदनासमुद्घात द्वारा जीव पुद्गलों को बाहर निकालता है। आशय यह है कि जो पुद्गल जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त तक वेदना उत्पन्न करने में समर्थ हैं, उनकी वेदना से दु:खी हुआ जीव शरीर में रहे हुए पुद्गलों को बाहर फेंकता है। बाहर में फेंके गये पुद्गल आत्मप्रदेशों से अलग हो जाते हैं। इन पुद्गलों से प्राण, भूत, जीव, सत्त्वों का अभिहनन (हिंसा) यावत् प्राणव्यपरोपण (विनाश) होता है एवं वेदनासमुद्घात करने वाले जीव को इन प्राण—भूत—जीव—सत्त्व—विषयक कभी तीन, कभी चार और कभी

---

*वेदनासमुद्घात करने वाला १—२—३ समय प्रमाण काल स्पर्शता है, शेष काल नहीं स्पर्शता, अर्थात् वेदनासमुद्घात का काल अन्तर्मुहूर्त का है, किन्तु कृतकाल १—२—३ समय का है। वेदनासमुद्घात करने के बाद वे पुद्गल शरीर में अन्तर्मुहूर्त तक रहते हैं, बाद में शरीर से अलग होते हैं। ऐसा थोकड़े के जानकर कहते हैं। तत्त्व केवलीगम्य।

कोई नहीं करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक से लेकर अनन्त तक करेगा। एक–एक मनुष्य ने मनुष्य रूप में आहारक समुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य १,२,३, उत्कृष्ट चार की और अनागतकाल में भी कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य १,२,३, उत्कृष्ट ४ करेगा। एक–एक मनुष्य ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की, उसने एक की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक करेगा। औदारिक के नौ दण्डक (मनुष्य के सिवाय) के एक–एक जीव ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य १,२, उत्कृष्ट तीन की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य १,२,३, उत्कृष्ट ४ करेगा। औदारिक के नौ दण्डक (मनुष्य के सिवाय) के एक–एक जीव ने केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की, अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह एक करेगा। औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने नैरयिक रूप में चार समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह मारणान्तिकसमुद्घात एक से लेकर अनन्त तक करेगा, और तीन समुद्घात कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने देवता के तेरह दण्डक के रूप में ५ समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह पहली तीसरी पांचवीं समुद्घात एक से लेकर अनन्त करेगा, दूसरी, चौथी समुद्घात भवनपति, व्यन्तर रूप में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा तथा

पांच क्रियाएं लगती हैं×। उन जीवों को भी वेदनासमुद्घात करने वाले जीव की अपेक्षा कभी तीन, कभी चार और कभी पांच क्रियाएं लगती हैं। जैसे एक पुरुष को बिच्छू, सर्प आदि ने काट खाया और इस कारण पुरुष ने वेदनासमुद्घात की तो बिच्छू, सर्प आदि को कभी तीन, कभी चार और कभी पांच क्रियाएं लगती हैं। वेदनासमुद्घात करने वाला जीव और वेदनासमुद्घात के पुद्गलों से स्पृष्ट जीव द्वारा परम्परा से अन्य जीवों की घात होती है, उससे वेदनासमुद्घात करने वाले जीव को तथा वेदनासमुद्घात के पुद्गलों से स्पृष्ट जीवों को कभी तीन, कभी चार और कभी पांच क्रियाएं लगती हैं। इसी तरह चौबीस दण्डक कहना। वेदनासमुद्घात की तरह कषायसमुद्घात भी कहना।

मारणान्तिकसमुद्घात द्वारा जीव जो पुद्गल बाहर निकलता है, वे पुद्गल मोटेपन व चौड़ाई में शरीरप्रमाण और लम्बाई में जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट असंख्यात योजन प्रमाण क्षेत्र एक दिशा में स्पृष्ट एवं आपूरित करते हैं। यह

× थोकड़ों के जानकर इस प्रकार कहते हैं–वेदनासमुद्घात करने वाले जीव को कभी तीन, कभी चार और कभी पांच क्रियाएं लगती हैं, जिसके चार भंग होते हैं–

(१) एक जीव को एक जीव की कभी तीन, कभी चार, कभी पांच क्रियाएं लगती हैं।

(२) एक जीव को बहुत जीवों की कभी तीन, कभी चार, कभी पांच क्रियाएं लगती हैं।

(३) बहुत जीवों को एक जीव की कभी तीन, कभी चार, कभी पांच क्रियाएं लगती हैं।

(४) बहुत जीवों को बहुत जीवों की कभी तीन, कभी चार, कभी पांच क्रियाएं लगती हैं।

ज्योतिषी, वैमानिक रूप में कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा। औदारिक के दस दण्डक के एक–एक जीव ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, देवता के तेरह दण्डक के रूप में अन्तिम दो समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेगा।

(७) बहुत नैरयिक आदि जीवों में बहुत नैरयिक आदि रूप में *अतीत और अनागत काल की समुद्घात*—बहुत नैरयिकों में बहुत नैरयिकों के रूप में चार समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की, अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत नैरयिकों ने तेरह दण्डक के वहुत देवों के रूप में पांच समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में तीन समुद्घात, वायुकाय रूप में चार समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय और मनुष्य रूप में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत नैरयिकों ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में असंख्यात की और अनागतकाल में असंख्यात करेंगे। बहुत नैरयिकों ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की तथा अनागतकाल में असंख्यात करेंगे। बहुत नैरयिकों ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तेरह दण्डक के देवता के रूप में अन्तिम दो समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेंगे।

वहुत तेरह दण्डक के देवता ने अपने स्वस्थान और परस्थान में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और

क्षेत्र एक दो तीन अथवा चार समय+की विग्रहगति से स्पृष्ट एवं आपूरित करता है। मारणान्तिकसमुद्घात में जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का काल लगता है। मारणान्तिकसमुद्घात से बाहर निकले हुए पुद्गलों से प्राण, भूत, जीव और सत्त्व का अभिहनन यावत् प्राणव्यपरोपण तथा उससे तीन, चार, पांच क्रियाएं लगना आदि सभी अधिकार वेदनासमुद्घात की तरह कह देना चाहिये।

नैरयिक मारणान्तिकसमुद्घात कर जो पुद्गल बाहर निकालता है, वे पुद्गल मोटेपन और चौड़ाई में शरीरप्रमाण एवं लम्बाई में जघन्य एक हजार योजन से कुछ अधिक, उत्कृष्ट असंख्यात योजन का क्षेत्र एक दिशा में स्पृष्ट एवं आपूरित करते हैं। यह क्षेत्र एक समय, दो समय अथवा तीन समय की विग्रहगति से स्पृष्ट एवं आपूरित करते हैं। बाकी सभी बोल समुच्चय जीव की तरह कहना। देवता के तेरह दण्डक, तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यंचपंचेन्द्रिय और मनुष्य, समुच्चय जीव की तरह कहना। अन्तर इतना है कि इन में एक समय, दो समय और तीन समय की विग्रहगति कहना। चार समय की विग्रहगति नहीं कहना। पांच स्थावर समुच्चय जीव की तरह कहना।

समुच्चय जीव वैक्रियसमुद्घात करके जो पुद्गल बाहर निकालता है, वे मोटेपन और चौड़ाई में शरीरप्रमाण और लम्बाई में जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट संख्यात योजन का क्षेत्र एक दिशा अथवा विदिशा (कोण) में एक दो अथवा तीन समय की विग्रहगति से स्पृष्ट और आपूरित करते हैं, शेष क्षेत्र और काल का स्पर्श नहीं करते। वैक्रियसमुद्घात में जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त

+ विग्रहगति पांच समय की भी सम्भव है किन्तु कदाचित् होने से उसकी यहां विवक्षा नहीं की है। [टीका पृष्ठ ५९४]

अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत तेरह दण्डक के देवता ने नैरयिक रूप में चार समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में तीन समुद्घात, वायुकाय रूप में चार समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय और मनुष्य रूप में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत तेरह दण्डक के देवों ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में असंख्यात की और अनागताकाल में असंख्यात करेंगे। बहुत तेरह दंडक के देवों ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीत काल में नहीं की, अनागतकाल में असंख्यात करेंगे। बहुत तेरह दण्डक के देवों ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात, तेरह दण्डक के देवता के रूप मे अन्तिम दो समुद्घात, चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में अन्तिम चार समुद्घात, वायुकाय रूप में अन्तिम तीन समुद्घात और तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेंगे।

बहुत औदारिक के दस दंडक के जीवों ने स्वस्थान, परस्थान में चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय रूप में तीन समुद्घात, वायुकाय रूप में चार समुद्घात, तिर्यंचपंचेन्द्रिय रूप में और मनुष्य रूप में पांच–पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत से मनुष्यों में मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात की और अनागतकाल में भी कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात करेंगे। बहुत से मनुष्यों ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में किसी ने की, किसी ने नहीं की, जिसने की उसने जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ की, अनागतकाल में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात करेंगे। बहुत पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय और तिर्यंचपंचेन्द्रिय ने तेईस दण्डक रूप में

का काल लगता हैं। वैक्रियसमुद्घात द्वारा बाहर निकले हुए पुद्गलों से प्राण, भूत, जीव, सत्त्व का अभिहनन यावत् प्राणव्यपरोपण होना आदि सभी बोल वेदनासमुद्घात की तरह कहना।

नैरयिक और तिर्यंचपंचेन्द्रिय में वैक्रियसमुद्घात का वर्णन समुच्चय जीव की तरह करना, किन्तु इतना अन्तर है कि लम्बाई में जघन्य अंगुल के संख्यातवें भाग, उत्कृष्ट संख्यात योजन कहना और एक दिशा कहना। देवता के तेरह दण्डक और मनुष्य भी समुच्चय जीव की तरह कहना, पर इतना अन्तर है कि लम्बाई में जघन्य अंगुल के संख्यातवें भाग, उत्कृष्ट संख्यात योजन कहना और एक दिशा कहना। वायुकाय समुच्चय जीव की तरह कहना, किन्तु इसमें एक दिशा कहना।

समुच्चय जीव पन्द्रह दण्डक में तैजससमुद्घात वैक्रियसमुद्घात की तरह कहना, किन्तु इतना अन्तर है कि इसमें लम्बाई जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग कहना और तिर्यंचपंचेन्द्रिय में एक दिशा कहना।

समुच्चय जीव और मनुष्य में आहारकसमुद्घात वैक्रियसमुद्घात की तरह कहना, किन्तु इतना अन्तर है कि लम्बाई में जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग कहना और एक दिशा कहना।

१७. केवलीसमुद्घात का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, ३६ वां पद)

केवलीसमुद्घात करने वाले भावितात्मा अनगार के चरम समय (चौथे समय) के निर्जरापुद्गल क्या सूक्ष्म होते हैं और सम्पूर्ण लोक को स्पर्श करके रहते हैं? उत्तर—हां, केवलीसमुद्घात करने वाले भावितात्मा अनगार के चरम समय के निर्जरापुद्गल सूक्ष्म होते हैं और सारे लोक को स्पर्श करके रहते हैं। वे पुद्गल इतने सूक्ष्म

आहारकसमुद्घात और केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेंगे। बहुत औदारिक के नौ दण्डक के जीवों ने मनुष्य रूप में आहारकसमुद्घात अतीतकाल में वनस्पति के जीवों ने अनन्त की और शेष आठ दण्डक के जीवों ने असंख्यात की तथा अनागतकाल में वनस्पति के जीव अनन्त करेंगे और शेष आठ दण्डक के जीव असंख्यात करेंगे। बहुत औदारिक के नौ दण्डक के जीवों ने मनुष्य रूप में केवलीसमुद्घात अतीतकाल में नही की और अनागतकाल में वनस्पति के जीव अनन्त और शेष आठ दण्डक के जीव असंख्यात केवलीसमुद्घात करेंगे। बहुत से औदारिक के दस दण्डक के जीवों ने नैरयिक रूप में चार समुद्घात और देवता के तेरह दण्डक के रूप में पांच समुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। बहुत से औदारिक के दस दण्डक के जीवों ने नैरयिक रूप में अन्तिम तीन समुद्घात और तेरह दण्डक के देवता के रूप में अन्तिम दो समुद्घात अतीतकाल में नहीं की और अनागतकाल में नहीं करेंगे।

(८) अल्पबहुत्वद्वार—१. सब से थोड़े आहारकसमुद्घात करने वाले, २. केवलीसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ३. तैजससमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ४. वैक्रियसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ५. मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले अनन्तगुणा, ६. कषायसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ७. वेदनीयसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ८. समुद्घात नहीं करने वाले असंख्यातगुणा।

नैरयिकों में—१. सब से थोड़े मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले, २. वैक्रियसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ३. कषायसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ४. वेदनीयसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ५. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

होते हैं कि छद्मस्थ मनुष्य अपनी चक्षुरिन्द्रिय से उन निर्जरापुद्गलों के वर्ण को, घ्राणेन्द्रिय से उनकी गन्ध को, रसनेन्द्रिय से उनके रस को और स्पर्शनेन्द्रिय से उनके स्पर्श को थोड़ा सा भी, सामान्य विशेष रूप से नहीं जान सकता है। इसे शास्त्रकार दृष्टान्त द्वारा इस तरह समझाते हैं। यह जम्बूद्वीप सभी द्वीप, समुद्रों के बीच रहा हुआ है, सभी द्वीप, समुद्रों से छोटा है, गोलाकार है तेल में तले हुए पूए के आकार का है तथा कमल की कर्णिका तथा पूर्णिमा के चन्द्र जैसा वृत्ताकार है। यह जम्बूद्वीप एक लाख योजन लम्बा–चौड़ा है और इसकी परिधि ३१६२२७ योजन, तीन कोश, एक सौ अट्ठाईस धनुष और साढ़े तेरह अंगुल से कुछ अधिक (झाझेरी) है। कोई महाऋद्धिशाली यावत् शीघ्रगति वाला देव सुगन्धित द्रव्यों से पूर्ण, चारों ओर से लेप किये हुए एक डिब्बे को लेकर, उसे खोल कर, एक चिमटी बजावे, उतने समय में इस जम्बूद्वीप की इक्कीस बार परिक्रमा करके आता है। निश्चय ही सारा जम्बूद्वीप उक्त डिब्बे के सुगन्धित द्रव्यों की सुगन्ध के पुद्गलों से व्याप्त होता है पर छद्मस्थ मनुष्य उन सुगन्ध के पुद्गलों के वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श को नहीं जान सकता। सुगन्ध के पुद्गल आठ स्पर्श वाले बादरपुद्गल हैं। जब छद्मस्थ मनुष्य इन्हें भी नहीं जान सकता, फिर केवलीसमुद्घात के चरमसमय के निर्जरापुद्गल चार स्पर्श वाले होने से और अधिक सूक्ष्म होने से, उन्हें छद्मस्थ मनुष्य कैसे जान सकता है, अर्थात् नहीं जान सकता।

केवलीसमुद्घात का कारण—केवली भगवान् के वेदनीय, आयु, नाम और गोत्र—ये चार अघातीकर्म होते हैं। जिन्हें उनकी निर्जरा करना है। जब आयुकर्म के प्रदेश सब से थोड़े होते हैं और शेष तीन कर्मों के प्रदेश अधिक होते हैं, तब बन्धन और स्थिति की अपेक्षा से विषम कर्म को सम करना होता है और इसीलिये केवली

तेरह दण्डक के देवों में—१. सब से थोड़े तैजससमुद्घात करने वाले, २. मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ३. वेदनीयसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ४. कषायसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ५. वैक्रियसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ६. समुद्घात नहीं करने वाले असंख्यातगुणा।

चार स्थावर में—१. सब से थोड़े मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले, २. कषायसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ३. वेदनीयसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ४. समुद्घात नहीं करने वाले असंख्यातगुणा।

वायुकाय में—१. सबसे थोड़े वैक्रियसमुद्घात करने वाले २. मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ३. कषायसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ४. वेदनीयसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ५. समुद्घात नहीं करने वाले असंख्यातगुणा।

तीन विकलेन्द्रिय में—१. सबसे थोड़े मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले, २. वेदनीयसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ३. कषायसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ४. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

तिर्यंचपंचेन्द्रिय में—१. सबसे थोड़े तैजससमुद्घात करने वाले, २. वैक्रियसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ३. मारणान्तिकसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ४. वेदनीयसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ५. कषायसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ६. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

मनुष्य में—१. सबसे थोड़े आहारकसमुद्घात करने वाले, २. केवलीसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ३. तैजससमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ४. वैक्रियसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ५. मारणान्तिसमुद्घात करने वाले असंख्यागुणा, ६. वेदनीयसमुद्घात

भगवान्× केवलीसमुद्घात करते हैं। क्या सभी केवलीभगवान् केवलीसमुद्घात करते हैं ? नहीं, जिनके वेदनीय, नाम और गोत्र कर्म बन्धन और स्थिति की अपेक्षा आयुकर्म के समान होते हैं, वे केवलीसमुद्घात नहीं करते। इस तरह केवलीसमुद्घात किये बिना अनन्त केवली सिद्धिगति को प्राप्त हुए हैं।

आवर्जीकरण किसे कहते हैं और क्या सभी केवलीभगवान् आवर्जीकरण करते हैं ? उत्तर—आवर्जीकरण का अर्थ अभिमुख करना है अर्थात् आत्मा को मोक्ष की ओर अभिमुख करना आवर्जीकरण है। अथवा जिस मन, वचन, काया के शुभ व्यापार से मोक्ष अभिमुख किया जाता है, उसे आवर्जीकरण कहते हैं। अथवा मोक्ष की ओर अभिमुख हुई आत्मा का कारण यानी शुभ योगों का व्यापार आवर्जीकरण है। सभी केवलीभगवान् आवर्जीकरण अवश्य करते हैं, इसलिये आवर्जीकरण का दूसरा नाम आवश्यककरण भी है। जो केवलीभगवान् केवलीसमुद्घात करते हैं वे पहले आवर्जीकरण करते हैं और उसके बाद केवलीसमुद्घात करते हैं। आवर्जीकरण का काल असंख्यात समय प्रमाण अन्तर्मुहूर्त का है।

केवलीसमुद्घात में आठ समय लगते हैं। पहले समय में केवलीभगवान् ऊपर और नीचे लोक पर्यन्त चौड़ाई में अपने शरीरप्रमाण दण्ड करते हैं। दूसरे समय में कपाट, तीसरे समय में मन्थान करते हैं और चौथे समय में सारा लोक भर देते हैं। पांचवें समय में लोक का संहरण करते है, छठे समय में मन्थान का, सातवें

× किसी भावितात्मा अनगार के छह माह की आयु शेष रहने पर केवलज्ञान उत्पन्न होता है और किसी केवलीभगवान् के आयुकर्म की स्थिति थोड़ी होती है और शेष तीन—वेदनीय, नाम, गोत्र कर्मों की स्थिति अधिक होती है, उस विषम स्थिति को आयुकर्म की स्थिति के बराबर करने के लिये केवलीभगवान् केवलीसमुद्घात करते हैं। थोकड़ों के जानकर इस तरह कहते हैं।

करने वाले असंख्यातगुणा, ७. कषायसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ८. समुद्घात नहीं करने वाले असंख्यातगुणा।

१५. कषायसमुद्घात का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, ३६ वां पद)

आठ द्वारों द्वारा कषायसमुद्घात का इस थोकड़े में वर्णन है। आठ द्वार—१. नामद्वार, २. कालद्वार, ३. प्राप्तिद्वार, ४. एक जीव की अपेक्षा अतीत और अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात, ५. बहुत जीव की अपेक्षा अतीत और अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात, ६. एक जीव में परस्पर पाई जाने वाली अतीत अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात, ७. बहुत जीवों में परस्पर पाई जाने वाली अतीत अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात, ८. अल्पबहुत्वद्वार।

(१) नामद्वार—कषायसमुद्घात के चार भेद होते हैं। उनके नाम—क्रोधसमुद्घात, मानसमुद्घात, मायासमुद्घात और लोभसमुद्घात ।

(२) कालद्वार—चारों कषायसमुद्घात का काल जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का है।

(३) प्राप्तिद्वार—समुच्चय जीव और चौबीस दण्डक में प्रत्येक चारों कषायसमुद्घात पाई जाती हैं।

(४) एक जीव की अपेक्षा अतीत और अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात—एक—एक नैरयिक ने चारों कषायसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेगा। नैरयिक की तरह शेष २३ दण्डक कह देना।

समय में कपाट का और आठवें समय में दण्ड का संहरण कर केवलीभगवान् शरीरस्थ हो जाते हैं।

केवलीभगवान् के वेदनीय, नाम, गोत्र और आयु इन चार कर्मों की ८५ प्रकृतियां सत्ता में रहती हैं। नामकर्म की ८० प्रकृतियां—शुभनामकर्म की ४१ और अशुभनामकर्म की ३९, वेदनीय की दो—सातावेदनीय और असातावेदनीय, गोत्रकर्म की दो—उच्चगोत्र और नीचगोत्र और आयु की एक—मनुष्यायु।

पहले समय में केवलीभगवान् अशुभकर्म की ३९ प्रकृतियां, असातावेदनीय और नीचगोत्र इन ४१ प्रकृतियों की स्थिति के असंख्यात खण्ड करते हैं और अनुभाग के अनन्त खण्ड करते हैं और स्थिति और अनुभाग का एक–एक खण्ड बाकी रख कर शेष सभी खण्डों का क्षय करते हैं। दूसरे समय में केवलीभगवान् शुभनामकर्म की ४१, सातावेदनीय और उच्चगोत्र, इन ४३ प्रकृतियों की स्थिति के असंख्यात खण्ड करते हैं और अनुभाग के अनन्त खण्ड करते हैं। स्थिति का खंड स्थिति में और अनुभाग का खण्ड अनुभाग में मिलाते हैं और एक खण्ड स्थिति का और एक खण्ड अनुभाग का शेष रख कर बाकी सभी खण्ड दूसरे समय में क्षय करते हैं। तीसरे समय में स्थिति के एक खण्ड के असंख्यात खण्ड करते हैं और अनुभाग के एक खण्ड के अनन्त खण्ड करते हैं और स्थिति और अनुभाग का एक, एक खण्ड शेष रख कर बाकी सभी खण्ड तीसरे समय में क्षय कर देते हैं। इसी तरह चौथा समय और पांचवां समय कहना। छठे समय में केवलीभगवान् स्थिति के एक खण्ड के असंख्यात खण्ड करते हैं और अनुभाग के एक खण्ड के भी असंख्यात खण्ड करते हैं। ये असंख्यात खण्ड उतने होते हैं जितने केवलीभगवान् की आयु के समय बाकी होते हैं। छठे समय में एक खण्ड स्थिति का, एक खण्ड अनुभाग का और एक समय

(५) बहुत जीव की अपेक्षा अतीत और अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात—बहुत नैरयिक ने चारों कषायसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे। नैरयिक की तरह शेष २३ दण्डक कह देना।

(६) एक जीव में परस्पर पाई जाने वाली अतीत अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात—एक—एक नैरयिक ने नैरयिक रूप में क्रोधसमुद्घात, मानसमुद्घात, मायासमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की, अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेगा। इसी तरह तेईस दण्डक कहना। एक एक नैरयिक ने नैरयिक रूप में और औदारिक के दस दण्डक रूप में लोभसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेगा। एक एक नैरयिक ने तेरह दण्डक देवता रूप में लोभसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह भवनपति व्यन्तर रूप में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात, कदाचित् अनन्त करेगा और ज्योतिषी वैमानिक रूप में कदाचित् असंख्यात, कदाचित् अनन्त करेगा।

एक— एक तेईस दण्डक के जीव ने चौबीस ही दण्डक रूप में स्वस्थान, परस्थान में क्रोधसमुद्घात, मानसमुद्घात, मायासमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की तथा अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेगा, किन्तु नैरयिक रूप में क्रोधसमुद्घात अनागतकाल में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात और कदाचित् अनन्त करेगा।

आयु का क्षय करते हैं। इसी तरह सातवें समय में, आठवें समय में यावत् मुक्त हों, तब तक एक खण्ड स्थिति का, एक खण्ड अनुभाग का और एक समय आयु का क्षय करते रहते हैं।

केवलीसमुद्घात में केवलीभगवान् के मनयोग और वचनयोग का व्यापार नहीं होता, केवल काययोग की प्रवृत्ति होती है। काययोग में भी औदारिक, औदारिकमिश्र और कार्मणकाययोग, इन तीन की प्रवृत्ति होती है, शेष चार काययोग की प्रवृत्ति नहीं होती। पहले, आठवें समय में औदारिककाययोग प्रवर्तता है, दूसरे, छठे, सातवें समय में औदारिकमिश्रकाय योग प्रवर्तता है और तीसरे, चौथे व पांचवें समय में कार्मणकाययोग प्रवर्तता है।

केवलीभगवान् केवलीसमुद्घात करते हुए सिद्ध, बुद्ध, मुक्त नहीं होते, निर्वाण को प्राप्त नहीं होते यावत् सभी दुःखों का अन्त नहीं करते। किन्तु वे केवलीसमुद्घात से निवृत्त होते हैं और निवृत्त होकर मनयोग, वचनयोग और काययोग प्रवर्ताते हैं। मनयोग में सत्यमनयोग और व्यवहारमनयोग प्रवर्ताते हैं। वचनयोग में सत्यवचनयोग और व्यवहारवचनयोग प्रवर्ताते हैं। काययोग प्रवर्ताते हुए आते-जाते हैं, उठते-बैठते हैं, सोते हैं यावत् प्रतिहारी (पडिहारी) वापिस लौटाने योग्य पाट, पाटले, शय्या, संस्तारक को वापिस लौटाते हैं।

क्या केवली भगवान् सयोगी यानी योगसहित मोक्ष जाते हैं? नहीं, केवलीभगवान् सयोगी मोक्ष नहीं जाते। वे पहले जघन्य योग वाले पर्याप्त संज्ञी पंचेन्द्रिय के मनोयोग से असंख्यातगुणहीन मनोयोग का प्रतिसमय निरोध करते हुए असंख्यात समयों में सम्पूर्ण मनोयोग का निरोध करते हैं। इसके बाद जघन्य योग वाले पर्याप्त द्वीन्द्रिय के वचनयोग से असंख्यातगुणहीन वचनयोग का प्रतिसमय निरोध करते हुए असंख्यात समयों में सम्पूर्ण वचनयोग का निरोध

एक एक तेईस दण्डक के जीव ने औदारिक के दस दण्डक रूप में स्वस्थान परस्थान में लोभसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेगा। एक एक तेईस दण्डक के जीव ने तेरह दण्डक देव रूप में लोभसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में कोई करेगा, कोई नहीं करेगा, जो करेगा वह स्वस्थान में जघन्य एक दो तीन, उत्कृष्ट संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेगा तथा परस्थान में भवनपति व्यन्तर रूप में कदाचित् संख्यात, कदाचित् असंख्यात, कदाचित् अनन्त करेगा और ज्योतिषी वैमानिक रूप में कदाचित् असंख्यात, कदाचित् अनन्त करेगा।

(७) बहुत जीवों में परस्पर पाई जाने वाली अतीत अनागत काल की चारों कषायसमुद्घात—बहुत चौबीस दण्डक के जीवों ने चौबीस दण्डक रूप में चारों कषायसमुद्घात अतीतकाल में अनन्त की और अनागतकाल में अनन्त करेंगे।

(८) अल्पबहुत्वद्वार—समुच्चय जीव में—१. सबसे थोड़े अकषायसमुद्घात यानी कषाय से भिन्न समुद्घात करने वाले, २. मानसमुद्घात करने वाले अनन्तगुणा, ३. क्रोधसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ४. मायासमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ५. लोभसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ६. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

नैरयिक में—१. सबसे थोड़े लोभसमुद्घात करने वाले, २. मायासमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ३. मानसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ४. क्रोधसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ५. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

तेरह दण्डक देवता में—१. सबसे थोड़े क्रोधसमुद्घात

करते हैं। वचनयोग का निरोध करने के बाद प्रथम समय में उत्पन्न जघन्य योग वाले अपर्याप्त सूक्ष्म पनक जीव (निगोद जीव) के काययोग से असंख्यातगुणहीन काययोग का प्रतिसमय निरोध करते हुए असंख्यात समयों में सम्पूर्ण रीति से काययोग का निरोध करते हैं। इस प्रकार योगों का निरोध करके अयोगी होते हैं—अयोगी अवस्था को प्राप्त होकर पांच ह्रस्व अक्षर उच्चारण करने में जितने समय लगते हैं, उतने असंख्यात समय प्रमाण अन्तर्मुहूर्त काल की शैलेशी—अवस्था को प्राप्त करते हैं एवं वेदनीय आदि कर्म भोगने हेतु पूर्वरचित गुणश्रेणी को अंगीकार करते हैं। शैलेशी—अवस्था में गुणश्रेणियों से प्राप्त तीनों कर्मों के असंख्यात कर्मस्कन्धों के प्रदेश और विपाक से निर्जरा कर चरम समय में चारों कर्मांशों को एक साथ क्षय करते हैं और औदारिक, तैजस और कार्मण शरीर का सर्वथा त्याग करते हैं। यहां जितने आकाशप्रदेशों को अवगाह कर रहे हुए हैं, उतने ही आकाशप्रदेशों को ऊपर ऋजुश्रेणी से अवगाहते हुए अस्पृश्यमान गति से (दूसरे समय और प्रदेश का स्पर्श न करते हुए) एक समय की अविग्रहगति से ऊपर सिद्धगति में जाकर साकार—उपयोग से उपयुक्त सिद्ध, बुद्ध, मुक्त होते हैं। जैसे अग्नि से जले हुए बीजों से पुनः अंकुर उत्पन्न नहीं होते, उसी प्रकार कर्मबीज के जल जाने से सिद्ध पुनः जन्म ग्रहण नहीं करते। सिद्धिगति में ये सिद्धभगवान् सदा के लिये अशरीरी, जीवघन (घनीभूत जीवप्रदेश वाले), दर्शन ज्ञान से उपयुक्त, कृतकृत्य, नीरज, निष्कम्प, वितिमिर (कर्म रूप अन्धकार से रहित) और विशुद्ध बने रहते हैं। सभी दुःखों से निस्तीर्ण, जन्म, जरा और मरण के बन्धन से मुक्त, ये सिद्ध शाश्वत, अव्याबाध सुख से सदैव सुखी रहते हैं।

करने वाले, २. मानसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ३. मायासमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ४. लोभसमुद्घात करने वाले संख्यातगुणा, ५. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय और तिर्यंचपंचेन्द्रिय (नौ दण्डक) में–१. सबसे थोड़े मानसमुद्घात करने वाले, २. क्रोधसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ३. मायासमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ४. लोभसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ५. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

मनुष्य में–१. सबसे थोड़े अकषायसमुद्घात करने वाले, २. मानसमुद्घात करने वाले असंख्यातगुणा, ३. क्रोधसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ४. मायासमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ५. लोभसमुद्घात करने वाले विशेषाधिक, ६. समुद्घात नहीं करने वाले संख्यातगुणा।

१६. छद्मस्थसमुद्घात का थोकड़ा

